4 रायपुर संभाग
नगर निगम जोन 8 ने कोटा साईंनाथ कॉलोनी में विभिन्न स्थानों से हटाया...

6 अभिमत
प्रचार के बाद अब संवाद जरूरी

09 विविध
निधि छिब्बर ने की आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की...

11 छत्तीसगढ़
केन्द्रीय टीम ने वनांचल नगरी में जल संरक्षण और विकास...



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 14 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-292 मूल्य 3.00 ₹








## क्विक न्यूज

### बारामूला में सड़क दुर्घटना में 3 की मौत, 20 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में गुरुवार को एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 3 लोगों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोपोर जा रही बस पजलपोरा-रफियाबाद रोड पर चालक के नियंत्रण खो देने के कारण पलट गयी, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और 21 अन्य घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए बारामूला के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां बाद में उनमें से एक की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जिससे मृतकों की संख्या तीन हो गयी।

### विकास, सुशासन के नए मानदंड स्थापित करेगा अरुणाचल : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में नवगठित सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर पेमा खांडू को शुभकामनाएं दी हैं। योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए विश्वास जताया है कि अरुणाचल प्रदेश में नई सरकार समृद्धि, विकास, सुशासन और जन कल्याण के नये मानदंड स्थापित करेगी। उन्होने अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन को पदग्रहण करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में दोनों नेताओं का कार्यकाल सफल होगा।

### पीओके में चीनी परियोजनाओं का दृढ़ता से विरोध करेगा भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने चीन-पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में अनुचित रूप से परियोजनाओं की घोषणा किए जाने पर आज गहरी आपत्ति व्यक्त की और चेतावनी दी कि भारत के अविभाज्य हिस्से में किसी भी अनुचित गतिविधि का दृढ़ता से विरोध किया जाएगा। चीन-पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को लेकर अनुचित संदर्भ पर मीडिया के सवालों के जवाब में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने चीन और पाकिस्तान के बीच 07 जून के संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के अनुचित संदर्भों को नोट किया है।

# ग्रेस मार्क्स विवादित : 1563 विद्यार्थियों के स्कोर कार्ड रद्द, 23 जून को पुनः परीक्षा का विकल्प

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधी केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार यह अनुमति थी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए 'क्षतिपूर्ति अंक' काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इस प्रकार से नई रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे।



न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि नामांकन से संबंधित काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए इस तरह की पुनः परीक्षा के लिए आज ही यानी 13 जून को ही अधिसूचित कर दी जाएगी। पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। परिणाम के बाद काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि 1563 विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने का निर्णय एक समिति की सिफारिश के आधार पर लिया गया है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही 1563 अभ्यर्थियों को क्षतिपूर्ति अंक देने पर सवाल उठाने वाली अलख पांडे की याचिका का निपटारा कर दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा में नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी। हालांकि,अवकाशकालीन पीठ ने 5 मई को आयोजित नीट में कदाचार के कारण पुनः परीक्षा की मांग करने वाली अन्य याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया।

# सीएम साय की दो टूक : किसानों को समय पर मिले गुणवत्तायुक्त खाद-बीज भण्डारण और वितरण की स्थिति पर रखें सतत निगरानी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में विकास की गति को तेज करने विभागवार समीक्षा बैठकों का सिलसिला शुरू किया। बैठकों की शुरूआत अन्नदाताओं से जुड़े कृषि और उद्यानिकी विभाग की समीक्षा से हुई। बैठक में कृषि विकास, किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लंबे समय तक खेती-किसानी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने जमीनी स्तर पर खेती-किसानी का कार्य किया है और इससे अपने परिवार का भरण-पोषण भी किया है। खेती-किसानी में उनके वृहद अनुभव की झलक समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों में स्पष्ट रूप से सामने आयी। अपने खेती-किसानी के अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि एक बार पहले जब उन्होंने डीएपी खाद की मांग की थी, तब




उन्हें दूसरी खाद मिली, खाद के बोरे में डीएपी की मार्किंग थी, लेकिन बोरे में दूसरी खाद थी, हमारे किसान भाईयों के साथ यह न हो, यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खेती-किसानी की बेहतरी को लेकर है। अतः किसानों को खेती-किसानी में सहुलियतें प्रदान करने के लिए खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। भण्डारण और वितरण की स्थिति की लगातार निगरानी की जाए। किसानों को खाद-बीज के वितरण के समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद और बीज मिले। मुख्यमंत्री साय ने किसानों की ज्यादा आमदनी के लिए प्रदेश में सुगंधित और महीन धान की किस्मों को ढूंढ कर इनके उत्पादन के लिए पूरे प्रदेश के किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुगंधित धान की लगभग 200 किस्में हैं। इनकी बाजार में अच्छी मांग है। इन किस्मों का विदेशों में निर्यात भी किया जा सकेगा। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि जशपुर जिले में आम, लीची, कटहल का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। चाय का उत्पादन भी प्रारंभ हुआ है। इनके प्रसंस्करण इकाई की स्थापना भी की जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खरीफ का सीजन आ गया है। मानसून भी इस वर्ष पहले आने की संभावना है। मानसून आते ही खेती-किसानी का कार्य तेज गति से शुरू हो जाएगा। अधिकारी खरीफ मौसम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें।

## वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे : मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली रवाना होने से पहले कहा कि उन्हें इस सम्मेलन में उन मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर, मैं 14 जून को जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया क्षेत्र की यात्रा कर रहा हूं। मुझे खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल में मेरी पहली यात्रा जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की है। उन्होंने कहा, मैं 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी इटली यात्रा को गर्मजोशी से याद करता हूं। पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की



भारत की दो यात्राएं हमारे द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने में सहायक सिद्ध हुई हैं। हम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भारत-प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने कहा, आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन और आगामी जी7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और उन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर होगा जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## फांसी के फंदे पर झूली मां-बेटी, आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट की स्टोरी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक घर में मां-बेटी की फांसी के फंदे से लटकी हुई लाश मिली है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर में जुट गई है। पुलिस को शवों के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मां-बेटी की आत्महत्या के पीछे की वजह भाई की मौत बताई जा रही है। करीब एक साल पहले मृतका के भाई ने पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के सदमे से परिवार उबर भी नहीं पाया था कि मां-बेटी ने घर में ही आत्महत्या कर ली। मृतिका ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी भी पोस्ट की थी यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थानांतर्गत आने वाले शिव चौक के एक घर में मां और बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। मृतिका महिला खुशबू शर्मा उम्र 38 साल और बेटी अंतरा शर्मा की उम्र 13 साल है। बताया जा रहा है कि मृतिका तलाकशुदा थी वह अपनी मां के साथ धमतरी में रह रही थी। खुशबू का एक भाई था आकाश मिश्रा उर्फ सन्नी मिश्रा 28 वर्ष जिसने पिछले साल 2023 को सितंबर महीने में किसी कारणवश कोटाभर्री के जंगल में पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी, सन्नी घर में इकलौता कमाने वाला था जिसकी वजह से घर वालों का भरण-पोषण होता है सन्नी की मौत से पूरा परिवार सदमे में था।

**तू आएगा ही नहीं, तो तुझे बुलाऊं कैसे ? तू समझना ही नहीं चाहता तो...**

बुधवार- गुरुवार के दरमियान रात खुशबू शर्मा ने आत्महत्या करने से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो स्टोरी पोस्ट की, पहली स्टोरी में उसने लिखा था यहां कुछ भी ठीक नहीं है अंत में सिर्फ अंतिम संस्कार होता है दूसरी स्टोरी में लिखा था तू आएगा ही नहीं तो तुझे बुलाऊं कैसे तू समझना ही नहीं चाहता तो तुझे समझाऊं कैसे ये दो स्टोरी पोस्ट होने के बाद सुबह मां और बेटी की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली। इस आत्महत्या कांड के बाद अब घर में केवल मृतिका खुशबू की मां ही बची है बताया जा रहा है कि भाई की मौत से मृतिका काफी डिप्रेशन में थी और इसकी वजह से ही उसने आत्मघाती कदम उठाया फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर जांच कर रही है।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने मंत्रालय का पद भार सम्हालने के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 (विकसित भारत ) पर काम करना शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने मैराथन बैठक, सारी योजनाओं की समीक्षा एवं अधिकारियों से मुलाकात की। बैठकों के दौरान मंत्री तोखन ने विशेषकर छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही भारत सरकार की योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटीज मिशन, अमृत मिशन, पीएम ई-बस सेवा और पीएम स्वानिधि योजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रधान मंत्री के 100 दिन के एजेंडा को धरातल पे उतरने के लिए प्रोत्साहित किया। बिलासपुर की जनता के लिए पीएम ई-बस सेवा को जल्द से जल्द लागू करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं साथ ही बिलासपुर की जनता के लिए हर घर नल योजना को जल्द से जल्द लागू करने को कहा गया है।

**मुख्यमंत्री निवास में नए विधानसभा भवन के निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक हुई आयोजित**

# छत्तीसगढ़ का नवीन विधानसभा भवन पूरे देश में एक आदर्श विधानसभा होगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सभापतित्व में नवीन विधान सभा निर्माण संबंधी समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में नवा रायपुर में निमार्णाधीन नवीन विधानसभा भवन पर हुई चर्चा के दौरान मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि नवीन विधान सभा का वर्क आर्डर अगस्त, 2022 को दिया गया था, कार्य पूर्ण होने की अवधि 24 माह 31 अगस्त तक निर्धारित किया गया है। जिसमें लगभग 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और जून 2025 तक विधानसभा परिसर का कार्य पूर्ण होने की संभावना है । विधानसभा भवन की वर्तमान स्थिति और कार्य की गति को लेकर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी,



जिसमें बताया गया कि छत्तीसगढ़ का नवीन विधानसभा भवन पूरे देश में अपने तरह की एक आदर्श विधानसभा होगी। इस परिसर में पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर पूरे परिसर को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही वर्षा जल का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, संपूर्ण भवन के प्रत्येक कार्य में निर्माण सामग्री सहित, उपयोग में आने वाली समस्त सामग्रियों में उच्च गुणवत्तायुक्त नवीन उत्पाद व टेक्नोलॉजी का समावेश व समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए ऐसा भवन विकसित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जो आने वाले 100 वर्षों की जरूरत की पूर्ति करने में सक्षम हो । इसके उपरांत विधायक विश्राम गृह को लेकर समीक्षा की गई जिसमें बताया गया कि नवा रायपुर सेक्टर 25 ग्राम राखी में विधायक विश्राम गृह निर्माण हेतु 44.67 एकड़ भूमि को 13 अगस्त 2020 को लोक निर्माण विभाग को आवंटित किया गया है। विधायक विश्राम गृह के निर्माण समेत उनकी सुविधाओं को लेकर भी इस बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिसके बाद विधान सभा के अधिकारियों/कर्मचारियों के आवास निर्माण के संबंध में चर्चा हुई। जिसमें मुख्य अभियंता द्वारा विधानसभा में 13 फरवरी 2024 की बैठक में बताया गया था कि विधान सभा के अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए 200 नग शासकीय आवासों के निर्माण कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट में अनुमानित लागत 45 करोड़ का प्रावधान है । इस पूरी समीक्षा बैठक के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में प्रति माह बैठक किए जाने हेतु भी निर्देश दिए हैं। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, संसदीय कार्य मंत्री और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन एवं विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा समेत लोक निर्माण विभाग तथा आवास एवं पर्यावरण विभाग और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खांडू ने तीसरी बार अरुणाचल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



वार्ता ◄ ईटानगर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पेमा खांडू ने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने यहां डीके स्टेट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में खांडू को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी मौजूद रहे। इसके साथ ही भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद , तरुण चुग, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और अरुणाचल के सांसद तापिर गाओ और नबाम रेबिया भी उपस्थित रहे। खांडू के साथ 11 अन्य विधायकों ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। चौखाम सीट से लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए मीन ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बियुराम वाहगे, न्यातो दुकम, गेब्रियल डेनवांग वांगसू, वांगकी लोवांग, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पासंग दोरजी सोना, मामा नटुंग, दासंगलू पुल, बालो राजा, केंटो जिनी और ओजिंग तासिंग शामिल हैं।

### डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव बने रहेंगे



**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है और डॉ पी. के. मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारियों अमित खरे और तरूण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने आज बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी। दोनों अधिकारियों को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है।

# हार के बाद पहुंचे ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस भवन में जताया आभार और की परिणामों की समीक्षा




**पायनियर संवाददाता ⟨ महासमुंद**
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के परिणाम के पश्चात महासमुंद छाया सांसद व पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ताम्रध्वज साहू ने अपने चुनाव क्षेत्र के कार्यकताओं का आभार प्रदर्शन करने महासमुंद के राजीव कांग्रेस भवन में आज उनका आगमन हुआ जिसमें कांग्रेस के समस्त कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं ने चुनाव के परिणाम के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें विनोद सेवनलाल चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, कुलेश्वर ठाकुर, सती साहू,मनोज कांत साहू, मंदाकिनी साहू ने चुनाव संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं के समक्ष अपनी बातें रखी और अंतिम वक्त के रूप में छाया सांसद ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा की हार जीत सिक्का का दो पहलू है। व्यक्ति कभी सौ प्रतिशत मेहनत करके भी सफलता रूपी फल की प्राप्ति नहीं कर पाता लेकिन मेहनत करने वाले को निराश नहीं होनी चाहिए क्योंकि मेहनत का फल कभी न कभी मिलता है मेहनत करना व्यक्ति को नहीं छोड़ना चाहिए और व्यक्ति को असफलता से सीखना चाहिए उसे निराश नहीं होना चाहिए जिस मेहनत से सभी साथियों ने लोकसभा चुनाव कार्य किया है उसके लिए सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारा संबंध राजनीति का संबंध नहीं है हम सभी एक परिवार की तरह चुनाव लड़े इससे हम सभी एक परिवार बन गए हैं और हम सभी एक दूसरे के दुख सुख में परस्पर भाग लेंगे और साथ देंगे। आभार प्रदर्शन के उक्त कार्यक्रम में सर्व प्रथम ताम्रध्वज साहू जी, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन सती साहू, संजय शर्मा, प्रमोद चंद्राकर, मनोज कांत साहू, प्रकाश राव सकरकर, सोमेश दवे, सुनील शर्मा, प्रवीण चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, रमेश साहू जी, लता कैलाश चंद्राकर, मंदाकिनी साहू, लक्ष्मी सोनी, श्वेता गुप्ता, माया पांडे, सोनम रामटेके, भूमिका ध्रुव, आरती महंती, अनवर हुसैन, कुलेश्वर ठाकुर, हुलाश गिरी गोस्वामी, गोविंद राम साहू, द्रोण चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, प्रहलाद ध्रुव, शकील खान, सुनील चंद्राकर, लखन चंद्राकर, मोती साहू, राजू साहू तुलसी साहू, कपिल साहू, मनोहर ठाकुर, जाकिर रजा, जीवन यादव, बसंत चंद्राकर, देवेश शर्मा, रमन सिंह, सुरेंद ठाकुर, सन्नी महानंद, निखिल चंद्राकर, निर्मल जैन, टोमन सिंग कागजी, दिलीप चंद्राकर, बदल बघेल, सालिक राम पाटले, बिहारी पटेल, देवेश शर्मा संतोष धीवर, थान सिंग, तुलसी देवदास, कार्यक्रम का संचालन किया एवं आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया।

# तिल्दा नेवरा में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट रीपर टीम ने मारी बाजी !




**पायनियर संवाददाता ⟨ तिल्दा नेवरा**
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला के तिल्दा नेवरा में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में ब्लेक रीपर टीम ने प्रथम पोजीशन हासिल किया । विगत 27 मई से शुभारंभ क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन 11 जून? को हुआ। इस टूनार्मेंट में ब्लेक रीपर टीम ने बाजी मारी । वहीं दुसरा पोजीशन में सार्थक 11 ने जीत हासिल किया ,इसी तरह एम जी स्टार ने तीसरा पोजीशन बनाया वही चौथा पोजीशन में तिल्दा टाइटन्स ने जगह बनाया । इस टूनार्मेंट के फाइनल मैच पर हेमंत वर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया,वहीं पंकज यादव के बेस्ट बल्लेबाज, युवराज को बेस्ट बालर एवं एम जे टीम के कौशल वर्मा को मैन आंफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। आयोजित टूनार्मेंट में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए विकास मित्र मंडल तिल्दा नेवरा के संस्थापक व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के द्वारा विजेता टीम ,को दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार पैंतालीस हजार रुपए घनश्याम अग्रवाल के द्वारा प्रदान किया गया इसी तरह तृतीय पुरस्कार पंद्रह हजार रुपए जयेश पैकरा , चतुर्थ पुरस्कार सात हजार रुपए पांच सौ रूपये भवेन्द्र गुरु के द्वारा प्रदान किया गया। इस टूनार्मेंट का आयोजन विकास मित्र मंडल एवं एम जी इवेट्स से जितू दूबे व उनकी टीम के तत्वावधान में किया गया।

# बलौदाबाजार आगजनी घटना की निंदा अभिभाषक संघ कसडोल ने भी किया, ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग



**पायनियर संवाददाता ⟨ लवन**
www.dailypioneer.com

विगत दिनों 10 जून को बलौदाबाजार मुख्यालय कलेक्टोरेट में हुई आगजनी, तोड़फोड़ एवं हिंसा की घटना से आमजनमानस से लेकर जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी कर्मचारी चिंतित है।वहीं घटना को लेकर अभिभाषक(अधिवक्ता)संघ कसडोल में भी रोष व्याप्त है।अभिभाषक संघ कसडोल ने 12 जून को प्रस्ताव पारित कर घटना की निंदा करते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग छत्तीसगढ़ शासन से किये हैं।अभिभाषक संघ कसडोल ने छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर एस डी एम कसडोल को ज्ञापन सौंपा गया है।इस अवसर पर अभिभाषक संघ कसडोल अध्यक्ष बलराम साहू,सरंक्षक भास्कर साहू, उपाध्यक्ष देवचरण पटेल, सचिव उदित निषाद,अन्य अधिवक्ताओ में लक्ष्मण कोसले, एम के नायक, ओ पी खरे, सुशील साहू, प्रमोद पटेल, संतराम साहू, मोहन महेंद्र, किशोर साहू, विनोद बंजारे, राकेश कैवर्त,भारत कश्यप, दामोदर वैष्णव,कांशी कैवर्त, विजय साहू, भारती कन्नौजे सहित तमाम अधिवक्ताओ की उपस्थिति रहा।

# डॉ. भूपेन्द्र गिलहरे शिकसा शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**पायनियर संवाददाता ⟨ लवन**
www.dailypioneer.com



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित शिकसा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में बलौदाबाज़ार नगर के पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ व्याख्याता डॉ भूपेन्द्र गिलहरे को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए ÷ शिकसा शिक्षक सम्मान ÷ से छ ग राज्य के उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय बघेल सांसद दुर्ग के करकमलों सम्मानित किया गया। डॉ भूपेन्द्र गिलहरे को इस उपलब्धि के लिए अकादमी के संस्थापक व संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन, कौशलेंद्र पटेल प्रदेश अध्यक्ष, बोधी राम साहू महासचिव, महेत्तर देवांगन कोषाध्यक्ष, प्रकाश ठाकुर, महेश शर्मा, श्री टी एन बंजारे, धनेश्वरी बंजारे, बैसाखी गिलहरे, सी एल बंजारे, सुशीला गिलहरे, एड प्रवीण इंदू गिलहरे, दीपक दीप्ती गिलहरे, इंजी शशिभूषण, डा योगिता, इंजी भावेश, सुकचंद त्रिवेणी जांगड़े, राजेन्द्र प्रमिला चतुवेदी,आर डी निराला, संतोष बघेल, जशनारायण गायकवाड़, महेश ढीढी, डा राज बंजारे, पी के घृतलहरे, डा आर एस जोशी, विनोद चेलक, पी एल टंडन, लक्ष्मीकांत गायकवाड़, बलराम डहरिया, अनिल चेलक, श्याम नारंग, एस एन गेडरे, ईश्वरी गेडरे, प्रमोद कुर्रे, बी एल कुर्रे, दुजराम चतुवेदी, दरसू बघेल, एच एस जोशी, प्रहलाद जांगड़े आनंद कुर्रे, धर्मेन्द्र घृतलहरे, फुलसिंग भारती सहित अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश दिए हैं।

# एकलव्य अतिथि शिक्षकों ने सांसद महेश कश्यप से किया मुलाकात

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com



एकलव्य अतिथि शिक्षक संघ के शिक्षकों ने 12 जून को पहली बार कोंडागांव पहुंचे सांसद महेश कश्यप से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने महेश कश्यप के समक्ष अचानक बेरोजगार हो जाने की समस्या से संबंधित चर्चा किया। इस संबंध में सांसद को ज्ञापन भी सौंपा गया है। दरअसल एकलव्य विद्यालय में सभी पदों के लिए केंद्र सरकार के माध्यम से नियमित पदों पर भर्तियां हो चुकी हैं, जिसके चलते वर्तमान में कार्यरत सभी अतिथि शिक्षक व अन्य कर्मचारी एका एक बेरोजगार हो गए हैं। सांसद बनने के बाद पहली बार कोंडागांव पहुंचे महेश कश्यप से एकलव्य अतिथि शिक्षकों ने स्थानीय गायत्री मंदिर में मुलाकात किया और उन्हें ज्ञापन भी सौंपा इस दौरान अतिथि शिक्षकों ने जानकारी देते हुए बताया कि, पूरे प्रदेश में एकलव्य विद्यालय के 700 अतिथि शिक्षक लगभग 10 वर्षों से अध्यापन का कार्य निरंतर कर रहे हैं। अब केंद्र सरकार के माध्यम से उनके पद में नियमित शिक्षकों की भर्ती की गई है। नियमित शिक्षकों की भर्ती होने से वे सभी अचानक बेरोजगार हो गए हैं। 700 अतिथि शिक्षक एवं उन पर आश्रित परिवार के समक्ष अब बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि, 700 शिक्षकों में कई शिक्षक ऐसे भी हैं जो लगातार 10 वर्षों से अतिथि शिक्षक के तौर पर एकलव्य विद्यालय में अध्यापन का कार्य कर रहे थे।

## 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**महासमुंद।** विगत वर्षों की भांति वर्ष 2024-25 में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि हेतु उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, इसके अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रुपए का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

# जेएनएम नर्सिंग कॉलेज में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com



विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय जे.एन.एम. नर्सिंग कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन 12 जून को किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश कुमार जुर्री, न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री साय व प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय जे.एन.एम.नर्सिंग कॉलेज कोंडागांव में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने के संबंध में बाल मजदूरी; निषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने खान में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में आरटीई अधिनियम 2009 के के संबंध में जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियमए भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मेए सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई।

# श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण व योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए होगा शिविरों का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com

श्रमिकों के पंजीयन, श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण के साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवेदन लिए जाएंगे। श्रम विभाग द्वारा 14 जून से 2 अगस्त तक विभिन्न स्थानों पर आवदेन प्राप्त करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कोंडागांव विकासखण्ड के अंतर्गत 14 जून को ग्राम पंचायत दहीकोंगा और बड़े बंजोड़ा, 18 जून को मुनगा पदर और बोटी कनेरा, 20 जून को जोंदरा पदर और भीरागांव, 24 जून को बांसगांव और बन सिरसी, 26 जून को किबई बालेंगा और कोकोड़ी, 28 जून को सिरपुर और बड़गांव, 1 जुलाई को टेंडा मुंडा और लाभा, फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत 3 जुलाई को चिचाड़ी और पांडे आठगांव, 5 जुलाई को हिर्री और भुमका, विकासखण्ड माकड़ी अंतर्गत 8 जुलाई को इंगरा और धारली, 10 जुलाई को लुभा और कोकोड़ी, बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत 12 जुलाई को बड़े राजपुर और मांडोकी खरगांव, केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत 15 जुलाई को खेतरपाल और चारभाटा, 18 जुलाई को बेड़मा और आदनबेड़ा, 22 जुलाई को सिंगनपुर और आंवरी, कोंडागांव विकासखण्ड अंतर्गत 24 जुलाई को मदार्पाल और कांगा, 26 जुलाई को मालाकोट और उमरगांव, 29 जुलाई को खुट डोबरा और कोकोड़ी, 31 जुलाई को चिलपुटी और सितली और 2 अगस्त को मालगांव और अमरावती में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पंजीयन और नवीनीकरण के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाईल लाना आवश्यक है। असंगठित कर्मकार पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र भी साथ लाना होगा।

## बाल मजदूरी निषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 की दी गई जानकारी

# शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com




विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के सचिव के द्वारा 12 जून को शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री साय व सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर दिनांक 12 जून को शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित मजदूरों को बाल मजदूरी ;निषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं किए जाने संबंधी कानूनों के साथ ही बाल श्रम को रोकने के लिए चाईल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित मजदूरों को उनके मौलिक अधिकार निःशुल्क विधिक सलाह सहायता सहित विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा से उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप, पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

# आश्रय स्थल में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ⟨ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com




विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर आश्रय स्थल कोंडागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आश्रय स्थल कोंडागांव में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल मजदूरी निषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध मेंए आरटीई अधिनियम 2009 के संबंध में जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान है। साथ ही उपस्थित महिलाओ को यौन उत्पीड़न रोकथाम और निवारण अधिनियम 2013 पारित किये जाने के उद्देश्य, कार्यस्थल पर महिलाओ के यौन उत्पीड़न के खिलाफ संरक्षण, यौन उत्पीड़न की शिकायतों का निवारण एवं इस संबंध में शिकायत परिवाद पेश आंतरिक परिवाद समिति एवं स्थानीय परिवाद समिति एवं उक्त समितियों के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और जिन महिलाओ को निःशुल्क विधिक सलाह सहायता की आवश्कता होने पर उन्हे निःशुल्क विधिक सलाह सहायता मुहैया करने की जानकारी भी दी गई। महिलाओं के कानूनी अधिकार घरेलु हिंसा से महिलाओ का संरक्षण अधिनियम 2005 भरण पोषण का अधिकारए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोंडागांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र कुमार पात्रे, हसीना बेगम, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ के बीच बढ़ी दूरी, नगर के आम लोग हुए पेयजल के लिए परेशान

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र कोंडागांव अंतर्गत 22 वार्ड शामिल हैं। इन 22 में से अधिकांश वार्डों में पेयजल की समस्या का समाधान पानी के टैंकर के माध्यम से किया जाता है। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ के बीच किसी मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ गया है। विवाद के कारण नगर पालिका अध्यक्ष चेक पर दस्तखत नहीं कर रही हैं, जिसके कारण नगर पालिका के वाहनों में डीजल नहीं डाला गया है। नतीजतन, डीजल नहीं होने से वार्ड में पेयजल के पानी के टैंकर, सफाई के लिए जाने वाले कचरा ट्रैक्टर का संचालन नहीं हो रहा है। फलस्वरूप कई वार्डों में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पार्षद लक्ष्मी ध्रुव, पार्षद सोनामणि पोयाम, पार्षद तेज देवांगन, पार्षद ललित देवांगन व अन्य जन सुबह से ही नगर पालिका कार्यालय में नजर आए। यहां उपाध्यक्ष और पार्षदों ने पूछे जाने पर कारण बताया कि, इन दोनों कोंडागांव नगर के 22 में से 15 वार्ड में पेयजल की समस्या है। इस पेयजल की समस्या को पानी के टैंकर के माध्यम से सुलझाया जा रहा है। पानी के टैंकर प्रतिदिन सुबह अलग-अलग वार्ड पर सप्लाई करते हैं, क्योंकि गर्मी के कारण कहीं बोरवेल खराब है तो कहीं बोरवेल में जल स्तर नीचे चला गया है। उपाध्यक्ष और पार्षदों ने आगे बताया कि, लगभग तीन दिन से पेयजल की समस्या के लिए पहुंचने वाला पानी का टैंकर नगर पालिका कार्यालय से ना तो निकला हैं और ना ही वार्डों में पहुंचा है। जिस कारण वे स्थिति का जायजा लेने पालिका कार्यालय सुबह से ही पहुंचे हैं। इसी तरह नगर के सफाई के लिए चलने वाला कचरा वाहन भी पालिका से रवाना नहीं किया गया है।

### डीजल नहीं होने से हो रही है समस्या

इस संबंध में पार्षदों के दल ने बताया कि, नगर पालिका के कर्मचारियों ने उन्हें ट्रैक्टर लेकर पानी सप्लाई और कचरा वाहन मोहल्ले में नहीं पहुंचने के बारे में बताया की वाहनों में डीजल ही नहीं है। जिस कारण से नगर पालिका से ट्रैक्टर व अन्य वाहन रवाना नहीं हुए हैं। डीजल नहीं होने के संबंध में पार्षदों के दल ने नगर पालिका के सीएमओ से भी चर्चा किया है।

**सीएमओ ने कहा 9 जून को चेक में किया हस्ताक्षर, लेकिन अध्यक्ष ने हस्ताक्षर करने से किया इंकार -** इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ राजेंद्र पात्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि, पेट्रोल पंपों को नगर पालिका के माध्यम से भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान नहीं होने से फ्यूल नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने करवाई करते हुए 9 जून को ही हस्ताक्षर कर दिया है, लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव के माध्यम से चेक में हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। जिस कारण से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है।

**नगपा अध्यक्ष वर्षा यादव के अलग ही हैं तर्क, नहीं मिला मानदेय इसलिए रोका चेक -**इस पूरे मामले पर नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव के अलग ही तर्क हैं। वर्षा यादव का कहना है कि, जनप्रतिनिधि के तौर पर नगर के जनता ने हमें अध्यक्ष व पार्षद चुना है। अब हमारा कार्यकाल पूरा होने को भी आया है। इस 5 साल में कभी भी हमें मानदेय के लिए इतना परेशान नहीं होना पड़ा। नगर पालिका सीएमओ से इस संबंध में चर्चा करने पर उनका कहना है कि, शासन के समक्ष आवेदन करें और आंदोलन कर अपना मानदेय पास करवाए। ऐसे जवाब के चलते नाराज होकर अन्य पार्षदों की सहमति से चेक पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया गया है।

# ग्राम केजंग में मोबाइल टावर जलाने वाला नक्सली हुआ गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ग्राम केजंग में मोबाइल टावर जलाने की घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना दिनांक 27 मार्च 2024 की रात को घटित हुई थी, जब अज्ञात नक्सली माओवादियों ने जीओ मोबाईल टॉवर को आग लगा दी थी जहां इस मामले की रिपोर्ट 28 मार्च 2024 को दर्ज कराई गई थी। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर जांच करने पर मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम केजंग निवासी एक व्यक्ति ने इस घटना को अंजाम दिया है। जिसकी सुचना पर अधिकारी पुलिस मदार्पाल सतीश भार्गव के हमराह सीएएफ एवं जिला बल के टीम तैयार कर ग्राम केजंग की ओर रवाना हुए तब जंगल में एक व्यक्ति पुलिस को देख कर लुक छिप कर भाग रहा था जिसे घेराबंदी कर अपने अभिरक्षा में लेकर उक्त व्यक्ति का नाम पूछा जो अपना नाम रूकधर सोरी निवासी कजंग बताया जिसे मुखबिर कि सूचना से संतुष्ट होकर उक्त व्यक्ति को थाना बयानार लाये और 27 मार्च 2024 के घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ करने पर रूकघर सोरी बताया कि, वह उक्त घटना दिनांक को नक्सली कमाण्डर रैजू लोहार, विजय, चौता व अन्य नक्सलियों के साथ रात्रि में ग्राम केजंग के मोबाईल टॉवर को जनरेटर का डीजल निकाल कर जनरेटर को एवं पैनल को जला दिये बैनर बाधे और पर्चा फेके फिर ग्राम पेरमापाल तरफ निकल गये नक्सली आरोपी रूकधर सोरी द्वारा अपराध कबुल करने से विधिवत्त गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर पृथक से रिमाज्र्ड तैयार कर माननीय विशेष न्यायाधीश जिला कोंडागांव ले जाया गया।

# एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक ने किया 8 दिवसीय एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित श्रम संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल के तत्वाधान में एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञ द्वारा बीआईओपी विद्यालय किरंदुल में 12 जून से 19 जून तक एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन एवं चुम्बकीय पद्धति से पुराना सरदर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गला, घुटनों के दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, सुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल पेन, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, लकवा, मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरों में झुनझुनी आदि रोगों का इलाज बिना दवाई के एक्यूप्रेशर, सुजोक एवं वाइब्रेशन तकनीक से किया जाएगा।इस 8 दिवसीय एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर का शुभारंभ एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाइक, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, आर्सेलर मित्तल कंपनी के महाप्रबंधक वाई राघवेलु, सिविल प्रमुख टी रामनाथ, श्रमिक संघ एसकेएमएस के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, एनएमडीसी एसटी एससी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बी एल तारम, श्रमिक संघ इंटक के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह ने भारत माता के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित पश्चात पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन शाखा किरंदुल के सचिव ए के सिंह ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त नगरपरिवार से अपील करते है कि अधिक से अधिक संख्या में इस 8 दिवसीय शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। शिविर को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना प्रमुख पदमनाभ नाइक, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, श्रमिक संघ एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू, डॉ. एम वी लाल ने भी संबोधित किया। मंच संचालन त्रिलोक बांधे ने किया।

# कलेक्टर ने की नगरीय निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा

- जलभराव से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी रखने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि, आगामी मानसून में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए नालियों की सफाई का कार्य भली भांति कर लें। जहां जलभराव की स्थिति निर्मित होती है, उनका चिन्हांकन करते हुए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जलजमाव के कारण उत्पन्न होने वाली कीचड़ के समाधान के लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रहे। उन्होंने पानी की सभी टंकियों की सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही सभी जलस्त्रोत और पानी टंकियों के क्लोरीनेशन का कार्य भी अविलंब पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान ई-श्रम कार्डधारी सभी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने तथा पेंशन के पात्र हितग्राहियों को पेंशन की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही किराए के भवनों में संचालित स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवनों के निर्माण हेतु स्थल का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही संग्रहित कचरा के उचित निस्तारण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि, जिन स्थानों में अभी कचरा फेंका जा रहा है, उनकी सफाई करते हुए सौन्दर्यीकरण का कार्य करें। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले के नगरीय निकायों को बेहतर रेटिंग उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक मापदंड अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर के सौन्दर्यीकरण के साथ ही सड़कों की रोशनी के लिए भी आवश्यक प्रस्ताव एक भीतर के सप्ताह प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान अधोसंरचना निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कोंडागांव राम मंदिर तालाब के निकट नाली निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंगल भवन सहित पूर्ण हो चुके सभी कार्यों का आधिपत्य भी तत्काल लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए कार्यों की स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ करें। जिन कार्यों में निविदा की प्रक्रिया चल रही है, उन्हें तत्काल पूरा करते हुए कायादेश जारी करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के कार्य में तेजी लाने के साथ ही सभी आवासों का निर्माण दो माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का चयन करते हुए सभी हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को भी सभी योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कोंडागांव नगर पालिका, केशकाल और फरसगांव नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्राकृतिक आपदा से मृत्यु पर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोंडागांव।** कलेक्टर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के एक प्रकरण में वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के ग्राम बालोण्ड निवासी प्रियान्शु मरकाम की गड्ढे के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता हेमबती मरकाम, पिता झगडूराम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसके तहत प्रकरण में चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिया गया है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने सुदूर क्षेत्र तर्रेम का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बीजापुर जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत तर्रेम सहित उनके अर्न्तगत सुदूर गांवों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन श्री वैभव बैंकर भी मौजूद थे।

कलेक्टर एवं एसपी ने सिलगेर में निर्माणधीन पुल जो कि पूर्णता स्तर पर है उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस थाना तर्रेम हेतु निर्माणधीन भवन का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत तर्रेम में आयोजित आधार शिविर पहुंचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों को आधार कार्ड की उपयोगिता को समझाया शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

उक्त शिविर में ग्राम पंचायत तर्रेम के अलावा छुटवाही, चिन्नागेल्लूर, चिपुरभट्टी, पेद्दागेल्लूर सहित गुण्डम के ग्रामीण महिला, पुरूष, युवा भारी संख्या में उपस्थित थे।

शिविर में उपस्थित सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर महतारी वंदन योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक अन्य सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देकर योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। बीते दिनों समीप के गांव में बिजली गिरने से हुई पशुओं की क्षति का प्रकरण जल्द तैयार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा हेतु दस्तावेज प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने ग्रामणों को बताया कि क्षतिपूर्ति की राशि प्रत्येक जानवर के लिए अलग-अलग निर्धारित है बैल के लिए 32 हजार रूपए, गाय एंव भैंस के लिए 37500 रूपए, बकरी के लिए 4 हजार एवं बछड़ा के लिए 20 हजार रूपए शासन द्वारा निर्धारित की गई है। क्षतिपूर्ति की राशि प्राप्त होने पर पीड़ित ग्रामीण को पशुधन खरीदकर पशुपालन करने के लिए प्रेरित किया।

## नियद नेल्लानार से वनांचल में बदलाव की बयार

# बीजापुर के डुमरीपालनार गांव में पहुंचने लगी बुनियादी सुविधाएं

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा बस्तर अंचल के सुदूर वनांचल विशेषकर नक्सल प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाएं और वनवासियों को सरकार की योजनाओं का बिना किसी व्यवधान के लाभ पहुंचाने के प्रयास सफल होने लगे है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांवों में अब यह सुविधाएं तेजी से पहुंचने लगी है। शासन-प्रशासन के इन प्रयासों को सफल करने में नियद नेल्लानार योजना अहम रोल अदा कर रही है। नियद नेल्लानार की बदौलत अब नक्सल प्रभावित गांवों में शासकीय अमले की आमदरफ्त बढ़ी है। जिसके चलते वनवासियों का भरोसा बढ़ा है और अब वह सरकारी नुमाइदों से बेझिझक मेल-मुलाकात करने के साथ ही अपनी जरूरतों को बताने लगे हैं।

बस्तर अंचल के बीजापुर जिले के कई गांव बीते दो दशकों से नक्सलवादी गतिविधियों के कारण विकास की मुख्यधारा से न सिर्फ कट गए थे, बल्कि बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित थे। माओवाद प्रभावित इन गांवों में सुरक्षा कैम्पों की स्थापना और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष प्रयासों से शुरू हुई नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों में एक नया विश्वास जगा है। सुरक्षा कैम्पों के आसपास के पांच गांवों को चिन्हित कर शासन की 32 कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पेयजल, बिजली, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं की तेजी से उपलब्धता सुनिश्चत करने के साथ ही हितग्राही मूलक कार्यक्रमों का लाभ भी दिया जा रहा है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें। बीजापुर जिला मुख्यालय से तकरीबन 45 किलोमीटर दूर बुरजी ग्राम पंचायत का गांव डुमरीपालनार भी बरसो-बरस माओवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। नियद नेल्लानार योजना के कारण अब इस गांव में विकास की बयार बहने लगी है। डुमरीपालनार में सुरक्षा कैम्प की स्थापना और आवागमन के लिए बनी सड़क ने ग्रामीणों के दिलों को शासन-प्रशासन से जोड़ दिया है। ग्रामीणों ने अब माओवादियों की भय और आतंक की चादर को उतार फेंका है। गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की बातें होने लगी है। बैलाडीला पहाड़ियों से निकलने वाले लाल दूषित पानी को पीने को मजबूर डुमरीपालनार के ग्रामीणों को अब स्वच्छ पेयजल मिलने लगा है। प्रशासन ने इस गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 5 हैण्डपंप भी लगवा दिए है। बीजापुर के गंगालूर, पुसनार, हिरोली सड़क मार्ग से होते हुए डुमरीपालनार पहुंचने पर यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि इस गांव की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर बदलने में शासन के प्रयास प्रभावी साबित होंगे। ग्रामीणों में विकास के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है।

डुमरीपालनार गांव में स्कूल फिर चलें अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधन से बच्चों के पढ़ने के लिए अधोसंरचना भी निर्मित की है। ग्रामीणजन स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, राशन जैसी शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बेखौफ आगे आने लगे है।

# नगर निगम जोन 8 ने कोटा साईंनाथ कॉलोनी में विभिन्न स्थानों से हटाया अवैध कब्जा

## 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल लगाई रोक




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही लगातार जारी है। नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग ने तहसीलदार देवांगन एवं जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, कोटा के पटवारी पाण्डेय की उपस्थिति में रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 20 के तहत कोटा में साईनाथ कॉलोनी क्षेत्र की लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल में अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा प्लाट कटिंग करने की गयी मार्किंग को हटाकर, डीपीसी को काटकर, अवैध मुरुम रोड को काटकर आवागमन बाधित करते हुए कारगर रोक लगाई गयी। नगर निगम जोन 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 8 के तहत रामकृष्ण परमहंस वार्ड नम्बर 20 के तहत कोटा में साईनाथ कॉलोनी फेस -2 क्षेत्र में भिन्न 3 स्थानों में लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है।इसी प्रकार नगर निगम जोन नम्बर 8 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड नम्बर 2 के क्षेत्र में कबीर नगर फेस - 4 में अविनाश आशियाना अपार्टमेंट परिसर के पीछे लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग करने काली डस्ट डालकर की जा प्लाट कटिंग, बनाई जा रही नींव सहित अवैध मुरूम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से स्थल पर काटकर अवैध प्लाटिंग पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी है. नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के वास्तविक भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। तहसील कार्यालय से जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सम्बंधित अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही करने नामजद एफ्आईआर दर्ज करवायी जायेगी।

# भंडारण पूर्णता के करीब मंदी की राह पर महामाया

## बारीक में विष्णुभोग गर्म



पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भंडारण पूर्णता की ओर। घटने लगी है कीमत। धारणा- नहीं बढ़ेंगे पोहा क्वालिटी के महामाया धान के भाव। अलबत्ता राईस क्वालिटी के धान में आंशिक तेजी आने लगी है। यह क्रम खरीफकी नई फसल के आवक तक बने रहने की संभावना है। पिछले डेढ़ माह से जैसी आवक हो रही है, उसमें अब कमी आने लगी है क्योंकि बारिश के दिनों के लिए किया जा रहा भंडारण लगभग पूर्णता की ओर है। ऐसे में खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयों की खरीदी कमजोर हो चुकी है। इसलिए भाव टूटते क्रम पर है। इधर किसानों ने खरीफकी तैयारियां चालू कर दी है। इससे भी आवक कमजोर होती नजर आ रही है।

**टूटने लगी कीमत, घट रही आवक**

पोहा क्वालिटी का महामाया धान अब 1900 से 2100 रुपए क्विंटल पर आ चुका है। यह इसलिए क्योंकि पोहा उत्पादन करने वाली ईकाइयों के भंडारगृह पूर्णता की ओर हैं। असर उस आवक पर पड़ने लगा है, जो पिछले डेढ़ माह से बना हुआ है। चालू कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन लगभग 15 से 20 हजार कट्टा महामाया धान की आवक का अनुमान है।

**राईस क्वालिटी में गर्मी**

प्रांगण में अब राईस क्वालिटी के महामाया धान में खरीदी जोर पकड़ने लगी है। राईस मिलों की निकल रही खरीदी के बाद राईस क्वालिटी का महामाया धान 1950 से 2150 रुपए क्विंटल पर जा चुका है जबकि बेस्ट क्वालिटी के महामाया में 2100 से 2300 रुपए क्विंटल पर खरीदी की खबर है संकेत, तेजी के इसलिए मिल रहे हैं क्योंकि मांग के अनुरूप उपलब्धता कमजोर है।

**सिर्फविष्णु भोग**

बारीक धान में एचएमटी और सियाराम की आवक शून्य है। सरना में भी स्थिति ऐसी ही है। बारीक धान में केवल विष्णु भोग की ही आवक है लेकिन कमजोर मात्रा और भरपूर मांग के बीच इसमें प्रति क्विंटल कीमत 3500 से 3600 रुपए बोली जा रही है। मंदी की धारणा इसलिए नहीं है क्योंकि चावल मिलों की मांग बनी हुई है।

**कब दूर होगी अव्यवस्था**

बीते डेढ़ माह से बनी अव्यवस्था को दूर करने के लिए प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। प्रांगण प्रवेश के लिए घंटों प्रतीक्षा अभी भी किसान कर रहे हैं, तो बाहर के हिस्से के रहवासी अलग से परेशान हैं। रही बात उन कारोबारियों की, जो ठप्प पड़े कारोबार से हताश हैं क्योंकि संस्थानों तक उपभोक्ताओं के लिए पहुंच आसान नहीं रही। यह स्थिति रोजी-रोटी तक को प्रभावित कर चुकी है।

# माधव को भजो माया आपके पास एक क्षण भी नही रहेगी



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीमद्भागवत कथा में दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज ने कहा रायपुरःब्राह्मण समाज द्वारा विप्र भवन समता कालोनी में सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के प्रमुख,प्रकाण्ड विद्वान,वेदों के ज्ञाता तथा अंचल के प्रसिद्ध कथावाचक दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज जी का राजधानी में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण जी के अवतरण की कथा बताए। सपाद लक्षेश्वर धाम, सलधा में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग की स्थापना के लिए बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने पूर्वजों एवं स्वजनों की स्मृति में राशि दान की। दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज ने कहा भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही देवकी और वसुदेव जी की हथकड़ी खुल गई और कंस के सैनिक, अंधकार में सो गए। संत बताते हैं की मायापति के आते ही सब सो जाते हैं भगवान कन्हैया है मायापती भगवान के आते ही हथकड़ी रूपी माया भाग गई संत कहते है-

माया को तो सब भजे माधव भजे ना कोए, जो कदापि माधव भजे माया चेली होए ।

इसलिए संत कहते हैं माधव को भजो माया आपके पास एक क्षण भी नही रहेगी। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अपने पितरों के कल्याण तथा स्वजनों की स्मृति में 21 यजमान सामुहिक रूप से परिवार सहित शामिल हैं।विप्र भवन में सुबह आचार्य पंडित रवि शास्त्री, पंडित खिलेश्वर शास्त्री,तरुण शास्त्री, ओमप्रकाश उपाध्याय सहित आचार्यों द्वारा वेदीपूजा संपन्न की गई। अपरान्ह 3 बजे से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में एस. के. तिवारी (आई. ए. एस.),विवेक शुक्ला, प्रकाश तिवारी, संदीप शर्मा,अजीत दुबे,निर्मला पाण्डेय, प्रीति शुक्ला, सुनीता शर्मा, प्रिया दीवान, रंजना मिश्रा, प्रणीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त गण उपस्थित थे।

# जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने संभाला पदभार

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शाम 3 बजे सँयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में में अपना चार्ज लिया। वह जिले में 11 वे कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह सूरजपूर, दंतेवाड़ा एवं कोंडागांव के कलेक्टर रह चुके है। इसके साथ ही रायपुर जिला पंचायत सीईओ का कामकाज भी सभांल चुके है। वह वर्तमान में रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त,मनरेगा के रूप में कामकाज संभाल चुके है। सोनी 2011 बैच के आईएएस हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दिप्ती गोते सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे,डिप्टी कलेक्टर बी आर ध्रुव,कोषालय अधिकारी घिदौडे,सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



12 जून को विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का पदभार ग्रहण किया गया। विजय अग्रवाल भारतीय पुलिस सेवा वर्ष-2012 बैच के पुलिस अधिकारी हैं। विजय अग्रवाल पुलिस अधीक्षक अंबिकापुर (सरगुजा) के पद से स्थानांतरण होकर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा आए हैं।

# सातवीं राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के खिलाडियों ने जीते पदक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




सातवीं राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन कोलंबिया ग्लोबल स्कूल, में किया गया ढ्ढ इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से खिलाडियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । रायपुर शहर के अग्रणी स्कूल, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल से खिलाडियों ने रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कई पदक प्राप्त किये । सीनियर बालिका वर्ग में सा वर्मा ने स्वर्ण पदक व मुस्कान वर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया ढ्ढ जूनियर बालक वर्ग में सौम्य वर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया ढ्ढ जूनियर बालिका वर्ग में वीणा सिंग ठाकुर ने रजत पदक, राहिणी प्रसाद ने कांस्य पदक व संस्कृति ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया ढ्ढ सब जूनियर बालिका वर्ग में अंतरा वर्मा ने कांस्य पदक व कनिष्क वर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया ढ्ढ इसके अलावा मायरा खान , रूद्र सिंग ठाकुर , यशिका वर्मा व मोहिशा सिंग ने भी अच्छा प्रदर्शन किया परन्तु पदक से चूके। सभी विजेता खिलाडी आगामी राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता मुंबई 2024 में छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधितव करेंगे।कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंग हुरा, प्राचार्य आईवन स्मिथ, जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जदवानी , सचिव हरजीत सिंग हुरा व खिलाड़ियों के योग कोच नामेश कुमार साहू सहित समस्त कोलंबिया प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई दी व भावी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।



# बेस्ट एयरलाइन क्रेडिट कार्ड

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोई भी क्रेडिट कार्ड चुनने से पहले कस्टमर को कार्ड के ज़रिए होने वाली बचत और प्वाइंट/ माइल्स रिडेम्पशन की फ्लेक्सिबिलिटी को चेक करना चाहिए। उदाहरण के लिए, ग्रॉसरी और खान पान पर अतिरिक्त रिवॉर्ड देने वाले एयरलाइन कार्ड आसानी से प्वाइंट इक्ट्ठा करने में आपकी मदद कर सकते हैं। इन प्वाइंट्स को रिडीम कर आप अपने ट्रैवल संबंधित खर्चों में बचत कर सकते हैं। अधिकांश एयरलाइन कार्ड माइलस्टोन बेनिफिट्स भी प्रदान करते हैं, जिसमें आप जितना अधिक खर्च करेंगे, उतनी ज़्यादा बचत कर पाएंगे। इसके अलावा जो कस्टमर किसी विशेष एयरलाइन से ट्रैवल करना पसंद करते हैं, वे उस एयरलाइन के साथ को-ब्रांडेड ट्रैवल क्रेडिट कार्ड ले सकते हैं। हालाँकि, जो लोग किसी खास एयरलाइन से ट्रैवल नहीं करते उन्हें सामान्य ट्रैवल क्रेडिट कार्ड से बेहतर लाभ मिल सकते हैं। ÷- रोहित छिब्बर, क्रेडिट कार्ड बिज़नेस हेड, पैसाबाज़ार भारत की प्रमुख क्रेडिट कार्ड कंपनियां विस्तारा, इंडिगो, एयर इंडिया और एतिहाद जैसी पॉपुलर एयरलाइंस के साथ मिलकर को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड ऑफर करती हैं। इन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर पार्टनर एयरलाइन कंपनियां लॉयल्टी प्वाइंट्स या एयरमाइल्स वैल्यू-बैक के रूप में प्रदान करती हैं, जिसका उपयोग फ्लाइट बुकिंग में डिस्काउंट,फ्री-फ्लाइट्स या क्लास अपग्रेडेशन आदि के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, इन क्रेडिट कार्ड्स पर कस्टमर्स को मुफ्त में एयरलाइन के फ्रीक्वेंट फ़्लायर प्रोग्राम का भी लाभ मिल सकता है।

# राहुल द्रविड़, जसप्रित बुमराह और सूर्य कुमार यादव ने YiPPee! के नवीनतम अभियान ÒYiPPee TossÓ! को लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



क्रिकेट के उत्साह के बीच, इंटरनेट पर जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव द्वारा अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर The Toss के बारे में शेयर किए गए रहस्यमय पोस्ट के बारे में जानने की उत्सुकता बढ़ गई। दिलचस्पी तब और बढ़ गई जब खिलाड़ियों की पत्नियों ने भी तुरंत इसके बारे में इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने यह जानने की इच्छा व्यक्त की कि टॉस आखिर है क्या? लोगों के अलग अलग अनुमान के साथ, इस बातचीत ने सबका ध्यान खींचा और इसे सोशल मीडिया पर लाखों बार देखा गया, जिससे यह वायरल हो गया।

इंटरनेट पर यह जानने की उत्सुकता बनी रही कि क्रिकेटर किस बारे में 'टॉस' कर रहे हैं, ब्रांड Sunfeast YiPPee! ने इंस्टाग्राम पर अपने नवीनतम अभियान YiPPee Toss का खुलासा किया, जिससे The Toss के पीछे की कहानी लोगों को पता चली। आईटीसी लिमिटेड का एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल और पास्ता ब्रांड, Sunfeast YiPPee! एक नए अभियान के साथ वापस आ गया है जिसमें देश के सबसे पसंदीदा क्रिकेटर्स - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव को दिखाया गया है। यह मजेदार अभियान टॉप क्रिकेटर्स की लोकप्रियता को एक मजेदार अंदाज में पेश करता है और यिप्पी! नूडल्स के यूनिक क्वालिटी के बारे में बताता है जो लंबे और नॉन-स्टिकी हैं। हाल ही में लॉन्च किए गए टीवीसी में द्रविड़, बुमराह और 'स्काई' को मजेदार अंदाज में दिखाया गया है, जिसमें वे YiPPee Toss के साथ यिप्पी! नूडल्स का इस्तेमाल करके दोस्ताना नोकझोंक को मजेदार तरीके से सुलझाते हैं। यह लंबे और नॉन-स्टिकी नूडल्स के ब्रांड के मुख्य यूएसपी पर एक अभिनव नाटक है।

# लाईफस्टाईल पर शुरू हो रही है सीजन की सबसे बड़ी सेल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशंस में से एक लाईफस्टाईल पर 7 जून से सीज़न की सबसे बड़ी सेल शुरू हो रही है इस सेल में शपर्स को टप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग-समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफ्ली और क्रोशे ड्रेस, विंटेज ब्लूम को-अर्ड सेट, स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, अल-न्यू लूज़ फिट पैंट, एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा। लाईफस्टाईल की सेल में ट्रेंड सेटर 100 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के नए ट्रेंड्स की शपिंग करने का बेहतरीन अवसर पाएंगे। इन ब्रांड्स में मेलांज, जिंजर, फोरका, कोड, एंड, बीबा, ग्लोबल देसी, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जीन्स, प्यूमा, एडिडास, फसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलीन, लरिआल आदि शामिल हैं। इस सेल में शपर्स मौसम के अनुकूल अपैरल, ब्यूटी, वच, फ्रैग्रेंस, फुटवियर, हैंडबैग्स, और एक्सेसरीज़ आकर्षक मूल्य में खरीद सकेंगे। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड धारकों के लिए एक विशेष आफर है, जिसके अंतर्गत उन्हें कम से कम 7000रु. की शपिंग करने पर 5 प्रतिशत की इंस्टैंट छूट दी जा रही है। नियम व शर्तें लागू। यह लाईफस्टाईल सेल सभी लाईफस्टाईल स्टोर्स, अनलाईन और एन्ड्रयड एवं आईफोन यूज़र्स के लिए लाईफस्टाईल ऐप पर उपलब्ध होगी।

# हायर इंडिया ने होम एस्थेटिक्स को फिर से परिभाषित किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी ग्रेफाइट सीरीज का अनावरण किया है। यह स्टील डोर रेफ्रिजरेटर की एक प्रीमियम रेंज है, जिसमें मैट फिनिश और आधुनिक डिजाइन है, जो भारतीय घरों के एस्थेटिक्स को बढ़ाती है। यह सीरीज 205 से 602 लीटर तक की क्षमता में उपलब्ध होगी, जो विभिन्न भंडारण आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिससे यह हर भारतीय घर के लिए उपयुक्त है। प्रीमियमाइजेशन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, नए रेफ्रिजरेटर की रेंज में एक स्मूथ मैट फिनिश डिजाइन है, जो आधुनिक भारतीय घरों में सहजता से मिश्रण करता है और समकालीन सुंदरता के साथ किचन के स्पेस को ऊंचा करता है। यह सीरीज डायरेक्ट कूल, टॉप-माउंटेड, बॉटम-माउंटेड, 2-डोर साइड-बाय-साइड, और 3-डोर साइड-बाय-साइड सहित कई कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है। हायर ने अपने क्रांतिकारी 3-डोर वाईफाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर की रेंज में भी मैट फिनिश सीरीज को पेश की है, जिससे उपयोगकर्ता हाइस्मार्ट ऐप का उपयोग करके कहीं से भी फ्रीजर सेक्शन को फ्रिज में बदल सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट, एनएस सतीश ने कहा, ''हायर में, हमारी स्थायी प्रतिबद्धता ग्राहक-प्रेरित अभिनव समाधान प्रदान करने के इर्द-गिर्द घूमती है जो देश भर में रोजमर्रा की जिंदगी को समृद्ध बनाती है। हमारा रणनीतिक फोकस व्यापक अनुसंधान, अत्याधुनिक तकनीकों और अत्यधिक कुशल निर्माण प्रक्रियाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में सर्वोत्तम श्रेणी के उत्पादों को पेश करने पर केंद्रित है।



# रेस्टोरेशन कार्य का जायजा लेने देर रात कलेक्टोरेट पहुंचे कलेक्टर-एसपी

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



संयुक्त जिला कार्यालय में तेज गति से चल रहे रेस्टोरेशन कार्य का जायजा लेने देर रात 12 बजे कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने परिसर में कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग के मजदूरों से मुलाकत कर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही सोनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रात में मजदूरों की संख्या बढ़ाने एवं मजदूरों के सभी सुविधाओ के भी ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अच्छे से सभी कार्यो का मॉनिटरिंग हो इसके लिए बलौदाबाजार एसडीएम को 24 घंटे रोटेशन में नायब तहसीलदारों के साथ पटवारियों की भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर गार्ड रूम में तैनात होम गार्ड के जवान से मिलकर सुरक्षा संबधित जानकारी लिया। इस पर अपर कलेक्टर को तत्काल फोन कर कल से ही होम गार्ड के जवानों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सोनी परिसर के चारो तरफ घूमकर अलग अलग सेक्शन में चल रहे कार्यो को भी विस्तृत जायजा लिया है। इसी तरह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों से मिलकर उनका हालचाल का जायजा लिया। उन्होंने कहा की परिसर में बिना आई कार्ड के रात को किसी अंजान व्यक्ति को प्रवेश करने न देवे। मजदूरों का भी आईडी अवश्य चेक करे.साथ साथ ही मुख्य गेट के साथ ही परिसर के चारों तरफ समय समय पर गश्त करते रहे। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम बी आर ध्रुव, तहसीलदार राजू पटेल, एसडीओ नायक,नायब तहसीलदार सहित अन्य लोक निर्माण विभागों के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तोड़फोड़, आगजनी के मामले में विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

10 जून को छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा अमर गुफा गिरौदपुरी में घटित मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग एवं साथ में पूर्व में बोडसरा, कबीरधाम आदि में सतनामी समाज संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर दशहरा मैदान बलौदाबाजार में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसमें सुरक्षा प्रबंध हेतु पर्याप्त पुलिस बल लगाने के सांथ मजिस्ट्रियल ड्यूटी भी आदेशित किया गया था। इस संबंध में दिनांक 07.06.2024 को संयुक्त कार्यालय भवन बलौदाबाजार में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें आयोजनकर्ताओं द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया गया था। इस दौरान धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर में खड़ी गाड़ियों में आग लगा दिया गया एवं संयुक्त कार्यालय में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में आए लोगों द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर में खड़ी 100 मोटरसाइकिल एवं 30 से अधिक चार पहिया वाहन में तोड फोड कर आग लगा दिया गया। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था में लगे 25 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी चोटें आई है। धरना प्रदर्शन में तोड़फोड़ करने वाले एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा संभावित स्थलों में दबिश देने हेतु रवाना किया गया है। कि इस दौरान तोड़फोड़ करने वाले कई आरोपियों को हिरासत में लिया जाकर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की बैठक, शत-प्रतिशत वसूली का रखा लक्ष्य, बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता रहेगी







पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर वार्डवार वसूली की जानकारी ली और गत सप्ताह बैठक में दिये गये निर्देश की जानकारी लेकर वित्तीय वर्ष पर शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों से उनके प्रभारित वार्डो की वार्डवार वसूली की जानकारी ली तथा गत सप्ताह के बैठक में दिये गये निर्देश की जानकारी लेकर राजस्व वसूली शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर घर जाकर वसूली करे, अवकाश के दिनों में आधा दिन भी घर घर वसूली करने के साथ साथ निगम के राजस्व कार्यालय में भी वसूली करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे। बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कहा कि बकाया राशि की वसूली करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।आयुक्त ने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी जो करदाता जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं कर रहे है ऐसी स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। जिन बडे बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है और उन्होंने करों का भुगतान नहीं किया है उनकी कुर्की की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बकाया दुकानदारों की दुकाने को नोटिस जारी कर कार्यवाही करे। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर से कहा कि बड़े बकायादारों से कडाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे, कम वसूली पर संबंधित वार्ड प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही करे एवम की गयी कार्यवाही से अवगत कराये। बैठक में राजस्व उप निरीक्षक निशांत यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा,गौकरण सोनी, उमेश यादव,कमल स्वर्णकार, राम खिलावन शर्मा, राजू चन्द्राकर, हेमलता वर्मा, विनीत वर्मा, नील सिंह परिहार,पवन नायक आदि मौजूद रहें।

# अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई

## 7 हाईवा सहित 13 वाहन जब्त, मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज



पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खनि अमला बिलासपुर द्वारा 12-तारीख की शाम से लेकर 13 तारीख को सुबह 6 बजे तक करीब डेढ़ दर्जन ग्रामों में छापामार शैली में सघन निरीक्षण किया। अवैध रेत खदान और खनिज परिवहन करते 7 हाईवा सहित 13 वाहनों पर कार्रवाई की गई। उप संचालक खनिकर्म विभाग डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि टीम द्वारा बीती रात ग्राम लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार, लोफदी, मंगला, धुरीपारा, लोखंडी, निरतू, घुटकू लमेर, नेवरा, कोटा बोड़सरा, सिरगिट्टी क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया गया। इस दौरान सेंदरी क्षेत्र में 4 हाईवा एवं लोधीपारा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस थाना कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। नेवरा क्षेत्र में 3 हाईवा 1 जेसीबी,1 चेन माउंटेड मशीन को खनिज मिट्टी/मुरूम का अवैध उत्खनन एवं कोटा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर चैन माउंटेड मशीन को सुपुर्दगी में देते हुए अन्य सभी वाहनों को पुलिस थाना कोटा की अभिरक्षा में रखा गया है। वैध अभिवहन पास/ रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का उत्खनन और परिवहन किये जाने के कारण सभी 13 वाहन चालकों/ मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह पिछला सप्ताह खनिज जांच चौकी लांवर मस्तूरी में 3 हाईवा को खनिज रेत का एवं 2 माजदा को मिट्टी(ईंट) के अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण जप्तकर अभिरक्षा में रखा गया है। कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, अधिकारियों को सौपे गये दायित्व

## जिला स्तरीय मुख्य आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में 21 जून 2024 को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में प्रातः 6 बजे से 7 बजे के मध्य किया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को कार्य दायत्वि सौपे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी कुमार देवांगन नोडल अधिकारी (संपूर्ण कार्यक्रम) होंगे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग मुकेश रावटे को कानून व्यवस्था/संपूर्ण तैयारी/जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रोटोकॉल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी को मुख्य अतिथि एवं




जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण कार्ड वितरण, आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग लोकेश चन्द्राकर को पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग की सफाई/गद्दे/ टेन्ट/दरी/ भौतिक व्यवस्था/विडियो/फोटो ग्राफी व्यवस्था/ माईक व्यवस्था/शौचालय व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविन्द मिश्रा को योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति/शैक्षणिक संस्थानों/के सभी कर्मचारियों/ छात्रों एवं स्काउट गाईड/एन.सी.सी./ एन.एस.एस. के छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एस.के. श्रीवास को आमंत्रण पत्र कार्ड प्रिंटिंग/मंच निर्माण/मंचीय बैनर व्यवस्था करना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दुर्ग हेमंत कुमार साहू को चिकित्सीय टीम एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए दायित्व सौपे हैं। इसी प्रकार जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग (आयुष) डॉ. जी.पी तिवारी को योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति/योग प्रशिक्षण 21 जून के पूर्व एवं प्रचार-प्रसार व काढ़ा पेय पदार्थ व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा को आंगनबाड़ी केन्द्रों/बाल आश्रम हेतु संचालित संस्थाओं को सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित करना, उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग डॉ. प्रदीप जांगड़े नोडल अधिकारी को सभी महाविद्यालयों में योगा कार्यक्रम आयोजित करने एवं कुछ छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने हेतु निर्देशित करना।

# अपराध मुक्त का दावा करने वाले अब मौन क्यों है : शैलेश पांडेय

## न्यायधानी को अपराधधानी बना दिया बीजेपी सरकार ने

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर में हो रही लगातार चाकू बाजी की घटना को लेकर पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने भाजपा पर तंज कसा और कहां कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। बिलासपुर जिले में प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री का भी निवास है और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी यहीं रहते हैं और प्रदेश में भाजपा की सरकार केंद्र में भाजपा की सरकार फिर भी बिलासपुर शहर में अपराधिक घटनाएं कम नहीं हो रही हैं । शहर में अपराधलगातार बढ़ रहे हैं। बिलासपुर में मामूली कहां सुनी पर लोग एक दूसरे पर चाकू से हमला कर रहे हैं और लूटपाट की घटनाएं हो रही हैं। लूटपाट और अपहरण की घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। लोग घर में घुसकर हमला कर रहे हैं पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह नाकाम है। शैलेश पांडे ने कहा है कि अब तो शहर की बेटियां भी सुरक्षित नहीं है। भाजपा शासन काल में आधी रात को बार खुले रहते हैं। बेटियां भी अब बाहर के बाहर युवको के साथ झगड़ा करते दिखाई दे रही हैं और वीडियो वायरल हो रहे हैं। बार में एक युवक की मौत के बाद पुलिस प्रशासन नहीं चेता और पुलिस के संरक्षण में देर रात तक शहर के बार खुले रहते हैं। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। भाजपा सरकार का इंटेलिजेंस भी फेल है। शहर में जहां लगातार अपराधी घटनाएं बढ़ रही हैं वहीं प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शैलेश पांडे ने कहा है कि अब तो प्रदेश में यह स्थिति बन गई है कि एक ही रात में कलेक्टर और एसपी का तबादला करना पड़ रहा है। पुलिस का सूचना तंत्र भी पूरी तरह फेल है। अपराध मुक्त शहर का दावा करने वाले अब मौन क्यों है।

# ग्राम धनगांव में चल रहे नहर लाइनिंग कार्य में स्लीपर को तोड़कर पुनः नया बनाया गया



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली विकासखंड के ग्राम धनगांव में चल रहे नहर लाइनिंग कार्य में स्लीपर को तोड़कर पुनः नया बनाया गया है। बता दें कि इस कार्य में गुणवत्ता की कमी को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई थी। जिसे कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी को नहर लाइनिंग के कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के.मिश्रा ने बताया कि धनगांव वितरक नहर में बिजराकापा से दशरंगपुर तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसमें कुछ स्थानों पर ठीक से तराई नहीं होने के कारण स्लीपर क्षतिग्रस्त हो रहे थे। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित ठेकेदार के द्वारा क्षतिग्रस्त स्लीपर को तोड़कर पुनः नया बनाया गया है। साथ ही सही ढंग से पानी से तराई का कार्य भी किया जा रहा है।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन सर्वेक्षण के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत जिले के समस्त विकासखण्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजरों, ऑपरेटरों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिया गया। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर आयुष्मान कार्ड पंजीयन योजना संबंधी जानकारी एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

## रामलला दर्शन योजना हेतु यात्रा के लिए संभावित तिथि निर्धारित

**गरियाबंद।** रामलला दर्शन योजना के नोडल अधिकारी डी.पी ठाकुर ने समस्त जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर कहा है कि रामलला दर्शन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में यात्रा के लिए संभावित तिथि का निर्धारण किया गया है। जिसमें प्रत्येक जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों से हितग्राही, अनुरक्षक एवं सहयोगी सहित 94-94 लोग जायेंगे। जिनमें 3 जुलाई से 6 जुलाई, 31 जुलाई से 3 अगस्त तथा 28 अगस्त से 31 अगस्त तक यात्रा निर्धारित की गई है।

# सड़क पर रखें अवैध रेत का ढेर, नगर निगम ने ठोंका एक हजार रुपये जुर्माना

- सड़क पर भवन निर्माण सामग्री मिली तो होगी कार्रवाईःआयुक्त लोकेश चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम द्वारा शहर को साफ -सुथरा रखा जा रहा है और यही कारण है कि सड़क या किनारे रखी निर्माण सामग्री के मालिकों पर कार्रवाही की तैयारी शुरू कर दी है। भवन निर्माण सामग्री के कारण यातायात तो बाधित होता ही है साथ ही गंदगी भी होती है। ऐसी ही कार्रवाई के लिए कुमारी देवांगन वार्ड क्रमांक 21 आशा नगर द्वारा सड़क पर अवैध रेत रखा हुआ था नगर निगम के भवन निरीक्षक विनोद मांझी ने स्वास्थ्य विभाग के वार्ड 21 के सुपर वाइजर के संग एक हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका। इस कार्रवाई से ऐसा करने वाले बाकी लोगों में दहशत व्याप्त है। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा भवन शाखा व निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दायित्व सौपा गया है। सड़क पर भवन सामग्री की शिकायत या निरीक्षण के दौरान पाए जाने पर कार्यवाही की जावेगी। उक्त संबंध में भवन शाखा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गये है। इसी कड़ी में गुरुवार को कार्यवाही की गई और सड़क पर निर्माण सामग्री रखे जाने पर एक हजार रुपए जुर्माना वसूले गए।भवन निरीक्षक विनोद मांझी द्वारा स्वामी-संचालक को कार्रवाई की चेतावनी देते हुए उसे शाम तक सड़क से रेत का ढेर व इट को हटाने को कहा गया है। अवैध सामाग्री नहीं हटाने पर जब्ती के साथ साथ और अधिक जुर्माना अधिरोपित की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। सड़क पर भवन निर्माण सामग्री मिली तो होगी कार्रवाई।घरों के बाहर सड़क किनारे व दुकानों के बाहर भवन निर्माण संबंधी मेटेरियल के संबंध में समझाईश दी जा रही है।

# कोसमंदा के भाजपा कार्यकर्ता बिजली की समस्या को लेकर विद्युत विभाग कार्यपालन अभियंता को सौंपा ज्ञापन, दिया चक्काजाम करने चेतावनी

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा जिले के ग्राम कोसमंदा विकासखंड बलौदा का दूसरा बड़ा पंचायत है जहा की जनसंख्या लगभग 15 हजार है,और नगर पंचायत बनने की प्रक्रियाधीन है, जहा के निवासी पिछले पांच साल से विद्युत की विकराल समस्या से जूझ रहे है ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखकर पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने अपने कार्यकाल में कोटाडाबरी विद्युत सबस्टेशन से चालू करवाया था जो लगातार पांच साल तक ठीक चला उसके बाद एक उद्योगपति को उद्योग चलाने के कोसमंदा की आपूर्ति बंद कर दिया और फिर से यथावत सारागांव सबस्टेशन जोड़ दिया जहा हवा की हल्का झोंका आया लाईट बंद कर दिया जाता है और ये समस्या कोई नई नही है लाइन खराब होने पर स्वयं ग्रामवासी आधी रात को विद्युत कर्मी के सहायता के लिए पेट्रोलिंग पर जाते है एक दिन तो भाजपा नेता हरीश राठौर को लाइन पेट्रोलिंग दौरान एक बिच्छू ने काट लिया इस तरह से ग्रामवासी अपनी जान जोखिम में डालकर फाल्ट खोजते हैं जनप्रतिनिधियों ने ग्राम की समस्या को अवगत कराया पर आला विद्युत विभाग के अधिकारी केवल देखवा लेता हूं यही जवाब पिछले पांच साल से अधिकारी बोल रहे है जनप्रतिधियो के फोन काल कोई रिस्पांस नहीं मिला अंततः अब ग्रामवासी और भाजपा कार्यकर्ता एक जुट हो कर विद्युत विभाग और सब डिस्ट्रिक्ट में अल्टीमेटम दिया गया है की 17 जून तक कोसमंदा की बिजली कोटाडाबरी से बहाल नहीं किया तो 18 जून को कोसमंदा एनएच मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करने की चेतावनी दिया गया है,अब देखना होगा कि बिजली आपूर्ति कोटाडाबरी से बहाल करते है या ग्रामवासी को विद्युत विभाग चक्का जाम की मौन सहमति देती है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 02 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

# बिहान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

- सीईओ यादव ने जिले में आजीविका गतिविधि को बढ़ाने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com







कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर तथा जिला पंचायत सीईओ रीता यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में 02 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त विकासखण्डों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना पर समय-सीमा में लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक रणनीति पर 10 एवं 11 जून को सामाजिक समावेशन एवं संस्थागत निर्माण अंतर्गत समूह लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति एवं सैचुरेशन, लाकोस के माध्यम से ऑनलाईन समूह की एंट्री पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही गावं की गरीब महिलाओं एवं उनके स्व-सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच बनाने के लिए वित्तीय समावेशन के तहत सहायता उपलब्ध कराने हेतु आरएफ् सीआईएफप्रदाय एवं बैंक लिंकेज के बारे में बताया गया। स्व-सहायता समूहों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने के लिए समूह की सक्रिय महिलाओं में से बीमा सखी, वित्तीय साक्षरता-सीआरपी, बैंक सखी आदि सामुदायिक संवर्ग के माध्यम से बीमा को बढ़ावा देने, आजीविका गतिविधि को बढावा देने एवं लोकोस के माध्यम से आनलाईन समूह की प्रविष्टि में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। इसी कड़ी में कार्यशाला के दूसरे दिन जिले में आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिये गये। जिसमें बिहान ढाबा, बिहान चौपाटी, अन्य सफल आजीविका गतिविधियों को बड़े पैमाने पर किया जाये। जिलें में अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के लिए कार्य योजना बनाकर समय सीमा मे पूर्ण करने को कहा गया। साथ ही जिले मे कार्य कर रहे पीजी समूह, एफपीओ, लखपति पहल पर कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान कार्यशाला में रायपुर से आये टीम भी सम्मिलित हुए।

जिनके माध्यम से आजीविका संबंधी आगामी कार्ययोजना व पीवीटीजी परिवार को लाभान्वित करने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्मुखीकरण कार्यशाला में विकासखण्ड टीम द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रगति, आगामी कार्ययोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेण्टो से सम्मानित किया। कार्यशाला में जिला मिशन प्रबंधन इकाई एवं विकासखण्ड मिशन प्रबंधन इकाई के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पंजीकृत कार्यालयः 601 औ 602, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, छठी मंजिल, टावर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013

DCB BANK

सार्वजनिक नोटिस
आभूषण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को डीसीबी बैंक लिमिटेड-(डीसीबी बैंक) के पास गिरवी रखे आभूषणों के संदर्भ में डीसीबी बैंक लिमिटेड से प्राप्त सुविधाओं में संपूर्ण बकाया का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हम गिरवी रखे आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं क्योंकि वे पूरा बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। डीसीबी बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता(खातों) को हटाने/नीलामी तिथि(तिथियों) को बदलने का अधिकार है। नीलामी 22-06-2024 और 23-06-2024 को दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक https://gold.samil.in के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ग्राहक आईडी/नं. | ग्राहक का नाम | क्र. सं. | ग्राहक आईडी/नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| बेलोदा बाजार स्थान | | | कवर्धा स्थान | | |
| 1 | 104726112 | अमन सेन | 8 | 104701136 | हरमिंदर सिंह सलूजा |
| बेमेतरा स्थान | | | कुर्रा स्थान | | |
| 2 | 101227705 | पुष्पा साहू | 9 | 105204860 | प्रिंस पारख |
| 3 | 105582173 | रेखराज वर्मा | 10 | 102633705 | श्रवण राजपूत |
| धमतरी स्थान | | | परसदा स्थान | | |
| 4 | 104668564 | आकाश सोनी | 11 | 101423323 | अमित अशोक देशपांडे |
| दुर्ग स्थान | | | राजनांदगांव स्थान | | |
| 5 | 104673989 | लालाराम ठाकुर | 12 | 104703777 | आशियाना बानो |
| जांजगीर चांपा स्थान | | | 13 | 103360272 | बुद्धपाल मेश्राम |
| 6 | 106302841 | रामकुमारी साहू | | | |
| 7 | 102870594 | तिलेश्वर कुमार रे | | | |

इस प्रकाशन के माध्यम से, संबंधित उधारकर्ताओं/गिरवीकर्ताओं को अंतिम नोटिस और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे सभी ब्याज और शुल्कों के साथ ली गई सुविधा की पूर्ण राशि का भुगतान निर्धारित नीलामी तिथि से पहले या किसी भी तरह से करें, अन्यथा आभूषणों की नीलामी की जाएगी। आईटम निर्धारित नीलामी की तिथि पर उच्चतम बोली लगाने वाले को नीलाम नहीं किया गया तो बिना किसी अन्य सूचना के किसी अन्य दिन नीलाम किया जाएगा। नीलामी में भागीदारी और बोलियों की स्वीकृति डीसीबी बैंक के विवेक पर निर्भर होगी। कृपया ध्यान दें कि नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" "जो कुछ है" और "बिना किसी सहारे" के आधार पर की जाएगी। और डीसीबी बैंक आभूषण या उसकी नीलामी से संबंधित किसी भी दावे, विवाद, आपत्ति के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार और उत्तरदायी नहीं होगा।

नीलामी में भाग लेने के लिए विस्तृत नियम और शर्तों के लिए बोलीदाता कृपया https://gold.samil.in पर जा सकते हैं।

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड

दिनांकः 24.06.2024

## संपादकीय

### मोदी सरकार महत्वपूर्ण मंत्रालय

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी सरकार** में भाजपा ने महत्वपूर्ण मंत्रालय अपने पास रखने का निर्णय किया है। भाजपा द्वारा अपनी घटी शक्ति और गठबंधन साझीदारों, जैसे तेलगूदेशम पार्टी-तेदेपा व जनता दल युनाईटेड-जदयू के कथित दबाव के बावजूद केन्द्र सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय अपने पास रखने का निर्णय किया है। इस प्रकार भाजपा ने सत्ता पर अपने केन्द्रीकरण की गारंटी की है जिससे वह महत्वपूर्ण मंत्रालयों के जरूरी निर्णय स्वयं ले सकेगी। निश्चित रूप से इससे नीतिगत निरंतरता तथा सुशासन सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही 'लाल फीताशाही' पर लगाम रख कर सरकार के एजेंडे का तेजी से क्रियान्वयन भी सुनिश्चित होगा। महत्वपूर्ण मंत्रालय अपने पास रखने से भाजपा जनता में अपनी उपलब्धियों तथा सुशासन की क्षमता का प्रचार कर सकेगी जो सत्ता तथा अपना समर्थन आधार बनाए रखने के लिए जरूरी है। लेकिन विपक्षी दलों को आशंका है कि शायद भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के गठबंधन सहयोगी इससे असहमत हों। संबंधों में इस कारण तनाव पैदा हो सकता है, तेदेपा और जदयू जैसे शक्तिशाली क्षेत्रीय क्षत्रप इसे अपना अपमान समझ सकते हैं तथा वे ज्यादा साझीदारी की मांग भी कर सकते हैं। हालांकि, मोदी मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों ने न केवल शपथ ले ली है, बल्कि उन्होंने मंत्रालयों में अपना कामकाज भी संभाल लिया है। इसे देखते हुए फिलहाल ऐसी आशंका निराधार लगती है कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग में मंत्रिमंडल गठन पर कोई गंभीर विवाद है। हालांकि, महाराष्ट्र के एक गठबंधन सहयोगी ने कुछ आपत्तियां की थीं। जहां तक गठबंधन सहयोगियों की ओर से उनके क्षेत्रीय विकास



या विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए एजेंडे में कुछ परिवर्तन की संभावना है, प्रधानमंत्री इसके प्रति पूर्ण संवेदनशील हैं और उन्होंने इसके समुचित संकेत भी दिए हैं।

नरेन्द्र मोदी ने दूसरे कार्यकाल के अंत में ही अगली सरकार के लिए '100 दिन का एजेंडा' तैयार कर लिया था। यह एजेंडा सभी मंत्रियों को दिया गया है और इस पर उनके विचार मांगे गए हैं। सभी मंत्रियों के विचार मिल जाने के बाद इसे विस्तृत विचार-विमर्श के लिए नीति आयोग के समक्ष रखा जाएगा। स्वाभाविक रूप से इस प्रक्रिया में गठबंधन सहयोगियों की राय मिलेगी जिसका पूर्ण सम्मान किया जाएगा। गठबंधन की स्थिरता पर आशंका व्यक्त करने वालों को गौर करना चाहिए कि अतीत की तुलना में इस बार गठबंधन के प्रमुख दल- भाजपा की संख्या बहुत अधिक है और गठबंधन सहयोगी अनेक अन्य कारणों से भी इससे बाहर जाना पसंद नहीं करेंगे। तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं और भाजपा उनकी सरकार में शामिल है। बिहार में जदयू नेता नीतीश कुमार राजग गठबंधन के मुख्यमंत्री हैं और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी वे राजग का 'मुख्यमंत्री चेहरा' होंगे। दोनों नेता अपने राज्यों के विकास के लिए केन्द्र से अधिकाधिक सहायता और सहयोग चाहते हैं। मोदी ने न केवल इसका वादा किया है, बल्कि नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में उनकी उपस्थिति इसकी गारंटी भी है। इसके साथ ही पिछले दस वर्ष में मोदी सरकार द्वारा देश के विकास की त्वरित गति से गठबंधन साझीदार भी प्रसन्न हैं। इसे देखते हुए विश्वास किया जा सकता है कि वे अपने संकुचित क्षेत्रीय या दलीय हितों पर देश के हितों को वरीयता देंगे तथा भारत को विकसित देश बनाने में योगदान करेंगे। मोदी सरकार की स्थिरता व त्वरित कार्य क्षमता देश के विकास की गारंटी है।

# प्रचार के बाद अब संवाद जरूरी

भाजपा की चुनाव मशीनरी ने आक्रामक ढंग से चुनाव प्रचार किया। अब संवाद की प्रकृति बदल कर इसे सहमति आधारित बनाने की आवश्यकता है।



सिद्धार्थ मिश्रा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भाजपा की चुनाव मशीनरी ने हालिया लोकसभा चुनाव में आक्रामक ढंग से चुनाव प्रचार किया जिसका उसे कोई खास लाभ नहीं मिला। चुनाव परिणाम आने और मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब संवाद की प्रकृति बदल कर इसे सहमति आधारित बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना देश के लोकतांत्रिक इतिहास में उल्लेखनीय है। हालांकि, मतदाताओं ने इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से थोड़ा पीछे रखा, पर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग को बहुमत से काफी अधिक सीटें मिल गईं। भाजपा को अपने दम पर 2014 के लोकसभा चुनाव में 282 सीटें मिली थीं, जिनको बढ़ा कर उसने 2019 में 303 तक पहुंचा दिया था। इस बार उसे थोड़ा झटका लगा और उसकी सीटें 240 रह गईं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने पर उन लोगों को बहुत राहत मिली है जिन्होंने भारतीय बाजार में काफी निवेश किया है। शेयर बाजार में निवेश करने वालों में बड़ी संख्या में छोटे निवेशक तथा अमीर कार्पोरेट पेशेवर, दोनों शामिल हैं। भारत में आर्थिक सुधारों के अतीत पर सरसरी नजर डालने से कुछ चीजें बहुत स्पष्ट होती हैं। नरसिम्हा राव सरकार में 1991 में वित्त मंत्री के रूप में डा. मनमोहन सिंह ने जो आर्थिक सुधार शुरू किए थे, उनको नरसिम्हा राव के बाद के पांच प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में झटका लगा जिनमें स्वयं मनमोहन सिंह भी शामिल हैं। इन सुधारों की निरंतरता का महत्व इस तथ्य से समझा जा सकता है कि पिछले तीन दशकों में इन आर्थिक सुधारों ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को 'अत्यधिक गरीबी' से बाहर निकालने में सहायता की है।

आर्थिक दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दूसरे कार्यकाल में सरकार भारी जनादेश के बावजूद कृषि सुधार करने में सफल नहीं हुई। वह किसानों को 'नए कृषि कानूनों' और इससे किसानों को मिलने वाले लाभों के बारे में समझाने में विफल रही। इसका कारण किसानों से उसका ठीक से संवाद न होना था। मोदी सरकार की संचार मशीनरी द्वारा पैदा नकारात्मक विमर्श के कारण आर्थिक सुधारों व खासकर कृषि सुधारों को धक्का लगा। कहा जाता है कि पार्टी की संचार मशीनरी पर ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के 'आईटी सेल' ने कब्जा कर लिया है। इस नकारात्मकता के कारण न केवल नए कृषि कानूनों का क्रियान्वयन संभव नहीं हुआ, बल्कि यह अयोध्या में भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आने वाले महीनों में 'हिंदू गौरव' की भावना भी ठीक से जगा नहीं सकी।

संभवत: भाजपा के आक्रामक विमर्श में टेलीविजन चैनलों पर होने वाली तीखी बहसों को ज्यादा स्थान मिल गया। इनमें से अनेक को तथ्यों से समर्थन नहीं मिला था और इस कारण सोशल मीडिया पर होने वाली बहसें हानिकारक सिद्ध हुईं। तथ्यों की जांच करने वाले टूलों के वर्चस्व को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू की प्रेम कथाओं व ऐसी ही अन्य चीजों के प्रसारण से नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को पीछे धकेल दिया। भाजपा का 2024 में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान बहुत आक्रामक हो गया, लेकिन इसके बावजूद पार्टी अपने दम पर पूर्ण बहुमत प्राप्त करने से पीछे रह गई। वैसे चुनाव के पहले भी भाजपा की संचार मशीनरी कई बार जनता के समक्ष मोदी सरकार की उपलब्धियों को प्राथमिकता पर रखने के बजाय निरर्थक बहसों में उलझ गई जिसका पार्टी को कोई लाभ नहीं हुआ। किसान आंदोलन के दौरान भाजपा के संचार माध्यमों तथा उसके सोशल मीडिया मंचों ने किसानों को नए कृषि कानूनों के लाभ बताने में सफलता नहीं पाई। इसके बजाय संचार में इस विकृति के कारण किसान आंदोलन को 'हिंदुस्तानियों' व 'खालिस्तानियों' के बीच युद्ध के रूप में पेश कर दिया। हालांकि, किसान आंदोलन में शामिल एक तबका काफी आक्रामक था, पर इसे 'खालिस्तानियों' के रूप में पेश करने से व्यापक रूप से किसानों की भावनायें आहत हुईं।

आर्थिक व खासकर कृषि सुधारों के विरोधियों के एजेंडे को 'देश तोड़ने के एजेंडे' के रूप में पेश करने का विचार गलत था और भाजपा को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। इसके प्रभाव में न केवल प्रधानमंत्री मोदी को नए कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी, बल्कि भाजपा को इसका चुनावी नुकसान भी हुआ। वर्तमान लोकसभा चुनाव में किसानों की आहत भावनाओं के कारण भाजपा को न केवल पंजाब में नुकसान उठाना पड़ा, बल्कि कृषि सुधार व किसान कल्याण के अनेक उल्लेखनीय कदमों के बावजूद उसे इसका नुकसान देश के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी उठाना पड़ा।

अनेक पहलों ने लोगों को मोदी की दूसरी सरकार के पक्ष में खड़ा कर दिया था, पर प्रचंड बहुमत के क्रूर शक्ति प्रदर्शन के कारण उसकी इन पहलों का जमीन पर असर प्रभावित हुआ। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि सरकार की पहलें जमीनी स्तर पर उतनी प्रभावशाली नहीं थीं जिनका दावा अवस्थापना की प्रचार शाखा द्वारा किया जा रहा था। इस गलत दृष्टिकोण के कारण अमर्त्य सेन के 'आर्गुमेंटेटिव इंडियन' की भावना प्रकट करने वाले लोगों को 'राष्ट्रविरोधी' तक कह दिया गया। ऐसा लोगों द्वारा सरकार से असहमति की स्थिति में हुआ। इस कारण सरकार ने न केवल कुछ लोगों में सरकार-विरोधी दृष्टिकोण मजबूत किया, बल्कि वे सरकार के साथ आने के बजाय मजबूती से उसके विरोधी बन गए।

भाजपा नेतृत्व को परेशान करने वाला सबसे बड़ा सवाल यही हो सकता है कि जब उत्तर प्रदेश के निवासियों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का 'अत्यधिक उत्साह' से स्वागत किया तो उन्होंने इतने ही जोश के साथ चुनावी संघर्ष में पार्टी का समर्थन क्यों नहीं किया? इस मामले में एक बार फिर भाजपा की संचार मशीनरी ने भारी गलती की और उसने एक आनन्ददायक व उत्साहवर्धक क्षण को 'स्वामिभक्ति परीक्षा' में बदल दिया। इस कारण ऐसा लगा कि विपक्षी नेताओं को प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण एक प्रकार का 'छद्म राजनीतिक' कार्य बन गया तथा इसे स्वीकारने से इनकार करने वालों को 'हिंदू-विरोधी' के रूप में पेश कर दिया गया। कोई भी संचार विशेषज्ञ ऐसा माडल नहीं तैयार करेगा जो उसके गौरव के क्षण को विरोधियों पर खर्च करे। इस प्रकार भाजपा संचार मशीनरी द्वारा तैयार विमर्श अंतत: ऐसी स्थिति तैयार करने में लग गया जिससे भगवान रामलला की 'घर वापसी' विपक्षी नेताओं की 'अयोध्या वापसी' में बदल गई।

आज भाजपा सरकार तेलगू देशम पार्टी-तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू तथा जनता दल युनाईटेड के नीतीश कुमार से समर्थन प्राप्त कर रही है। ये दोनों नेता भले ही अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में शामिल न हुए हों, पर उन्होंने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार बनी तीसरी भाजपा नीत राजग सरकार का समर्थन किया है। विडंबना है कि अतीत में भाजपा के विरोध में खड़े होने की स्थिति में इन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन को भाजपा की 'राजनीतिक परियोजना' तक कहा था। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश और खासकर अयोध्या के मतदाताओं की सोशल मीडिया मंचों पर खुली निन्दा हो रही है। भले ही यह भाजपा-विरोधी या पहले भाजपा विरोधी रहे नेताओं को पसंद न आए, पर सोशल मीडिया पर आम जनता द्वारा व्यक्त भावनाओं को 'भाजपा के विस्तारित परिवार' की आलोचना बताना संभवत: अतिरंजना होगी।

तथ्य यह है कि जो जातियां और समुदाय भाजपा को वोट नहीं देते हैं, उन्होंने उनके राज्यों में नीतीश कुमार और नायडू को वोट दिया है। ऐसे में समय की आवश्यकता है कि संवाद की प्रकृति को टकराव से बदल कर सहमति में लाया जाए। यह सहमति न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के साझीदारों, बल्कि भारत के सभी हितधारकों के बीच बनना जरूरी है। वर्तमान स्थिति की मांग है कि राजनय के रूप में आर्थिक व रणनीतिक एजेंडे को प्राथमिकता दी जाए तथा सरकार का विरोध करने वालों को शत्रु के रूप में पेश न किया जाए।

# सेवा कार्यों में भाऊ साहब भुस्कुटे के कृतित्व की सुंगध




अरविंद कुमार मिश्रा
रायपुर

**स्वतंत्रता** के आंदोलन के दौरान देश में देशभक्ति की कई धाराएं प्रवाहित थीं। इनमें क्रांतिकारी धारा युवाओं को राष्ट्र के नाम बलिदान होने के लिए प्रेरित कर रही थी। वहीं दूसरी धारा ने जेल भरो और सत्याग्रह को स्वतंत्रता के संघर्ष का हथियार बनाया। अंग्रेजों की दासता के विरुद्ध स्वतंत्रता का एक अखंड आह्वान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक आद्य सरसंघचालक पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने किया, उन्होंने तरुण-युवा समेत संपूर्ण हिंदू समाज को जाति पंथ से ऊपर उठकर एकजुट होने और देश के लिए जीने की प्रेरणा थी। 1930 के दशक से आज तक यह परंपरा अखंड रूप में राष्ट्र की सेवा में अविरल प्रवाहित है। गोविंद कृष्ण भुस्कुटे उपाख्य भाऊ साहब भुस्कुटे राष्ट्र प्रेम की इसी अविरल धारा से निकले थे। 14 जून 1915 को उनका जन्म मध्य प्रदेश के ब्रह्मापुर (बुरहानपुर) में हुआ था।मध्य प्रदेश के निमाड़ अंचल के एक अत्यंत समृद्ध परिवार से आने वाले श्रीभाऊसाहब भुस्कुटे ने राष्ट्रकार्य का मार्ग चुना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में तत्कालिन मध्यक्षेत्र (वर्तमान मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,नागपुर,ओडिशा) में अलग-अलग दायित्व में समाजकार्य किया।

वह एकबहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके साथ कार्य कर चुके प्रबुद्ध जनों के अनुसार कुशल लोकसंग्रही, चिंतक, लेखक और समाजसेवी थे। भाऊसाहब की प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही हुई थी, 1932 में उन्होंने मैट्रिक शिक्षा उत्तीर्ण की। महाविद्यालयीन शिक्षा हेतु वह नागपुर गए और वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक पूज्य डॉ हेडगेवार जी के संपर्क में आए और प्रचारक निकले। खंडवा में विभाग प्रचारक, महाकौशल प्रांत में प्रांत कार्यवाह इसके बाद मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक (1964-1989) के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन के दौरान उन्होंने अनगिनत स्वयंसेवक तैयार किए।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हिंदू समाज को संगठित करने वाले अग्रणी सामाजिक विभूति थे।आपातकाल (1975-1977) के विरुद्ध संघर्ष में उन्हें जेल भी जाना पड़ा। उनकी अध्ययनशीलता का आकलन इसी बात से



भाऊसाहब भुस्कुटे : राष्ट्र को समर्पित एक आदर्श गृहस्थ सन्यासी

लगाया जा सकता है कि उन्होंने जेल में ही हिंदू धर्म मानव धर्म ग्रंथ पुस्तक की रचना कर डाली। जेल में ही उन्होंने अन्य कैदियों को संस्कृत और अंग्रेजी भाषा सिखाई। भाऊसाहब भुस्कुटे जी के प्रत्येक कृतित्व के पीछे राष्ट्र का विचार छिपा होता था। इसका एक आदर्श उदाहरण उस समय भी मिलता है जब चीन के साथ 1962 के युद्धकाल में अपने खेतों में उन्होंने उच्च लाभ देने वाली वाली कपास की खेती के बजाय गेंहू की व्यापक पैमाने पर खेती करवाई। उन्होंने ऐसा देश में खाद्यान संकट की उपजी परिस्थितियों को देखते हुए किया। पूर्व सरसंघचालक पूज्य केसी सुदर्शन जी कहा करते थे, ÷वह सामान्यतः एक साथ न पाए जाने वाले गुणों का अद्भुत संगम थे।''

अपने माता-पिता की इकलौती संतान रहे श्रद्धेय भुस्कुटे जी ने गृहस्थ जीवन के पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज का कार्य किया। आज उन्हें आदर्श गृहस्थ सन्यासी के रूप में स्मरण किया जाता है। भाऊसाहब वृत्ति से परम सात्विक होते हुए भी कर्म से कठोर, प्रखर विद्यान, निरहंकारी तथा श्रीमंत परिवार मंष जन्म होते हुए भी वंचित वर्ग के उत्थान के लिए वह एक साधक के रूप में कार्य करते रहे।

कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो न सिर्फ अपने जीवनकाल बल्कि भावीपीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अनंत īत होते हैं।स्वर्गीय भाऊ साहब भुस्कुटे के व्यक्तित्व का आकलन मध्य प्रदेश के हरदा जिला स्थित टिमरनी में संचालित सेवा प्रकल्पों से सहज होता है। समाज के सहयोग से संचालित भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर द्वारा शिक्षा, उद्यानिकी, स्वरोजगार, जल संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर, गौ अनुसंधान केंद्र और कौशल विकास के अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। टिमरनी और उसके आसपास भाऊसाहब भुस्कुटे के कृतित्व की सुगंध इन प्रकल्पों से सहज ही विसरित होती है। इनमें जैविक खाद उत्पादन इकाई, जैविक कीटनाशक उत्पादन इकाई, शिक्षा के क्षेत्र में कक्षा उदय से 12वीं तक विद्यालय, कन्या विद्यालय, छात्रावास, शिशु वाटिका प्रमुख है। इसी तरह स्थानीय समाज के सहयोग से उद्यानिकी में जड़ीबूटी, फ्लोद्यानविकसित किया गया है। यह सभी प्रकल्प ग्राम्य विकास के अनुपम उदाहरण हैं।यहां पिछले तीन दशक से लगातार आयोजित हो रही व्याख्यानमाला ने टिमरनी को देश का एक बड़ा बौद्धिक विमर्श का केंद्र बनाया है। स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षा, राष्ट्रीय एकात्मता एवं मंदिर आंदोलन, स्वाधीनता आंदोलन में जनजातीय समाज की भूमिका समेत अनेक ज्वलंत मुद्दों पर यहां सुप्रसिद्ध चिंतक आख्यान प्रस्तुत कर चुके हैं। समाज को राष्ट्रनिष्ठ चिंतन, आचरण और कृतित्व का उदाहरण पहले स्वंय करके दिखाने वाले श्रद्धेय भाऊ साहब 1 जनवरी 1991 को कायारूप में हमारे बीच से भले ही ओझल हो गए हों, लेकिन उनका यशस्वी कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## आप की बात

### मोदी की तीसरी पारी

**आम चुनाव** में गठबंधन सरकार के जनादेश के बाद मोदी सरकार की तीसरी पारी शुरू हुई है। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं देकर जनता ने ऐसी स्थिति निर्मित कर दी है कि राजनीतिक दल चाह कर भी इतरा नहीं सकते हैं। ऐसे में सरकार की बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की इच्छा के अनुरूप काम करें। इसमें विपक्ष को भी सकारात्मक रूख अपनाना पड़ेगा क्योंकि किसी भी काम में फिजूल अड़चन पैदा करने से जवाबदेही तो उसकी भी तय होगी। भले ही मोदी की तीसरी पारी में उनके पास पहली दो पारियों जितना भाजपा का बहुमत न हो, पर देश-दुनिया में उनका राजनीतिक कद बहुत बड़ा हो गया है। वे पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले नेता बन गए हैं। उनके नेतृत्व में देश ने पिछले दस साल में अभूतपूर्व व असाधारण प्रगति की है जिसे स्वयं मोदी ने केवल ट्रेलर कहा है। ऐसे में विपक्षी दलों को संसद में बवाल और सरकारी योजनाओं पर निरर्थक सवाल उठा कर देश की प्रगति में बाधा नहीं डालनी चाहिए। यदि विपक्ष अपनी आदत में सुधार नहीं करता है तो देश की जनता आगामी आम चुनाव में उसे पुन: मूषको भव का शाप दे सकती है। भाजपा को भी सहमति व सर्वानुमति बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा।

**- अमृतलाल मारू,** इंदौर

### नीट पर विवाद

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी**-एनटीआई संचालित नीट परीक्षा का रिजल्ट घोषित होते ही पेपर लीक और नंबर देने में गड़बड़ी से जुड़े वे आरोप फिर सामने आ गए जो पहले भी सिर उठा चुके हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने कौसिलिंग रोकने के आदेश नहीं दिए, पर उसने केन्द्र सरकार तथा एनटीआई से जवाब मांगा है। नीट पर हालिया विवाद को देखते हुए मोदी की नई सरकार को पूरी व्यवस्था की गहन समीक्षा करनी चाहिए। उच्च स्तरीय अध्ययन और नौकरी के लिये दी जाने वाली परीक्षाओं मे पहले भी पेपर लीक होने और कई तरह की अनियमितता के आरोप लगाते रहे हैं। इस बार भी एक ही कोचिंग इंस्टिट्यूट से 67 छात्रों का शत प्रतिशत अंक लाना हेराफेरी की आशंका उजागर करता है। इन परीक्षाओं केलिए प्रतिभाशाली छात्र कठोर परिश्रम करते हैं, महंगी कोचिंग क्लासेस अटेंड करते हैं और बड़े शहरों में आकर हॉस्टल व खाने का भारी खर्च उठाते हैं जो लाखों रुपए प्रतिवर्ष होता है। बेईमानी और अनियमितता रोकने के लिए कई तरह के आश्वासन दिए जाते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप तथा सरकार की सक्रियता से ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जो छात्रों व उनके माता-पिता को संतुष्ट कर सके।

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### आत्मावलोकन का समय

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कम सीटें मिलने पर अनेक प्रकार की चर्चा हो रही है। यदि ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो यह परिणाम भी एक प्रकार से भाजपा की विजय और लोकप्रियता का ही प्रतीक है।10 वर्षों के शासन के उपरान्त भी भाजपा को मात्र 8 प्रतिशत ही मत कम मिले। फिर भी कम सीटें मिलने के कारण समझने होंगे। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपनी उन लोक हितकारी योजनाओं पर पुनर्विचार करना होगा जिनसे वही वर्ग लाभान्वित हुआ है जिसके बूथों पर उसे एक भी वोट नहीं मिला। दूसरे, अन्य दलों की तुलना में भाजपा ने रेवड़ी की घोषणाएं नहीं की जिनसे बदलने वाला मतदाता अधिक प्रभावित होता है। संभवत: अन्य दलों की तुलना में जातीय समीकरण को बिठाने में भी भाजपा पीछे रह गई। भाजपा अध्यक्ष का यह बयान भी घातक सिद्ध हुआ कि अब हमें संघ के सहयोग की भी आवश्यकता नहीं है। वर्तमान चुनाव पूरा मोदी बनाम समस्त विपक्ष बनकर रह गया था। भाजपा को आत्मवलोकन कर इस बात पर भी गौर करना होगा कि उसके अनेक सांसदों व विधायकों ही नहीं, सामान्य कार्यकर्ताओं में भी अहंकार व्याप्त हो गया था। देखना होगा कि इस झटके के बाद भाजपा अपने भीतर कितना सुधार लाती है।

**- नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### हिंदुत्व की राजनीति

हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होना हिंदुत्व की राजनीति का फेल होना नहीं है। यदि ऐसा होता तो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, उड़ीसा आदि प्रदेशों में उसे एकतरफा जीत नहीं मिलती। विडंबना है कि इस बार विपक्ष ने मुसलमानों को हर तरह से साधने के प्रयास किया हैं, उनके साथ गुप्त बैठकें हुई हैं और वोट जिहाद जैसा नारा भी उभर कर सामने आया है। इसके साथ ही जहां मुस्लिम मतदाता शत-प्रतिशत वोटिंग करते हैं वहीं बहुत से हिंदू मतदाता घर से निकल कर वोट डालने की जहमत भी नहीं उठाते। आंकड़ों से स्पष्ट है कि हिंदुओं का वोटिंग प्रतिशत 60, एग्जिट पोलमें इंटरेस्ट 99 प्रतिशत और चुनाव परिणाम में 10 पर्सेंट रुझान होता है। खासकर हिंदुओं में खातेपीते लोग मतदान, चुनाव व राजनीति में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। ऐसे लोग लगातार आलसी होते जाते हैं और हर काम के लिए नौकरों पर आश्रित हैं। उनको मतदान करना फिजूल लगता है, लेकिन उनको देश के उन मुस्लिम-बहुल क्षेत्रों में हिंदुओं की स्थिति पर गौर करना चाहिए जो बढ़ते मुस्लिम वर्चस्व से लगातार असुरक्षित अनुभव करते हैं।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# गोंडवाना समाज का इतिहास अत्यंत प्राचीन एवं वैभवशाली : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के वन, जलवायु परिवर्तन एंव जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि गोंडवाना समाज का इतिहास अत्यंत प्राचीन एवं वैभवशाली है। कश्यप 12 जून को डौण्डी विकासखण्ड के सुदुर वनांचल के ग्राम बेलोदा में ब्लॉक गोंडवाना समाज द्वारा 11 एवं 12 जून को आयोजित दो दिवसीय गोंडवाना युवा महोत्सव एवं सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष आत्माराम कौर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, नगर पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष सोमेश सोरी, मोहन हिड़को, तुलसीराम मरकाम, गंगाराम दर्रो, श्रीमती अनिता कुमेटी एवं अन्य सामाजिक प्रमुखों के अलावा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।






आदिवासी समाज के रगों में शहीद वीरनारायण सिंह, शहीद गैंद सिंह नायक जैसे महान देशभक्तों एवं अमर शहीदों का रक्त प्रवाहित हो रहा है। कश्यप ने कहा कि आदिवासी समाज के महान क्रान्तिकारियों एवं देशभक्तों ने आजादी की लड़ाई में बहुमूल्य भूमिका अदा करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उन्होंने कहा कि हमारा विरासत एवं इतिहास अत्यंत गौरवशाली है, जो आज भी देशभक्ति एवं जलकल्याण के पुनीत कार्य के लिए हमें प्रेरित कर रहा है। इस अवसर में मंत्री कश्यप ने ग्राम बेलोदा में गोंडवाना भवन के निर्माण हेतु 25 लाख रूपये एवं डौण्डी विकासखण्ड को बस्तर विकास प्राधिकरण में जोड़ने की घोषणा भी की। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर ग्राम बेलोदा में अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा ग्राम बेलोदा में सड़क निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने सुदुर वनांचल के ग्राम बेलोदा में गोंडवाना युवा महोत्सव एवं सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यशाला के आयोजन की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि उसके माध्यम से हमारे नवयुवकों को समाज की रीति-नीति तथा संवैधानिक अधिकार एवं सामाजिक क्रियाकलाप आदि की जानकारी मिलती है। उन्होंने नवयुवकों को अपने ऊर्जा का उपयोग समाज हित एवं जनकल्याण कार्य में करते हुए जीवन में विशिष्ट उपलब्धि करने को कहा। इस अवसर पर कश्यप ने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के बागडोर सम्हालने के बाद आदिवासी समाज सहित समाज के सभी वर्गों के चहंमुखी विकास हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि आज राज्य के मुखिया के पद पर हमारे आदिवासी समाज का व्यक्ति विराजमान है। इसके अलावा देश के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर भी हमारे समाज का व्यक्ति पदासीन है। कश्यप ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार आदिवासी तथा सम्पूर्ण वर्ग के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है। कश्यप ने कहा कि हमारे नवयुवकों में विकास के असीम संभावनाएँ है, बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन एवं दिशाबोध प्रदान करने का। इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने समाज के युवा-युवतियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम स्थल पर पहुचने के पूर्व मंत्री कश्यप ने ग्राम बेलोदा में स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर गोंडवाना समाज एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष आत्माराम कौर ने कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष विकास मरकाम ने आदिवासी समाज के इतिहास एवं गौरवशाली विरासत के संबंध में रोचक एवं प्रेरणास्पद जानकारी दी। पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम ने समाज के नवयुवकों को देश व समाज के भावी भविष्य बताते हुए कड़ी मेहनत कर अपने माता-पिता, देश व समाज का नाम रौशन करने को कहा। इस अवसर पर समाज के द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में गोंडवाना समाज के युवा-युवतियों के द्वारा गोंडवाना संस्कृति पर आधारित सांस्कृति कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

# मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक का हुआ दल्ली राजहरा आगमन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक का दल्ली राजहरा आगमन हुआ। वे भाजपा के युवा नेता जयदीप गुप्ता के निवास पहुचें। तुसली कौशिक के साथ में लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम व सतीश अग्रवाल भी उपस्थिति थे । गुप्ता के निवास आगमन पर व्यापारी संघ व समाज के लोगो ने मुलाकात कर अपनी मांग रखी । चेम्बर ऑफकामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाधीन जैन व आशीष लालवानी ने मांग किया कि बालोद जिले में दल्ली राजहरा सबसे बड़ा नगर है इसलिए बालोद जिले का नाम बदल कर बालोद दल्ली राजहरा जिला रखा जाये । वहीं राजहरा व्यापारी संघ द्वारा मांग की गई कि केंद्रीय विद्यालय अतिशीघ्र चालू किया जाये , 2।0 एकड़ भूमि का निःशुल्क पट्टा या रियायती दर प्रदान किया जाये, लघु उद्योग के लिए 20 एकड़ जमीन आबंटित किया जाये , जमीन रजिस्ट्री को सरलीकरण व निःशुल्क किया जाए, बाईपास सड़क का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये , खनिज न्यास राशि का 50त्न दल्ली राजहरा में खर्च किया जाये, 100 बिस्तर अस्पताल जल्द चालू किया जाये, बालोद जिला का नाम बदल कर बालोद दल्ली राजहरा जिला किया जाये आदि मांग को राजहरा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने रखा। साहू समाज के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने निर्माण कार्य के लिए अनुदान मांगा है । तुलसी कौशिक व लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम के आगमन के दौरान भाजपा नेता सुरेश जायसवाल, विशाल मोटवानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा स्वाधीन जैन,सोमेश साहू, मनोज दुबे, पत्रकार शेखर गुप्ता,अजयं अग्रवाल,राजेश पटेल, आशीष लालवानी, विजय भान सिंह, हितेश कुमार , आलोक जैन, संदीप गोगड़, महावीर चोपड़ा, अमित जायसवाल,निखिल शर्मा, अर्जुन, पुनीत, अभिजीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे ।

## राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/ प्राक्षिकों/निर्णायको को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। खेल व युवा युवा कल्याण विभाग ने खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों/ प्रशिक्षकों/ निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो।

# चार दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के पहले दिन रक्तदान शिविर

## महोत्सव का आयोजन माहेश्वरी समाज बेमेतरा द्वारा किया गया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उद्घाटन सत्र मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर रणवीर शर्मा एवं अतिथि के रूप में शासकीय जिला चिकित्सालय सहायक निरीक्षक डॉक्टर आर आएस चुरेंद्र एवं ए डी जे शर्मा जिला अध्यक्ष देवरत्न तापड़िया सुनीता दुलीचंद चांडक माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अरुण राठी युवा संगठन अध्यक्ष दिलीप बंटी चाचा के उपस्थिति मे संपन्न हुआ । माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अरुण राठी ने अपने उद्बोधन में माहेश्वरी समय की और से अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुवे । समाज द्वारा संपादित कार्य व महेश नवमी 2024 आयोजन की संक्षिप्त जानकारी दी । कलेक्टर शर्मा ने कहा कि एक सशक्त समाज सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं ।रक्त दान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं।




ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जो कि पूरी तरह से गलत धारणा है। उन्होंने कहा की जब किसी भी समाज का नाम आता है, तो सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। अगर सारे समाज सशक्त हो तो एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करता है, और समाज सशक्त तब होता है जब वह शिक्षित व स्वस्थ हो, आप सभी को फिट रहना चाहिए स्वस्थ रहना चाहिए, और सभी को शिक्षित होने के साथ - साथ किताबे पड़ना चाहिए ।इसके लिए उन्होंने भवन मे वॉचनालय का व्यवस्था की अपील की । कभी कभी ऐसा होता है, कि जरूरतमंदों को रक्त नही मिलता तो जाने चली जाती है। तो यह अत्यंत दुख का विषय रहता है तो इसमें रक्तदान एक सकारात्मक कदम है । शराब छोड़ो दुध पियो का उद्बोधन करते हुए कहा कि हमें साथ साथ मेहनत करना हैं । रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है ।उन्होंने कहा की स्व-प्रेरित होकर रक्तदान करना बड़ी बात हैं ।इसी वजह से बड़ी संख्या में हर समाज के लोग युवा महिलाएं आकर सुरक्षित रक्तदान कर रहे हैं। इस गर्मी के मौसम में भी बाहर निकल कर किसी का जीवन बचाने के लिए रक्त दे रहे हैं, यही सच्चे इंसान की पहचान है।

**रक्तदान शिविर में 35 लोगो ने रक्तदान किया**

माहेश्वरी समाज की ओर से हम उन्हें बहुत बहुत साधुवाद देते हैं एवं जिला अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त करता है। इस आयोजन मे उपस्थित समाज बंधु संजू जी लखोटिया अशोक जी राठी प्रवीण लखोटिया रमन काबरा तारा चंद चाचा नीरज चांडक महेश भूतड़ा रितेश तापड़िया वर्षा लखोटिया रेनू राठी कु नीतू कोठारी कुमारी स्मिता लखोटिया मोतीलाल गिलढा संजय बजाज अमित राठी सुनील डागा रितेश तापड़िया मनोज राठी राहुल राठी संदीप राठी विजय मूंदड़ा एवं अन्य साथी गण उपस्थित रहे। आभार बंटी चाचा व संचालन चंद्रप्रकाश मूंदड़ा ने किया ।

# चार जिले के चार शिक्षकों ने बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य हेतु पुस्तक की रचना किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग चार जिलों की शिक्षकों द्वारा बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर शिक्षा प्रदान करने हेतु एक योजना बनाकर बच्चों के सुरक्षित स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन के लिए जागरूक करने खुशहाल जीवन नामक पुस्तक का निर्माण किया गया। इस पुस्तक का उद्देश्य व्यक्तिगत सुरक्षा,स्वस्थ जीवन शैली और बीमारियों से बचाव व उपाय के बारे में जानकारी प्रदान करके उन्हें समृद्ध जीवन की ओर प्रेरित किया जाना है।स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए यह पुस्तक मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है।

इस पुस्तक का विमोचन जिला शिक्षा कार्यालय बेमेतरा में डॉ.कमल कपूर बंजारे( जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा),कमल नारायण शर्मा (ए पी सी बेमेतरा ),डी.पी.कोइरी (असिस्टेंट बीईओ नवागढ़),राजेंद्र साहू (बी आर सी सी बेमेतरा),खोमलाल साहू( बी आर सी सी बेरला) के कर कमलो द्वारा हुआ। डॉ कमल कपूर बंजारे ने खुशहाल जीवन पुस्तक के सभी रचनाकार शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपनी शालाओं में बच्चों की शिक्षा में काम करते हुए उनकी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान लिए जो अतिरिक्त समय शिक्षा पर दे रहे हैं जो इस पुस्तक के माध्यम से बच्चों की बेसिक शिक्षा को मजबूत बनाता है वह काबिले तारीफ है। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम जिला बेमेतरा की समस्त स्कूलों में इस पुस्तिका को पहुंचाये और बच्चे इसका भरपूर लाभ ले सके। कमल नारायण शर्मा जी द्वारा कहा गया कि आप सभी शिक्षकों ने जो बच्चों के स्वास्थ्य जीवन के लिए पुस्तिका के माध्यम से जो पहल किया है वाकई यह बच्चो के लिए बहुत मददगार साबित होगा। राजेंद्र साहू द्वारा जानकारी दीया गया कि यह पुस्तक ऑनलाइन प्लेटफार्म में भी उपलब्ध है।पुस्तक में लिखी गई प्रत्येक विवरण का यूट्यूब लिंक भी उपलब्ध है जो पुस्तक में दिया हुआ है। रचनाकार ज्योति बनाफर ने बताया की इस पुस्तिका का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव के उपाय ,विभिन्न दुर्घटना से हम अपनी बचाव और दुर्घटना से शिकार हो जाने पर तत्परित प्राथमिक उपचार कैसे किया जाए इन सब की जानकारी बहुत ही सरल एवं कम शब्दों में दी गई है। इस तरह से कुल 41 समस्याएं जैसे की सर्पदंश डायरिया एनीमिया वज्रपात मधुमक्खी का डंक,दांतों में सड़न मानसिक तनाव माहवारी उल्टी थैलेसीमिया बाढ़ धूम्रपान से नुकसान भूकंप अंधविश्वास आदि से बचाव एवं सुरक्षा की जानकारी दी गई है। इस पुस्तिका के निर्माण में बेमेतरा जिले से ज्योति बनाफर ,दुर्ग जिले से सुके शारदा ,शक्ति जिले से पुष्पेंद्र कुमार कश्यप ,महासमुंद जिले से रिंकल बग्गा शामिल हुए। यह सभी शिक्षक गण कोरोना काल में भी नित नवाचार प्रयास कर अपना योगदान स्कूल शिक्षा में दे चुके हैं।

## बाईपास सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत होने के बाद भी काम नहीं हो रहा

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बढ़ते यातायात की वजह से जहां आम जनों को परेशानी हो रही है तो वहीं दुर्घटना की संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता। नगर से बाईपास सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत होने के बाद भी अब तक इस ओर कुछ काम होता नहीं दिख रहा है। नगर के मुख्य मार्ग से गुजरने वाली सड़क से वाहनों का आना-जाना दिनभर लगा रहता है यह मुख्य मार्ग नगर के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र से होकर निकलता है और यह मार्ग राजनांदगांव, दुर्ग तथा बस्तर की ओर जाता है इसलिए सभी प्रकार के वाहनों का इस मार्ग से आना जाना लगा रहता है। आसपास खदान क्षेत्र से चलने वाली भारी वाहनों की वजह से यातायात काफी बाधित हो रहा है इस समस्या को सुलझाने के लिए जिम्मेदार लोग किसी प्रकार का प्रयास नहीं कर रहे हैं । भारी वाहनों की वजह से इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है अभी एक हफ्ता पहले ही एक ट्रक से टकरा जाने की वजह से न्यू मार्केट क्षेत्र में एक महिला की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद भी प्रशासन सतर्क नहीं दिखाई दे रहा है इधर राजहरा व्यापारी संघ कई बार मांग कर चुका है कि बाईपास सड़क जो तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय स्वीकृत था उस पर काम क्यों नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात तो यह है कि क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि भी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। राजहरा नगर को सिर्फ भगवान के भरोसे छोड़कर बैठे हुए हैं। चर्चा इस बात की है कि दल्ली राजहरा नगर के लिए किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध क्यों नहीं कराई जा रही है। बाईपास सड़क आज की स्थिति को देखते हुए काफी आवश्यक समझी जा रही है। इस सड़क के बन जाने से भारी वाहनों का आना-जाना नगर के बीच से बंद हो सकता है तथा यातायात नियंत्रित भी किया जा सकता है। पर स्थानीय प्रशासन तथा जिला प्रशासन इस ओर क्यों ध्यान नहीं दे रहा है यह चर्चा का विषय है। क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया जो पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री भी थी वह भी बाईपास सड़क के लिए कुछ नहीं कर पाई। आज भी लोग उनसे इस ध्यान देने के लिए कह रहे हैं इसके बावजूद भी उनका इस ओर कोई प्रयास नहीं दिख रहा है। बाईपास सड़क नहीं बनने की वजह से आम जनता में काफी असंतोष दिख रहा है।

# एन पीके खाद और एस एसपी खाद का भण्डारण हुआ

## डी.ए.पी. के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके खाद का उपयोग करने की अपील

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिले के किसान अब अपनी खेती-बाड़ी में जुट गए है। जिले में ऋणी कृषकों की संख्या अधिक होने के कारण राज्य शासन के द्वारा 60:40 के स्थान पर 70:30 के अनुपात में सहकारी और निजी दुकानों को खाद आबंटन करने का निर्णय लिया गया है अर्थात् 70 प्रतिशत या 70 प्रतिशत से अधिक खाद रैक प्वाइंट से बेमेतरा जिले को खाद की आपूर्ति मार्कफेड के माध्यम से की जा रही है । जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा खरीफ सीजन वर्ष 2024-25 की तैयारियों की नियमित समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने जिले को मिले खाद-बीज आंबटन और उनके भण्डारण तथा समितियों के माध्यम से किसानो तक वितरण व्यवस्था की पूरी गहनता से समीक्षा की। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किसानों के खेती-किसानी की तैयारियों को विशेष ध्यान में रखते हुए कहा कि जिले को मिले खाद-बीज के आबंटन के आधार पर उपलब्ध खाद एवं बीज समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी बाताया गया कि जिले में डीएपी खाद की मांग अधिक है, लेकिन इस खाद की उपलब्धता मांग के तुलना में कम है। डीएपी खाद के विकल्प में सिंगल सुपर फास्फेट खाद खेती-किसानी के लिए बहुत ज्यादा उपयोगी और गुणकारी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएपी खाद के विकल्प के रूप में खेती-किसानी के लिए सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके खाद की महत्व को किसानों को बताने की जरूरत है। कृषि विभाग के अधिकारी अपने अमलो के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी के लिए समसमायिक उचित और सही सलाह दे, ताकि किसान भाई अपनी बेहतर खेती-किसानी कर सके। कलेक्टर ने कहा कि खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण एवं वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। शासन के द्वारा जिले के खाद भण्डारण का लक्ष्य 50520 मी.टन से बढ़ाकर 58940 किया गया । लक्ष्य के विरूद्ध 46182 मी.टन खाद जिले को आज तक प्राप्त हुई है जो पिछले साल के कुल खाद वितरण का 80 प्रतिशत है तथा 33833 मी.टन खाद का वितरण कृषकों को किया जा चुका है अर्थात् 59त्न खाद वितरण कृषकों किया जा चुका है । डीएपी का कुल संशोधित लक्ष्य 17920 मेट्रिक टन के विरुद्ध 11607 मेट्रिक टन डीएपी का भंडारण समितियों में किया जा चुका है इस प्रकार अभी तक 65त्न डीएपी खाद ज़िले को प्राप्त हो गई है। कृषक बंधुओं से अपील है कि समितियों में भंडारित खाद बीज का शीघ्र उठाव करें।

# 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंध

## नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास और देना होगा दस हजार रुपए का जुर्माना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट, विपणन एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं । विगत वर्ष की भांति वर्ष 2024-25 में भी 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंध रहेगा। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है उसके अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर



सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा । जारी आदेश में कहा गया है की वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 19।2 की धारा-3, उपधारा-2, (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को 'बंद आऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है, अतः जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब / जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किये गये हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024, तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) क अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10000/- रू का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, में लागू नहीं होंगे।

# बेरला जनपद पंचायत में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया शपथ ग्रहण

## विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के बेरला जनपद पंचायत उप चुनाव संपन्न होने के बाद आज नवनिर्वाचित जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण कार्यक्रम जनपद पंचायत बेरला के सभागार मे संपन्न हुआ ।कार्यक्रम की शुरुवात दोपहर 1:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ ।तत्पश्चात नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष अंजनी प्रीतम चंदेल उपाध्यक्ष यामिनी वैष्णव एवं समस्त जनपद सदस्य गण शपथ ग्रहण बेरला एसडीएम पिंकी मनहर ने शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण कार्य मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल,नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य गणों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत तिलक फूल माला एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, बेरला एसडीएम पिंकी मनहर जनपद अध्यक्ष अंजनी प्रीतम चंदेल, उपाध्याय यामिनी वैष्णव, समस्त जनपद सदस्य गण, हर्ष वर्धन तिवारी,नीलू राजपूत, कन्हैया सेन, प्रहलाद वर्मा, पुरुषोत्तम यादव,अजय साहू, सेवाराम साहू, नीरज राजपूत,डोमेन्द्र राजपूत,मोहित साहू,जहर साहू, हिमेन्द्र



साहू, टिकेंद्र साहू,अलख नायक, राजेंद्र वर्मा, राज साहू, दीक्षांत साहू, पुरुषोत्तम साहू, द्रोपती साहू, लता वर्मा सहित जनप्रतिनिधि गण समाजसेवी एवं नागरिक गण उपस्थित रहे । विधायक साहू ने नवनिर्वाचित सदस्यों को पद भार ग्रहण करने पर कहा की अब नए शिरे से गांव का विकास, क्षेत्र का विकाश होगा, आम लोगो का विकाश होगा ।जो अभी तक अवरुद्ध था ।राज्य और केन्द्र सरकार आम जनमानस के लिए जानकल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है ।जिनका लाभ लोगो को नहीं मिल पा रहा था ।अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्याय और जनपद सदस्य गणों के नेतृत्व मे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं का प्रचार प्रसार होगा और आम लोगो तक सरकार की योजनाए पहुंचेगी ।जिससे आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ होगा । और हम सब मिलकर सबका साथ सबका विकाश की राह को लेकर क्षेत्र,गांव और आम जनताओं का विकाश करेंगे ।

# जिले के शिक्षा विभाग ने शाला प्रवेश उत्सव को लेकर विकासखंड वार चालू की बैठके

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एवं शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के दिशा निर्देशानुसार शक्ति जिले में आगामी 18 जून को आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं, तथा इसी श्रृंखला में 13 एवं 14 जून को दो दिनों तक शक्ति जिले के सभी विकासखंडों में बैठक आयोजित कर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी, शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के दिशा निर्देशन में एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल सहित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं 13 जून को जैजैपुरबके सद्भावना भवन एवं डभरा के पीआरपी भवन में उपरोक्त बैठक आयोजित की गई, साथ ही 14 जून को शक्ति के कलेक्टर सभा कक्ष एवं मालखरौदा के जनपद सभा कक्ष में उपरोक्त बैठक आयोजित होगी एवं इस बैठक में जहां निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा होगी, तो वही प्रमुख रूप से शाला प्रवेशोत्सव की आवश्यक तैयारीयो की समीक्षा, शाला भवन परिसर की साफ-सफाई एवं रंग रोगन व मरम्मत, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण एवं सायकल वितरण की तैयारी की समीक्षा,चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति एवं पूर्णता पर चर्चा,यू-डाईस डाटा का सत्यापन, SMC/SMDC का गठन एवं बैठक आयोजन की समीक्षा,मध्यान्ह भोजन संचालन की तैयारी, न्योता भोजन आयोजन एवं पोषण वाटिका (किचन गार्डन स्थापना पर चर्चा, विद्यार्थियों हेतु फर्नीचर / टाट पट्टी की व्यवस्था एवं विज्ञान सामग्री की आवश्यकता,पेय जल, शौचालय एवं विद्युत सुविधा की उपलब्धता की समीक्षा,मरम्मत योग्य / जर्जर शाला भवन की जानकारी तथा शाला परिसर में स्थित ऐसे भवन जो अति है, डिस्मेंटल योग्य है की सूची तैयार होंगी, साथ ही पोर्टल में अधिकारी/ कर्मचारियों की प्रविष्टी तथा अवकाश प्रविष्टी की समीक्षा, विभिन्न प्रशिक्षणों में कर्मचारी चयन, स्थल चयल तथा प्रशिक्षण में कर्मचारियों की उपस्थिति पर चर्चा, वृक्षारोपन एवम अन्य बिन्दु पर चर्चा होंगी, तथा शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देशित कर उपरोक्त समस्त जानकारी की सूचना देते हुए कहा था कि सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने विकास खण्ड से संबंधित समस्त जानकारी का एजेण्डावार फोल्डर तैयार कर निर्धारित स्थान में उपस्थिति पंजी, बैठक व्यवस्था एवं आवश्यक व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

# खंड चिकित्सा अधिकारी संभाल रहे हैं निजी सोनोग्राफी सेंटर

## सोनोग्राफी सेंटर की आड़ में प्रसव माता को लूट रही है डॉक्टर बंजारे

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com




खंड चिकित्सा अधिकारी जैजैपुर जो कि राशि सोनोग्राफी सेंटर मेन रोड जैजैपुर में स्थित है। अधिक समय अपने निजी ईलाज के लिए देती है। जबकि देखने वाली बात यह है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशी प्रभा बंजारे जो की अपने निजी सोनोग्राफी सेंटर में इलाज करते हैं। महिलाओं ने जानकारी देते हुए यह बताया कि हम लोग बाहर से सोनोग्राफी कराकर आते हैं उसे डॉक्टर शशि प्रभा बंजारे पुराना है यह जानकारी देती है और अपने सोनोग्राफी सेंटर में ही सोनोग्राफी करती है इससे मरीज को दोहरा राशि खर्च करना पड़ता है ।

जब से खंड चिकित्सा अधिकारी बनी हुई है तब से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयजयपुर में वह इलाज नहीं करती केवल प्रसव वाले प्रकरण को ही देखती है जिससे मरीज परेशान होते हैं यदि उच्च अधिकारी जांच करें तो यह सभी बात का खुलासा होगा क्योंकि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में नहीं जाती प्रसव प्रकरण के माता को ही देखती है। जबकि खंड चिकित्सा अधिकारी निजी झोलाछाप डॉक्टर के ऊपर भी कार्यवाही नहीं करती क्योंकि ऐसा लगता है कि उनका मासिक राशि होने के कारण उन पर लगाम नहीं लगाती जिन्से झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद है। शासन के सभी नियम कायदों को ताग में रखकर निजी इलाज कर रही है इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी एस बी ए ट्रेनिंग सेंटर में रहती है बाकी समय अपने निजी सोनोग्राफी सेंटर में ही रहकर समय गुजारती है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी मरीज का इलाज नहीं करती आप सीसी टीवी कैमरा के फुटेज से देख सकते हैं जिन्से यहां पर दूर दराज से आने वाले प्रसव मरीज काफी परेशान दिखाई देते हैं।

# जल बचाओ कल बचाओ के तहत तालाब की सफाई जारी किनारे से निकाले गए झाड़, घास व प्लास्टिक कचरे

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम प्रशासन द्वारा आयोजित बुधवार की सुबह सराई भद्दर तालाब सफाई कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। सबसे पहले तालाब के चारों तरफ किनारे किनारे पड़े कचरे की सफाई की गई। इसके बाद तालाब के अंदर सभी तरफके घास, छोटे झाड़ को उखड़ा गया। जनसहयोग श्रमदान करने वाले सभी ने रांपा, पंजा और तगाड़ी की मदद से कचरा को उठाते हुए यथा स्थान पर एकत्रित किया। इसके बाद उसे टैक्टर ट्राली में लोड कर टेंचिंग ग्राउंड भेजा गया। इस दौरान दो जेसीबी के माध्यम से तालाब के अंदर मिट्टी की भी खुदाई कर गहरीकरण किया गया। इससे बरसात का पानी पर्याप्त मात्रा में तालाब में स्टोरेज होगा और लोगों के निस्तार के लिए तालाब में भरे पानी काम आएगा। तालाब में पानी भरने एवं रहने से वहां का ग्राउंड वाटर रिचार्ज होगा। अभियान के दौरान जल बचाओ कल बचाओ, जल बचाना है-भावी भविष्य को संवारना है के नारे लगाए गए। अभियान में 100 से भी ज्यादा लोगों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए उत्साह के साथ श्रमदान किया। वार्ड और मोहल्ले वासियों ने निगम के इस अभियान की बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि निरंजन साहू, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया, सहायक अभियंता सूरज देवांगन, कार्यालय अधीक्षक राम नारायण पटेल, लेखपाल अजय वर्मा, रोटरी क्लब के मनोज श्रीवास्तव, सहित निगम के इंजीनियर, मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

# घर से नाराज होकर स्टेशन निकली नाबालिक युवती से किया दुष्कर्म, आरोपी एवं उनके सहयोगी परिजनों को हुई 25-25 वर्षों की सश्रम कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्तगणो के विरुद्ध आरोपित अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर सभी तीनों अभियुक्त आरोपी चंद्र कुमार लहरे एवं उसके जीजा तुलसी खांडे एवं उसकी दीदी गिरजा बाई खांडे को 25 - 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है,विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया कि नाबालिक अभियोक्त्री घटना 7 .6. 2023 को दिन के 11:00 नाबालिक बालिका घर में बिना किसी को बताएं घर से पैदल शक्ति रेलवे स्टेशन आ गई। उसके पिता काम से दूसरे गांव गया हुआ जब वह 12:30 बजे घर आया तो उसकी पुत्री घर में नहीं थी, तो उसने अपने पत्नी बच्चे और मां से पूछा कि उसकी बेटीनाबालिक बालिका कहां है तब उसके घर वालों ने बताया कि वह घर में बिना बताए 11:00 बजे कहीं चली गई है और अब तक वापस नहीं आयी है। तब वे शाम तक नाबालिक बालिका के आने के इंतजार करते रहे आसपास पता तलाश किये किंतु नहीं मिला। तब नाबालिक बालिका के पिता ने थाना जाकर उसकी पुत्री की गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराया, जिस पर थाना नगरदा द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 52 / 2023 धारा 363 भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा था,विवेचना के दौरान नाबालिक बालिका को बरामद किया गया। नाबालिक बालिका ने बताया कि वह पिछले वर्ष कक्षा 9वी जांजगीर में पढी है तथा कक्षा दसवीं को भी उसके पिता उसे जांजगीर में पढ़ाना चाहता है। किंतु वह नगरदा में पढ़ना चाहती है। इसी बात से गुस्सा होकर वह बिना घर में कुछ बताएं दिन के 11:30 घर से पैदल शक्ति रेलवे स्टेशन चली गई ।जब वह शक्ति के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में थी तब आरोपी चंद्र कुमार लहरे व उसके दो साथी उसके पास आए। चंद्र कुमार लहरे के दो साथी ने शाम को 5:30 बजे उससे पूछा कि सभी ट्रेन चली गई है तुम कहां जाओगी? तब वह कहीं नहीं जाऊंगी बोलकर दूसरे प्लेटफार्म में चली गई ।उसके बाद आरोपी चंद्र कुमार लहरे आया और उससे पूछा कि तुम्हारा नाम क्या है, तुम कहां की रहने वाली हो? यहां क्यों आई हो? बोलकर पूछताछ किया और बोला कि चलो मेरे साथ, तब वह उसके साथ जाने से मना कर दी। तब आरोपी चंद्र कुमार लहरे नाबालिक बालिका के हाथ को खींचते हुए बोला कि तुम चिल्लाओगी तो चाकू से तुम्हें मार दूंगा और आरोपी उसे रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठा कर खरसिया ले गया जब वे लोग खरसिया रेलवे स्टेशन में ट्रेन से उतरे तो आरोपी चंद्र कुमार लहरें अपने जीजा तुलसी को मोबाइल से फोन किया तब उसके जीजा तुलसी मोटरसाइकिल लेकर आया और उन दोनों को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने घर महका ले गया। जहां आरोपी चंद्र कुमार लहरे की दीदी आरोपियां गिरजा बाई खांडे उपस्थित थी। आरोपी चंद्र कुमार एवं तुलसी हाथ पैर धोकर खाना खाने के लिए बैठ गए और वह स्वयं आरोपी चंद्र कुमार के भांजी के कमरे में बैठी थी तब आरोपी के दीदी - जीजा बोले की तुम चंद्र कुमार लहरे के कमरे में सोना। उसके बाद आरोपी चंद्र कुमार लहरे ने आकर उसके हाथ को पकड़ते हुए जबरदस्ती उसे अपने कमरे में ले गया और कमरे के दरवाजा को बंद कर दिया फिर उसके कपड़े को उतार कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। आरोपी चंद्र कुमार ने उसे बोला कि तुम चिल्लाओगी और घटना के बारे में किसी को बताओगी तो चाकू से मार दूंगा । वह आरोपी चंद्र कुमार को अपने घर में कॉल करने के लिए बोल रही थी लेकिन वह कॉल नहीं करता था। उसे आरोपी चंद्र कुमार लहरे ने अपने दीदी एवं जीजा के नजरबंदी में 17. 6 .2023 से 3.7 . 2023 तक रखा हुआ था। आरोपी चंद्र कुमार शराब पीकर आता था तथा उसके साथ मारपीट करता था। नाबालिक बालिका ने यह भी बताया कि आरोपी चंद्र कुमार उसे ग्राम हाटी ले गया था जहां रूम किराए में लेकर अपने साथ उसे रखा हुआ था और रोज रात में शराब पीकर आता था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था तथा मना करने पर वह उसके साथ मारपीट करता था।

# यौन शोषण की रिपोर्ट पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई आरोपी को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

चक्रधरनगर थाना में स्थानीय युवती द्वारा शिशुपाल सेठ (उम्र 21 वर्ष) निवासी थानाक्षेत्र चक्रधरनगर के विरुद्ध पिछले 2 साल से शारीरिक शोषण करने संबंधी आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही के दिशा निर्देशों पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा पीड़िता का महिला विवेचक से एफआईआर कराकर, युवती का विस्तृत कथन, मेडिकल आदि की कार्यवाही किया गया तथा आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिये तत्काल दबिश देकर हिरासत में लिया गया जो अपराध दर्ज होने की जानकारी पाकर भागने की फिराक में था। आरोपी शिशुपाल सेठ को पुलिस ने अपराध कायम के 24 घंटे के भीतर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। पीड़िता ने बताया कि शिशुपाल डिलीवरी बॉय का काम करता है जिसे जानती पहचानती है। 2 साल पहले रात्रि में शौच के लिए मैदान गई थी, जहां शिशुपाल उसे डरा धमकाकर शारीरिक संबंध बनाया और इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मार देने की धमकी दिया। गांव में बदनामी के डर से किसी को नहीं बताई। शिशुपाल इसी तरह डरा धमका कर पिछले 2 साल से शारीरिक संबंध बना रहा है। युवती ने बताया कि शिशुपाल के घर वालों को शिशुपाल की हरकतें बताई तो डांट फटकार किये। घटना समय युवती नाबालिक थी। युवती के लिखित आवेदन पर आरोपी शिशुपाल सेठ पर धारा 376(2)(ढ), 506 भादवि 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# बाराद्वार में संपन्न हुआ राष्ट्रीय कवि संगम- प्रदेश एवं देश के साहित्यकारों ने करी सहभागिता





पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कवि संगम जिला सक्ति एवं सांस्कृतिक विकास मंच सक्ति की जुगलबंदी में 11 जून मंगलवार को अग्रसेन भवन बाराद्वार में सजलकार रमेश सिंघानिया के दो नवीनतम सजल- संग्रह "दोष नहीं कुछ दर्पण का" और "आदमी पत्थर हुआ" का लोकार्पण समारोह और कवि गोष्ठी संपन्न हुई। "दोष नहीं कुछ दर्पण का" सजल-संग्रह की समीक्षा जांजगीर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार समीक्षक संतोष कश्यप और "आदमी पत्थर हुआ" की समीक्षा प्रसिद्ध सजलकार दिनेश रोहित चतुर्वेदी ने की,समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर रहे। उन्होंने अपने सुमधुर कंठ से "नंदा जाहि गा" समेत अनेक छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।विशिष्ट अतिथि जांजगीर के वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी यादव ने मैं कविता हूं कविता सुना कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा, उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, अग्रवाल समाज के संरक्षक घनश्याम जिंदल, ओमप्रकाश अग्रवाल, जिला पंचायत के सभापति गगन जैपुरिया कोरबा के वरिष्ठ कवि दिलीप अग्रवाल आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्ती के भागवताचार्य राजेंद्र शर्मा ने की। सभी अतिथियों का पुष्प हार और पुष्प गुच्छ से भाव भीना स्वागत किया गया।विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं साहित्य कला मंच बाराद्वार, राष्ट्रीय कवि संगम जिला सक्ती, सांस्कृतिक विकास मंच सक्ति, शील साहित्य परिषद जॉजगीर, जिला औषधि विक्रेता संघ जांजगीर, अग्रवाल समाज बाराद्वार के पदाधिकारी गण, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्तागणों, मित्र गणों ने सिंघानिया का फूलमालाओं और गुलदस्तों से जोरदार स्वागत किया। लगभग डेढ़ सौ लोगों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम में आयोजित इस कवि गोष्ठी में सजलकार रमेश सिंघानिया के अलावा कोरबा जिले से कृष्ण कांत चंद्रा, बलराम राठौर, दिलीप अग्रवाल, संतोषी महंत श्रद्धा। दिनेश पटेल, तिलोत्तमा पांडे जांजगीर जिले से ईश्वरी यादव, दिनेश रोहित चतुर्वेदी, दयानंद गोपाल, संतोष कश्यप, सक्ति जिले से अनीस अरमान, रामसाय श्रीवास, रघुनाथ जायसवाल, भगत राम साहू, नरेंद्र वैष्णव, सावन गुजराल, कौशल दास महंत, मनीषा भारद्वाज, शुचिता साहू आदि ने भाग लिया और अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। छह घंटे के इस आयोजन में काव्य के सभी रसों की जमकर बरसात हुई। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत दिनेश साहू ने सरस्वती वंदना से की।

# नवागढ़ पुलिस एवं सायबर टीम जांजगीर की सयुक्त टीम ने 7 जुआरी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



नवागढ़ पुलिस एवम सायबर टीम जांजगीर की सयुक्त टीम ने 7 जुआरी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन जिले में हमर पुलिस हमर संग के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले में जुआ/सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जुआ खिलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे सायबर टीम जांजगीर एवम थाना नवागढ़ पुलिस को 12.06.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम मुड़ापार खिसोरा के खेत में रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है की सूचना प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक अनिल कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ एवं सायबर टीम जांजगीर से संयुक्त टीम तैयार किया गया जो गवाहों के जाकर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपियों को रूपयें पैसे का दांव लगाकर काट पट्टी नाम का जुआ खेलने पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही किया गया।यह आरोपी चढे पुलिस के हत्थे -(01) वीरेंद्र कुमार पिता अनुज राम निवासी खिसोरा(02) मोहन दास पिता नारायण दास निवासी खिसोरा (03) किशोर दास पिता अशोक दास निवासी खिसोरा (04) परमेश कुमार पिता साखी राम बंजारे निवासी खिसौरा (05) शिवा काटले पिता शंकर लाल निवासी खिसोरा(06) पंकज कुमार पिता बाली राम निवासी मुड़ापार (07) ननकी लहरे पिता कृपाल निवासी खिसोरा। उपरोक्त आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ती, जुमला रकम 12070 रुपए की बरामद कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक संगम राम, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना थाना प्रभारी नवागढ़, सायबर सेल प्रभारी उपनिरी. पारस पटेल, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, आर. गिरीश, रोहित कहरा, आनंद सिंह, सिदार सिंह पैकरा, चिरंजीव सायबर सेल जांजगीर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# साहित्य मंडल के वार्षिक सम्मलेन में कवियों ने किया काव्य पाठ

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



साहित्य मंडल का वार्षिक सम्मेलन 11 जून को लोहरसिंह में संपन्न हुआ। इस दौरान उपस्थिति कवियों ने अपने कविता पाठ से लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। साहित्य मंडल के संस्थापनक भरत लाल नायक द्वारा 11 जून 2020 को किया था। हर साल वार्षिक सम्मलेन कर साहित्य मंडल को जीवित रखा गया है। साल दर साल लोगों को लगाव बढ़ता जा रहा है। नायक बाबू का जन्म दिन भी इसी दिन उनके निवास स्थान में मनाया गया। इस दौरान आनंद त्रिवेदी एवं वरिष्ठ सदस्य रामभजन पटेल द्वारा मां शारदा की पूजा-अर्चना व वंदना कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इसके बाद उपस्थिति साहित्यकारों द्वारा उद्बोधन एवं कविता पाठ की प्रस्तुति दी। अंतिम में साहित मंडल के संचालन, विकास में गहन चर्चा की गई। काव्य पाठ में भरत नायक ने आत्मविश्वास, आनंद त्रिवेदी ने साहित्य का महत्व, रामभजन पटेल ने साहित्य शिक्षक, ज्योत्सना ने सफलता, वासुदेव यादव युद्ध, निर्भय राम ने आत्मा, रामकुमार पटेल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नेतरात राठिया, बेटी का महत्व, गुलाब सिंह झिन कटाव जंगल विशेषर ध्रुव मानवता का काम, शांतनु साय ने नईदुनिया का निर्माण, बनवारी लाल ने रूक गरी सुहाग जैसे मुद्दों पर कविता पाठ किया।

**NAVA RAIPUR NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar-492002, Chhattisgarh
Tel No : +91 771 2512000; Fax No : +91 771 2512400
Website : www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

**NIT No: 05/C&P:Road/EEC-III/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur, Dated : 11.06.2024**

Name of Work : **"Construction of Approach Road to Village Cheriya & Pouta at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)"**

Estimated cost : **INR 7.80 Crs.**, EMD : **INR 8.80 Lakhs**, Period of Completion : **12 Months**

**Last Time & Date of Online Submission : 15:00hrs on 02.07.2024**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

संवाद - 40383/3

Chief Engineer,
NRANVP

**कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
E-mail id : cmonpkharod@rediffmail.com

क्र./565/न.प./लो.नि.शा./2024-25 खरौद, दिनांक 13/06/2024

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों नगर पंचायत खरौद हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न कार्य हेतु भण्डार क्रय नियम तथा सी.जी.पी.डब्ल्यू.डी. भवन एवं सड़क 01.01.2015 एस.ओ.आर. दर पर (समस्त संसाधनों के साथ) कम/अधिक या समान दरों फार्म "A", "B", "C" में तीन लिफाफा पद्धति में बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार की जावेगी। समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

01. आवेदन प्रस्तुत करने की अतिम तिथि - 05/08/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
02. निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 08/08/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
03. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 15/08/2024 समय 5:00 बजे सायं तक ।
04. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - 16/08/2024 समय सुबह 11.00 बजे।

| स क्र. | कार्य का विवरण एवं मद | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 5 | 6 |
| 1. | वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, पार्षद निधि से सार्वजनिक शासकीय अनिवार्य प्राथमिक शाला, कन्या प्राथमिक शाला (जरहापारा), कन्या मिडिल स्कूल (जरहापारा), शासकीय प्राथमिक शाला (तिवारीपारा), शासकीय मिडिल शाला (तिवारीपारा), शासकीय प्राथमिक शाला (खाल्हेपारा), संकुल केन्द्र शुकुलपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठक हेतु बेंच एवं अन्य फर्नीचर क्रय। | 19.00 | 57,000 | 750/- | 02 माह |

उपरोक्त सामाग्री प्रदाय/निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरौद
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# निधि छिब्बर ने की आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा

## परम्परागत व्यवसायों को भी कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़े : निधि छिब्बर

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



नीति आयोग की महानिदेशक (वि.अ.मु.का.) व राज्य नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास कार्यक्रम एवं जिले के प्रभारी सचिव निधि छिब्बर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी सचिव छिब्बर ने आकांक्षी जिला के विभिन्न सूचकांकों, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल एवं वित्तीय समावेश, बुनियादी ढांचे सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की तथा रैंकिंग में सुधार के लिए और बेहतर प्रदर्शन करते हुए कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

छिब्बर ने समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की प्रगति सूचकांकों के अनुरूप तीव्र गति से होनी चाहिए। इसके लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जागरूकता बहुत जरूरी है। सिकल सेल जैसे बीमारी को रोकने के बेहतर प्रयास किए जा रहे है इसकी पहचान करने अभियान चलाकर कार्य किया जाए। कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में सघन मॉनिटरिंग की जाती है, परंतु स्कूल में प्रवेश के पश्चात मॉनिटरिंग धीमी पड़ जाती है। इसके लिए शिक्षक भी आवश्यक प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारम्परिक व्यवसाय जैसे कमार के द्वारा बांस और बसना क्षेत्र में बुनकरों द्वारा संबलपुरी साड़ी का निर्माण किया जाता है उसे कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाए तथा उत्पादों को बेचने के लिए भी विशेष प्रयास किया जाए। छिब्बर ने कहा कि आकांक्षी जिलों के लिए विभिन्न विभागों के लिए सूचकांक निर्धारित किए गए है। उन सूचकांकों के अनुरूप लक्ष्यों की उपलब्धि हासिल की जानी है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विशेष रूप से प्रयास करें। साथ ही डाटा एंट्री के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि एंट्री सही तरीके से हो सके। उल्लेखनीय है कि जिले में पिथौरा विकासखण्ड को आकांक्षी जिला के रूप में चयन किया गया है। छिब्बर ने सूचकांकों के सुधार के लिए जन्म के समय बच्चों के कम वजन को ध्यान में रखते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और मितानिनों का बैठक लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले में चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताया कि टीबी मुक्त पंचायत के लिए 292 ग्राम पंचायतों का चयन कर टीबी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। यह आंकड़ा राज्य में सर्वाधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिकल सेल जांच अभियान में 366801 सिकल सेल परीक्षण किए गए है। जिसमें से 539 मरीजों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए है यह भी राज्य में सर्वाधिक है। किशोरी एवं महिलाओं का लगातार एनीमिया जांच किया जा रहा है। जिले में स्वयं के भवन पर 1699 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में 2Iत प्रतिशत विद्युतीकरण और गर्मी से बचने के लिए पंखा और कुलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस व चूल्हा से खाना पकाया जाता है। मरीजों को रिपोर्ट सीधे उनके मोबाईल नम्बर के माध्यम से भेजा जा रहा है। प्रतिदिन 200-250 ई-लैब रिपोर्ट मरीजों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य सूचकांक के संदर्भ में भी चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.आलोक ने विभागीय गतिविधियों से संबंधित प्रगति एवं लक्ष्य के संबंध में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजूपत, अपर कलेक्टर रवि साहू, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास एवं जिले के विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री राज मानस संघ धमतरी का वार्षिक सम्मेलन मधुबन धाम मगरलोड मे रविवार को

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



श्री राज मानस संघ धमतरी छत्तीसगढ़ का 25 वां वार्षिक अधिवेशन 16 जून रविवार को श्री राम वन गमन मार्ग मधुबन धाम् मगरलोड जिला धमतरी में आहुत किया गया है जो श्री राघवेन्द्र सरकार मानस परिषद मगरलोड को मेजबानी मे सम्पन्न होंगे । श्री राज मानस संघ धमतरी के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी प्रवक्ता डॉ भूषण लाल चंद्राकर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम सनातन धर्म के अनुयायी एवं गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित कालजयी कृति श्री रामचरित मानस के वक्ता श्रोताओं एवं संतो का समागम सभा है श्री राज मानस संघ का विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ सहित उडीसा व महाराष्ट्र तक है और वर्ष मे एक बार होने वाले इस सम्मलेन मे सभी सिरकत करेंगे सभी के पास आमंत्रण प्रेषित किया गया है उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री राज मानस संघ धमतरी एवं श्री राघवेंद्र मानस परिषद मगरलोड के पदाधिकारी तन मन एवं धन से जुटे हुए है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डंडीस्वामी श्रीमजज्योतिमर्यानंद सरस्वती महराज सपाद लक्शेश्वर धाम शिव गंगा आश्रम सलधा बेमेतरा होंगे एवं अध्यक्षता अर्जुनपुरी गोस्वामी करेंगे। अति विशिष्ठ अतिथि डॉ रोशन उपाध्याय, अशोक पवार विशिष्ट अतिथि पुजारी शारदा दास जी दुष्यंत पटेल, लक्ष्मीदास एवं श्री राज मानस संघ धमतरी के सभी सम्माननीय संरक्षक गण एवं सलाहकार परिषद होंगे राघवेंद्र मानस परिषद मगरलोड के अध्यक्ष दुष्यंत पटेल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम मे पर्यावरण संरक्षण के एवं वृक्षारोपण के महत्व को ध्यान मे रखते हुए वृक्षारोपण हेतु पौधे वितरण कर वृक्ष लगाने कि प्रेरणा दी जाएगी। श्री राज मानस संघ धमतरी के सचिव डॉ जेएल देवांगन कोषाध्यक्ष दानीराम साहू प्रचार मंत्री चिरंजीवी लाल हिरवानी ने सभी रामभक्तजनो को भारतीय संस्कृति की वेशभूषा पैजामा कुर्ता या धोती कुर्ता में तथा मानस मंडली के सदस्यगणो को मंडली की वेशभूषा में ही आने की अपील की है।

# कांकेर लोस के सांसद भोजराज नाग नगरी प्रवास के दौरान कर्णेश्वर धाम पहुंचे

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग नगरी प्रवास के दौरान रात्रि विश्राम सिहावा विश्राम गृह में किया। सुबह उन्होंने सिहावा स्थित सुप्रसिद्ध महादेव मंदिर कर्णेश्वर धाम में पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, विकल गुप्ता उपस्थित रहे। कर्णेश्वर धाम समिति के अध्यक्ष विकल गुप्ता एवं कर्णेश्वर धाम समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया।

# यातायात व्यवस्था के लिए सुझाव के संबंध में व्यापारी संघ के साथ हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा एजेंडा बिन्दु में चर्चा करते हुए बताया गया कि अपने दुकान के सामानों व विज्ञापन बोर्ड को मार्ग पर, मार्ग किनारे ना रखें,दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग सफेद पटटी के अंदर में ही रखवायें,दुकान के सामने मार्ग में अव्यवस्थित ना रखवायें,दुकान के सामानों का लोडिंग.अनलोडिंग रात्रि 10 बजे से सुबह 9 बजे तक ही करें। रात्रि 11 बजे के बाद दुकानों को बंद करें, देर रात्रि तक दुकान अनावश्यक रूप से खोल कर ना रखें, बड़ी वाहनों एवं भारी वाहनों जैसे रेत, गिट्टी,अन्य खनिज सामग्री लेकर चलने वाले वाहन का संचालन रात्रि 10 बजे से प्रातः 8 बजे तक करें। बंद दुकान के सामने ठेला या अन्य दुकान लगाने ना देवें, बड़ी दुकानों के संचालक अपने ग्राहकों के वाहनों को पार्किंग कराने प्राईवेट गार्ड या कर्मचारी रखवायें, दुकान के बाहर हाई फ्रीक्वेंसी नाईट विजन, सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवायें दुकान में कार्य करने वाले कर्मचारियों का पुलिस से सत्यापन कर चरित्र प्रमाण पत्र लें। अपने कर्मचारी एवं खुद के वाहन को पार्किंग एवं व्यवस्थित रखवायें, त्यौहारी सीजन में दुकान के बाहर टेंट, पंडाल लगाकर व्यवसाय ना करें,लगाने के पूर्व नगर निगम से अनुमति प्राप्त कर ही लगायेंए आदि बताया गया। व्यापारी संघ द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर सुझाव दिये है, कि मार्ग में ठेला, पसरा लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायी पर कार्यवाही की जावे, सदर मार्ग में पूर्व में बने पार्किंग जैसे गुरुद्वारा गली पार्किंग, गोल बाजार सराय पार्किंग,घडी चौक के पीछे बाईक पार्किंग व्यवस्थित किया जावे। सिहावा चौक, बस स्टैण्ड से लेकर फॉरेस्ट रेस्ट हाउस तक रोड किनारे लगने वाले दुकानों पर कार्यवाही,सिहावा चौक से शांति कालोनी चौक तक अनावश्यक खड़े वाहनों पर कार्यवाही, तेजगति से चलने वाले वाहनों पर कार्यावाही, शहर में निर्माणधीन नालियों के मलबे को मार्ग से हटवाने, रात्रि 12 बजे के बाद छोटे व्यापारी, जैसे गुपचुप, चाट, आईस्क्रीम, मोमोस, चाय, पान ठेला आदि पर कार्यवाही, रेत परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग के साथ ही सदर मार्ग में रोड मार्किंग करने सुझाव दिया गया। जिसे उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा संबधित विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित सुझावों को त्वरित कार्यवाही करने आश्वासन दिया गया। यातायात पुलिस समस्त व्यापारियों से अपील की जाती है, कि यातायात नियमों का पालन कर शहर में व्यवस्थित यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस का सहयोग करें। उक्त बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश जसुजा, सदस्य अर्जुन दासवानी, नितिन आहूजा, दीपक मंगलानी, रवि भुंजवानी, मनोज माखीजा, राजेन्द्र राखेजा एवं यातायात स्टॉफ उपस्थित रहे।

# शपथ ग्रहण करते ही प्रधानमंत्री ने किसानों व गरीबों के हित में लिए निर्णय : राकेश चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने तथा 3 करोड़ पीएम आवास की स्वीकृति देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने लगातार तीसरी बार कमान संभालने के बाद सोमवार को पहला निर्णय किसानों के पक्ष में लिया। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन कार्यभार संभालने के तुरंत बाद किसानों के लिए प्रतिबद्धता दिखाते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जारी करने से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर किए गए। योजना की यह 17वीं किस्त है और इसके तहत करीब 20 हजार करोड़ रुपये किसानों में वितरित किए जाएंगे। इस योजना से नौ करोड़ 30 लाख से अधिक किसान परिवार जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदनें का वादा निभाया। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के विगत दो सालो के बोनस राशि को भी देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के गरीबों और वंचितों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं एवं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। चंद्राकर ने आगे कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षर की गई पहली फाइल किसान कल्याण से ही संबंधित है। पीएम मोदी आने वाले समय में किसानों तथा कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं। योजना के तहत देश के पात्र किसानों को तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये दिए जाते हैं। अभी तक 16 किस्तों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों के खाते में सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के समृद्धि एवं विकास के साथ-साथ किसानों के सम्मान के लिए 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी।

# सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर के विद्यार्थियों का रहा शत् प्रतिशत परिणाम







पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा जारी बी.एस.सी. चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा का परिणाम लाकर महाविद्यालय व अपने माता-पिता को गौरान्वित किया संस्था के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा जी ने विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आर्शीवाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव जी ने विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राचार्य श्री पुष्पेन्द्र कर्ष व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी बधाई दी व कहा कि ये आप सबकी समर्पित शिक्षा का परिणाम है कि हमारी संस्था में बी.एस.सी. चुतर्थ वर्ष में शत् प्रतिशत परिणाम हासिल हुआ है।सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर में चतर्थ वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सत्यभामा ने 73.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा नूतनदीप ने 71.86 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं सपना ने 71.11 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। यह जानकारी संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव जी के द्वारा दी गई।

# ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि देने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से सागरपाली रोहिना क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। ख़ासकर गेहूं, मूंग, उड़द, चना, सरसों, सूरजमुखी, मूंगफ्ली, प्याज आदि फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि का प्रकोप सागरपाली रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16.04. 2024 को जमा किया गया है मगर अब तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिल पाई है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। रोहिना के किसानों ने गेहूं फसल के लिए बीमा भी करवाया था जिसका लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। पिछ्ले 20 मार्च को सागरपाली रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई।जिन किसानों ने गेहू, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे बर्बाद भी फसल को देखकर माथा पकड़ लिये। ओलावृष्टि से रोहिना, कापुडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई। रोहिना के रूपानंद साहू ने बताया कि गेंहू पककर कटाई के लिये तैयार थी ऐसे समय में ओलावृष्टि होने से पूरी तरह से गेहूं झड़ कर नीचे गिर गया और उत्पादन पूरी तरह से प्रभावित हुआ। उसने करीब 5 एकड़ में गेहूं की फसल ली थी जहां पिछ्ले वर्ष करीब 80 पैकेट हो गया था इस बार मुश्किल से 25 पैकेट हुआ है। वीरेंद्र सेठ ने बताया कि गेहूं मुंग बोया था ओला गिरने से पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। लागत भी नहीं निकला। गस्तीडीपा राजेश एवं भगवानो यादव ने बताया कि ओलावृष्टि से उनके गांव में भी काफी नुकसान हुआ है। सागरपाली के वृंदावन साहू ने बताया कि उसने गेहूं और मूंग लगाया था ओलावृष्टि की वजह से पूरी तरह से चौपट हो गया। किसानों की मांग पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है। हल्का पटवारी ने बताया कि करीब 2 महीने पहले मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बसना के पास जमा कर दिया गया है। इधर किसानों ने आचार संहिता समाप्त होते ही मामले का त्वरित निराकरण होने की उम्मीद जताई है। किसानों ने तत्काल मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग शासन से की है।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/365/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक- ................

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07**, तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक पति राम पिता बन्धन राम, जाति मुन्डा, निवासी ग्राम भागलपुर जशपुर, तहसील एवं जिला जशपुर (छ.ग.) अ** के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** में व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-**जशपुर**, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न.1241/2, जिसका रकबा 0.02830हे., में से/वर्ग.मी. 20 डि., प्रयोजनार्थ **आवासीय** प्रयोजन।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 24/06/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 10/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जशपुर (छत्तीसगढ़)**



**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संकीर्तन पिता अमरूत निवासी ग्राम मोखापुटका तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पुत्र/पुत्री बरत कुंवर का मृत्यु दिनांक दिनांक 07/06/2012 को ग्राम मोखापुटका में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 20/06/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**
**जिला-महासमुंद**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 859/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 10/06/2024

आवेदिका मीना नायक पति रूद्रप्रताप नायक जाति अघरिया निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 966/5, 966/6 रकबा क्रमशः 0.0200, 0.0200 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 26/06/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**



**पंजीकृत कार्यालय:** 6वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013

DCB BANK

**सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आपने नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता उधारकर्ता(ओं) ने अपनी अचल संपत्तियों (प्रतिभूतियों) को गिरवी रखकर डीसीबी बैंक लिमिटेड से ऋण/सुविधाओं का लाभ उठाया है। आपके चूक के परिणामस्वरूप आपके ऋणों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया था। डीसीबी बैंक लिमिटेड ने बकाया देय राशि की वसूली के लिए प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्ति पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी किया है। जिसकी सामग्री अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अनुसार आपको तामील के रूप में प्रकाशित की जा रही है। उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गिरवी रखी गई संपत्तियां, बकाया देय राशि, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजा गया मांग नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है :

| क्रमांक | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि | सुरक्षित संपत्ति का पता | 1) मांग नोटिस दिनांक 2) बकाया बकाया 3) एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री भोला राम शर्मा, 2. श्रीमती मंजू शर्मा। सभी पते पर- बाबू पान पैलेस, आशा सीमेंट के सामने, वैशाली नगर, दुर्ग, भिलाई छत्तीसगढ़, पिन - 490026। ऋण खाता संख्या - DBLAKUM00417001 स्वीकृत ऋण राशि: रु. 6,98,087/- | प्लॉट संख्या 05, ब्लॉक संख्या 11, क्षेत्रफल 440 वर्ग फीट की संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल, रिक दुर्ग 1, तहसील और जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में स्थित है। (सुरक्षित संपत्ति)।" | 1) 10.06.2024 2) रु. 13,36,649.28 (रुपये तेरह लाख छत्तीस हजार छह सौ उन्तालीस और अट्ठाईस पैसे मात्र) 10 जून 2024 तक। 3) एनपीए तिथि : 15.12.2018 |
| 2. | 1. श्री ब्रजेश सिंह, 2. श्रीमती उर्मिला देवी। सभी पते पर - एच.नं. 576, शशक कॉलेज, धमतरी, छत्तीसगढ़ धमतरी - 493773। ऋण खाता संख्या - 20459000000019 स्वीकृत ऋण राशि: रु. 12,06,000/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा प्लॉट संख्या एल.आई.जी 22 पर निर्मित है, प्लॉट का आकार 101.70 वर्ग मीटर, पी.एच. संख्या 18/24 मीटर, गांव श्यामतरी, धमतरी, तहसील और जिला धमतरी में स्थित है। (सुरक्षित संपत्ति)।" | 1) 10.06.2024 2) रु. 19,77,278.46 (रुपये उन्नीस लाख सत्तर हजार दो सौ अठहत्तर और छियालीस पैसे मात्र) 10 जून 2024 तक। 3) एनपीए तिथि : 31.07.2021 |
| 3. | 1. श्री मिर्जा शादाब बेग, 2. श्री मिर्जा शौकत बेग, 3. श्रीमती सबारा मिर्जा, 4. श्री मिर्जा अदब बेर्ग। सभी पते पर - पुत्र मिर्जा अब्बास बेग, वार्ड नं. 12. फैज नगर, तालापारा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001। ऋण खाता संख्या - DBLAPAR00416938 स्वीकृत ऋण राशि : रु. 13,54,658/- | सर्वे संख्या 156/6 वाली संपत्ति का पूरा टुकड़ा, म्यूटेशन के बाद सर्वे संख्या 156/47, क्षेत्रफल 1020 वर्ग फीट, वार्ड संख्या 12, क्रांति कुमार, भारती नगर वार्ड, मौजा - जूना, बिलासपुर (तलापार) पी.एच. संख्या 22/34, ब्लॉक बिल्हा आर.आई. सर्किल और तहसील, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित। (सुरक्षित संपत्ति)।" | 1) 10.06.2024 2) रु. 20,77,672.35 (रुपये बीस लाख सत्तर हजार छह सौ बहत्तर और पैंतीस पैसे मात्र) 10 जून, 2024 तक। 3) एनपीए तिथि :14.08.2021 |
| 4. | 1. श्रीमती संध्या राजपूत, 2. श्री तोरण सिंह राजपूत। सभी पते पर - एच.नं. 739/9, वार्ड नं. 12, शंकर नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 491001. ऋण खाता संख्या - DBLARAI00448365 स्वीकृत ऋण राशि: रु. 9,99,526/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा जिसका पता है केएच. नंबर 1275/49, माप 840 वर्ग फीट, फोन नंबर 63, वार्ड नंबर 10, आर.आई.सी., दुर्ग 1, तहसील और जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित है। (सुरक्षित संपत्ति)।" | 1) 10.06.2024 2) रु. 25,37,772.00 (केवल पच्चीस लाख सैंतीस हजार सात सौ बहत्तर रुपये)। 10 जून, 2024 तक 3) एनपीए तिथि : 14.04.2019 |
| 5. | 1. श्री रूपराम साहू, 2. श्रीमती फुलेश्वरी साहू, 3. श्री तुलसी राम साहू। सभी पते पर - एच. नं. 252/1, शिक्षक कलौनी, उरला, अभनपुर, रायपुर छत्तीसगढ़ - 493661। ऋण खाता संख्या- DBLAKUL00417777 स्वीकृत ऋण राशि: रु. 10,02,408/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका नंबर 795/39 है, (पुराना नंबर 795/5 का एक हिस्सा) क्षेत्रफल 2016 वर्ग फुट, उरला, पी.एच. नंबर 131/23, आर.आई.सी अभनपुर, तहसील - अभनपुर जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। (सुरक्षित संपत्ति)।" | 1) 10.06.2024. 2) रु. 12,52,447.00 (रुपये बारह लाख बावन हजार चार सौ सैंतालीस मात्र) 10 जून 2024 तक. 3) एनपीए तिथि : 31.12.2022 |
| 6. | 1. मेसर्स एयर फेयर कूलिंग सिस्टम (इसके मालिक श्री सैय्यद मिस्बा अहमद के माध्यम से), 2. श्री सैय्यद मिस्बा अहमद, 3. श्रीमती सैय्यदा शकेरा बेगम। सभी पते पर - संतोषी नगर, पुराना धमतरी रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492013। ऋण खाता संख्या - 21242600000107/ 21241600000046 स्वीकृत ऋण राशि: रु. 32,42,000/- | अचल संपत्ति - प्रॉपर्टी का पूरा टुकड़ा, केएच. नंबर. 195/5 का हिस्सा, माप 640 वर्ग फीट, कारपेट एरिया, 550 वर्ग फीट निर्मित एरिया, पी.एच. नंबर. 105, चौरसिया कॉलोनी, मौजा - मठपुरैना, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है, जो पूर्व में श्री सिद्दीकी के प्लॉट, पश्चिम में सड़क, उत्तर में श्रीमती बलवंत कौर की जमीन, दक्षिण में सौम्या कश्यप की जमीन से घिरा है (सुरक्षित संपत्ति)" वर्तमान संपत्ति :- स्टॉक और बुक ऋणों का दृष्टिबंधन (सुरक्षित संपत्ति)।" | 1) 09.05.2024. 2) रु.79,94,156.13 (रुपये उनहत्तर लाख चौरानबे हजार एक सौ छप्पन और तेरह पैसे मात्र) 9 मई 2024 तक। 3) एनपीए तिथि : 29.12.2020 |

इसलिए आप उधारकर्ता/ओं और सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों से अनुरोध है कि आप इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर ऊपर उल्लिखित ब्याज के साथ ऊपर उल्लिखित मांगी गई राशि का भुगतान करें, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके आधार पर आप उपरोक्त प्रावधान में निर्धारित अवधि के भीतर सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए स्वतंत्र हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

दिनांक: 14.06.2024
स्थान : रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, धमतरी

**प्राधिकृत अधिकारी**
**डीसीबी बैंक लिमिटेड**

# राइस मिल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष के ठिकानों पर ईडी की दबिश, हफ्ते भर के भीतर दूसरी रेड

- नांदगांव के अनुपम नगर में टिल्लू अग्रवाल के निवास और लखोली में राइस मिलर के निवास पर छापा
- जिले के मिलर्स पर कसा ईडी का शिकंजा, आपाधापी की स्थिति

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि में तकरीबन 150 करोड़ के घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजनांदगांव के राइस मिलर्स पर शिकंजा कस दिया है। जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के बाद अब राइस मिलर सुनील उबवानी और संतोष (टिल्लू) अग्रवाल के घर गुरुवार को ईडी ने रेड की है। आधा दर्जन अधिकारियों ने सुबह 6 बजे कमला एग्रो फर्म के संचालक टिल्लू अग्रवाल के अनुपम नगर स्थित आवास पर छापा मारा। टिल्लू अग्रवाल जिला एसोसिएशन में कोषाध्यक्ष भी हैं। उनकी राइस मिल चिचोला के करीब महाराजपुर में बताई जाती है। इसके बाद दोपहर को ईडी एसोसिएसन के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील उबवाणी के लखोली स्थित निवास पहुंची। उनकी राइस मिल कांकेतरा में बतायी जा रही है। इससे पहले 8 जून को जिला राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के डोंगरगढ़ स्थित आवास पर ईडी की रेड 17 घंटे तक चली थी। उनके निवास से अधिकारियों की टीम दो बैग लेकर रवाना हुई थी। मनोज के रायपुर स्थित आवास पर भी छापा मारा गया था। इस कार्रवाई में ईडी के हाथ क्या कुछ लगा इसकी कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। लगातार राइस मिलर्स पर कसते फंदे से इस व्यवसाय से जुड़े और एसोसिएशन में शामिल मिसर्ल सहमे हुए हैं। यह भी कि जिनके हाथ से रकम भेजी जाती रही वे भी इसमें फंस सकते हैं। मिलर्स में आपाधापी की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस की सरकार में हुए इस घोटाले पर एसीबी की भी जांच जारी है।

गौरतलब है कि, भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते वर्ष 2021 में राइस मिलर्स को मिलिंग के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को तीन गुना कर दिया गया था। इससे पहले मिलर्स को 40 रुपए प्रति क्विंटल मिला करते थे। इसे बढ़ाकर 120 रुपए कर दिया गया। प्रोत्साहन राशि बढ़ाने जाने के बाद विपक्ष ने विधानसभा में ही 120 रुपए में से 20 रुपए मिलर्स से वसूलने का आरोप लगाया था। बताया जाता है कि, प्रदेश भर के मिलर्स से एसोसिएशन के माध्यम से रकम जुटाई जाती थी जिस रायपुर पहुंचाया जाता था। ऐसा माना जा रहा है कि एकत्र राशि नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी तक पहुंचाई जाती थी। प्रदेश में चावल के कस्टम मिलिंग घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक मनोज सोनी को 30 अप्रैल 2024 प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। वे प्रतिनियुक्ति पर थे। इस घोटाले से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी नाम जुड़ा हुआ है। राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को भी इस प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है।

# सौतेली मां के साथ मिलकर युवक ने की पिता की हत्या

## शराबी पिता के संपत्ति को लेकर विवाद बनी वजह



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम साकिन झिटिया में अंधे कत्ल की वारदात को बेटे ने अपनी सौतेली मां के साथ अंजाम दिया था। आरोपियों ने संपत्ति के विवाद में प्रीतम साहू (40) की हत्या की थी। पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ और सायबर सेल ने इस मामले की जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है। अधिकारियों ने बताया कि, 12 जून की सुबह पुलिस को प्रीतम की हत्या की सूचना मिली थी। उसका शव घर में ही खून से लथपथ बरामद हुआ था। मृतक के सिर, माथे और पेट में वजनदार वस्तु से चोट पहुंचाए जाने के निशान मिले थे। घटना स्थल पर ही मृतक के छोटे भाई प्रेमलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला कायम किया था। सायबर सेल राजनांदगांव और पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ की टीम ने कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण एवं संदेहियों को हिरासत में लेकर मृतक प्रीतम साहू के बड़े बेटे ललित कुमार साहू (20) और मृतक की पत्नी हुमेश्वरी बाई साहू (40) से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ललित और उसकी सौतेली मां हुमेश्वरी ने पुलिस को बताया कि, मृतक प्रीतम हमेशा शराब पीकर घर में हंगामा करता था। वह धमकी देता था कि सारी जमीन बेच देगा और उन्हें घर से निकाल देगा। इस रोजाना के विवाद से वे दोनों त्रस्त थे। आरोपियों ने बताया कि, उन्होंने महिने भर पहले हत्या की योजना बना ली थी। 11 जून की रात करीब 12 बजे मौका पाकर ललित ने घर में रखे लोहे मुसर से सो रहे प्रीतम पर ताबड़तोड़ कई वार किए। इसके बाद हुमेश्वरी ने उसे हंसिया लाकर दिया जिससे भी ललित ने मृतक पर कई वार किए। आरोपियों ने हत्या में हस्तेमाल औजारों को छिपाने की कोशिश की। औजारों को साफ कर वे अपने रिश्तेदार के घर पहुंचे और अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रीतम की हत्या की झूठी खबर दी। पुलिस को इन दोनों के ही बयानों से शंका हुई और पूछताछ में उनसे सच उगलवा लिया। आरोपी मां-बेटे को जेल भेज दिया गया है।

# घरो से निकलने वाले गीला कचरा से एसएलआरएम सेन्टर में बन रहा जैविक खाद

## नर्सरी फुल पौधों के लिये अत्यंत उपयोगी खाद

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन घरो से निकलने वाले गीला एवं सुखा कचरे को स्वच्छता दीदीयॉ एकत्रिकरण करती है और उसे एसएलआरएम सेन्टरों में पृथककरण किया जाता है तथा गीला कचरा से सेन्टर में ही जैविक व वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। उक्त खाद उद्यानों, नर्सरी व पेड पौधों के लिये अत्यंत उपयोगी है, जिसे निगम के एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है। खाद के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बाजार एव घर से निकलने वाले कचरा जिसे स्वच्छता दीदीया डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला एवं सुखा कचरा संग्रहण करते है, जिसे एसएलआरएम सेन्टर में उनके द्वारा पृथककरण किया जाता है और गीला कचरा व पत्तिया आदि से खाद बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 60 दिन की प्रक्रिया में पीठ एवं कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद का निर्माण किया जाता है, प्रक्रिया के तहत डी-कम्पोस्ट व गोबर घोल डालकर उलट पलट किया जाता है, जिसे 60 दिन के उपरांत जैविक तथा वर्मी खाद का उत्पादन होता है। बताया गया कि जैविक तथा वर्मी खाद किचन गार्डन, सब्जी बागवानी, घरों के उद्यानों, तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी है। यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीला कचरा व पत्तियों आदि से बनाया जाता है, इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, जिस कारण से यह खाद फसलों, सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद का पर्याप्त भण्डारण निगम के पास है, जिसे नवागॉव, रेवाडीह, लखोली व मोहारा के एसएलआरएम सेन्टर से बाजार मूल्य से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात में फसलों, नर्सरी, पेड पौधों सब्जी के उत्पादन में उक्त खाद बहुत उपयोगी व उपजाउ साबित होगा।

# अवैध फैक्ट्री के निर्माण की शिकायत उद्योग विभाग ने जारी किया नोटिस

## सोमनी में ग्रामीणों ने किया विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम सोमनी में बस स्टैंड से लगी बस्ती के बीच अवैध तरीके से फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। संचालक द्वारा ग्राम पंचायत व प्रशासन से किसी तरह की अनुमति नहीं ली है। बगैर पंचायत की एनओसी के ही संचालक द्वारा कृषि भूमि पर फैक्ट्री का नवनिर्माण करा रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने निर्माण पर रोक लगाने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित जिला प्रशासन व उद्योग विभाग में शिकायत की है। इस शिकायत के बाद उद्योग विभाग ने मंगलवार को फैक्ट्री संचालक अमर सिंह को नोटिस जारी कर विभागों से अनुमति व जारी किए सहमति पत्र की जानकारी मांगी है। ग्रामीणों ने बताया कि रहवासी क्षेत्र में ट्रक, जेसीबी, हाइवा का लेथ फैक्ट्री है, जिसमें उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर व कटर गैस ज्वलंतशील पदार्थ का भंडारण रखा गया है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। इस कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीण पहले भी इस अवैध फैक्ट्री के संचालन का विरोध कर चुके हैं। लेकिन संचालक अपनी मनमानी कर फैक्ट्री का निर्माण करा रहे हैं। बस्ती के बीच लेथ व वेल्डिंग फैक्ट्री का संचालन होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने फैक्ट्री के सामने व गांव के मुख्य चौक पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों की इस चेतावनी के बाद प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल उद्योग विभाग के महाप्रबंधक ने लेथ व वेल्डिंग फैक्ट्री के संचालक को नोटिस जारी कर दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# जीत का जश्न...15 को सीएम विस अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष आएंगे

## राजनांदगांव विस के कार्यकर्ताओं से चर्चा होगी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव लोकसभा में मिली जीत कार्यकर्ताओं के साथ साझा करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 जून को यहां आएंगे। वे विधानसभा के कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। वहीं राजनांदगांव विधानसभा के विधायक और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अलावा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव और प्रभारी मंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से कार्यकर्ताओं के साथ रूबरू होने वाले इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हो गई है। सीएम और अन्य आला नेता बैठक में 15 जून की देर शाम मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि राजनांदगांव विधानसभा में मिली बढ़त से भाजपा की जीत की राह आसान हुई। नतीजतन भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को जीत मिली। राजनांदगांव में एकतरफा पार्टी के पक्ष में पड़े वोट बढ़त दिलाने में सहायक रहे। राजनांदगांव विधानसभा में भाजपा को 57 हजार की लीड मिली।

इसी बढ़त से भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हुआ। बताया जा रहा है कि एक निजी होटल में मुख्यमंत्री साय और विस अध्यक्ष रमन सिंह 4 बजे के बाद कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष मुलाकात करेंगे। दरअसल, यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के उत्साह बढ़ाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आला नेता कार्यकर्ताओं की मेहनत और उनकी रणनीति के सफल होने पर धन्यवाद देने के लिए मौजूद रहेंगे। भाजपाध्यक्ष पटेल की अगुवाई में तैयारी जोरों पर है।

# रक्तदान शिविर में नगर के युवाओं ने किया रक्तदान मेकाहारा रायपुर की मेडिकल टीम ने किया सहयोग



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जन कल्याण सेवा समिति गंडई जिला केसीजी छग के द्वारा दुर्ग रोड स्थित जैन व्यवसायिक परिसर में सोमवार 10 जून को रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में मॉडल ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर से डॉ खालिदा, डॉ रविशंकर, डॉ रश्मि, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट गिरीश ठाकुर, लोमश ठाकुर, हेमा कश्यप, काउंसलर वर्षा चौधरी, शोभराम साहू, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा ने सेवाएं दी। आयोजक समिति ने बरसात मौसम में पौधारोपण और सामूहिक विवाह जैसे जनहित कार्यो में अपनी समय देकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की बात कही है, इस शिविर में 18 वर्ष से 65 वर्ष के महिला पुरुष ने रक्तदान किया है। रक्तदान करने के पूर्व रक्तदाता का ब्लड टेस्ट और बीपी टेस्ट कर प्रति यूनिट 350 एमएल ब्लड लिया गया। शिविर में ब्लड डोनेट करने राजनांदगांव से फणेंद्र जैन भी पहुंचे थे, जिन्होंने शिविर में अपना 119 वीं बार रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने आए सभी रक्तवीरों को रक्तदान हेतु प्रमाणपत्र, अभिनंदन पत्र, रक्तदान प्रचारक बैग प्रदान कर फल, बिस्किट व जूस पिलाया गया। जिला रक्त वीर संगठन संघ अध्यक्ष रक्तमित्र फनेन्द्र जैन ने समिति का आभार प्रकट किया। आयोजक समिति के अध्यक्ष चेतन सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

# एसडीएम की रेड में 1 जेसीबी व 3 हाईवा जब्त बनहरदी गांव समीप मुरुम उत्खनन व परिवहन





पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अनुभाग क्षेत्र में इन दिनों कृषि भूमि सुधार तथा खेत समतलीकरण के नाम पर मुरुम उत्तखनन व परिवहन शबाब पर है। इस अवैध कृत्य में माफिया ही नही, अपितु किसान भी यदाकदा शामिल हटाये जा रहे हैं। मखन्न माफिया द्वारा किसान को सामने रख कर मुरुम आया अवैध खनन व परिवहन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिकायत के मद्देनजर एसडीएम मनोज मरकाम ने ब्लॉक के ग्राम बनहरदी समीप कृषि भूमि में अवैध मुरुम उत्खनन में लिप्त एक जेसीबी सीजी 23 सी 0249 सहित 3 हाइवा, सीजी 24 एम 5968, सीजी 07 सीसी 8088 को जब्त किया है। इस संदर्भ में एसडीएम ने पॉयनियर को बताया कि राजनांदगाँव निवासी अंकित जैन नामक व्यक्ति द्वारा किसान दीपक साहू के खेत में समतलीकरण के नाम से उत्खनन कर अवैध परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई दौरान क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित एएसआई मेश्राम मौजूद थे।

### आधे वाहन मौके से रफूचक्कर

एसडीएम ने मीडिया को बताया कि अवैध उत्खनन व परिवहन में लगभग 7 से 8 वाहन लिप्त होने की जानकारी आई थी। रेड दरम्यान आधे वाहन रफूचक्कर हो गए। उल्लेखनीय है कि इन दिनों राजस्व विभाग द्वारा ईट, गिट्टी, रेत व मुरुम से भरे वाहनों पर धरपकड़ अभियान चला रही है। हालांकि गत दिनों ईट पर राजस्व अमले की कार्रवाई सन्देह के घेरे में आ गई है, राजनैतिक नुमाइंदों सहित आमजनों में सेटिंग की चर्चा होने लगी है।

# ग्रामीण दंपत्ति को जिंदा जलाने की कोशिश, साँकरदाहरा के कन्हारपुरी में मध्यरात्रि की घटना, पुरुष 70 फीसदी झुलसे, मेकाहारा राजधानी रेफर



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित मोक्षधाम साँकरदाहरा के सन्निकट कन्हारपुरी में एक ग्रामीण दंपत्ति को जिंदा जलाने की कोशिश करने की घटना सामने आई है। घटना को अज्ञात लोगों द्वारा मध्य रात्रि में ज्वलनशील पदार्थ के सहारे ग्रामीण दंपत्ति को जलाने कोशिश की गई है। पुरुष लगभग 70 फीसदी झुलस गया है, जिन्हें राजधानी रेफर किया गया है। वहीं महिला आंशिक हताहत हुई है। सूत्रों से जानकारी मुताबिक कन्हारपुरी निवासी अशोक लेंझारे, 52 वर्ष 11जून की मध्य रात्रि सो रहे थे। तभी कुछ लोग अकस्मात ही घर में घुसकर अशोक के ऊपर कुछ ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी। इनके चीखने पर लघुशंका के लिए गई उनकी पत्नी दौड़ते आई तो अपने पति को आग में जलते देख बचाने की कोशिश की। तब अज्ञात लोगों ने उन्हें भी आग लगाने की कोशिश की। तब तक चीख चिल्लाहट से पड़ोसियों की आहट से अज्ञात लोग भाग खड़े हुए। इस घटना के बाद कन्हारपुरी के ग्रामीण दहशत में हैं।

ग्रामीणों की माने तो अशोक को आग में झुलसते देख तत्काल ही डायल 112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव नगर पहुँचाया। अस्पताल में दंपत्ति का प्राथमिक उपचार के बाद 70 फीसदी जल चुके अशोक को राजधानी रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक डोंगरगांव थाना में घटना की प्राथमिकी दर्ज नही कराई गई है।

## जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की कार्यकारिणी की बैठक

# स्टेट लेवल हॉकी टूर्नामेंट 20 से, जुलाई में राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा हॉकी की नर्सरी



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

20 जून से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में स्टेट लेवल हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसकी तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। वहीं 21 जुलाई से हॉकी की नर्सरी में दूसरी बार वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का धमाल देखने को मिलेगा। गुरुवार को जिला हॉकी संघ की बैठक में यह जानकारी दी गई। स्टेट लेवल के लीग टूर्नामेंट के लिए जिले की टीम बनाने चुनने आशा थॉमस और अनुराज श्रीवास्तव को जूनियर वर्ग व किशोर धीवर और शकिल अहमद को सबजूनियर वर्ग के लिए चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। ठाकुर प्यारे स्कूल में आयोजित बैठक संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव शिवनारायाण धकेता की उपस्थिति में संम्पन्न हुई। संघ के अध्यक्ष ने पिछले कार्यकाल में किये कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने इस वर्ष भी संघ को मिले दायित्व को साझा किया। 5वीं छत्तीसगढ राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में 20 से 28 जून तक सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका वर्ग के मैच होंगे। जूनियर वर्ग में आयोजन सचिव अनुराज श्रीवास्तव व सबजूनियर वर्ग का आयोजन सचिव प्रिंस भाटिया को बनाया गया। टूर्नामेंट के संयोजक नीलम जैन, महेंद्र ठाकुर होंगे। उक्त बैठक में जिला हॉकी संघ के नीलमचंद जैन, भूषण साव, आशा थॉमस, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, भागवत यादव, अब्दुल कादिर, महेन्द्र ठाकुर, प्रिंस भाटिया, अनुराज श्रीवास्तव, तुलसी सिन्हा, शकिल अहमद, राजेश निर्मलकर, जावेद खान, किशोर धीवर, अभिनव मिश्रा, आशीष सिन्हा, खुशाल यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

### प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे

जिला हॉकी संघ के सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि हॉकी इंडिया ने दूसरी जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी है। वेस्ट जोन के लिए संचालन समिति के संयोजक वरिष्ठ हॉकी खिलाडी भूषण साव को नियुक्त किया गया है। आयोजन सचिव फिरोज अंसारी होंगे। बैठक में सदस्यों ने निर्णय लिया कि वर्तमान में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किया जाए। साथ ही अगस्त माह में सीनियर मार्निंग हॉकी प्रतियोगिता 2024 का और सितम्बर- अक्टूबर में जिला हॉकी लीग आयोजन किये जाने संबंध में चर्चा की गई।

# ग्रामीणों का आरोपी, अवैध उत्खनन करवा रहे नेता ने धमकाया

## जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पार्रीकला में मुरुम के अवैध खनन का विरोध बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। जिसमें उन्होंने भाजपा नेता पप्पू चंद्राकर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचे पार्रीकला के ग्रामीणों ने बताया कि पप्पू चंद्राकर ने गांव में करीब 3 एकड़ शासकीय भूमि में मुरुम का अवैध खनन किया है।

अवैध उत्खनन का विरोध ग्रामीणों ने पहले भी किया। लेकिन विरोध करने वाले ग्रामीणों को अब पप्पू चंद्राकर द्वारा धमकाया जा रहा है। पप्पू भाजपा का ग्रामीण मंडल का मंत्री है। आरोप है कि, राजनीतिक धौंस दिखाकर वह ग्रामीणों के विरोध को दबाने का प्रयास कर रहा है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने पप्पू चंद्राकर पर कार्रवाई की मांग की है। बीते दिनों ग्रामीणों ने मुरुम के अवैध परिवहन में लगे वाहनों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था। इसके बाद गांव में बैरिकेडिंग भी कर दी गई है।

# केन्द्रीय टीम ने वनांचल नगरी में जल संरक्षण और विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय टीम के दो सदस्यीय दल ने दूसरे दिन जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री का निरीक्षण किया। इस दौरान शासन की योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री आवास निर्माण, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, कुपोषण, आजीविका इत्यादि कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही पीपरहीभर्री में किसान द्वारा तैयार किए जा रहे मिश्रित फलोद्यान का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। बताया गया कि 17 किसानों को वनाधिकार पट्टा मिला है और मिट्टी का परीक्षण हुआ है, यहां पौधरोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही 10 डबरी, 5 तालाब और 12 नग डाईक बनाए गए हैं। सभी का किसान क्रेडिट कार्ड बना है और भूमि सुधार किया गया है। इसके अलावा बच्चों में कुपोषण दूर करने यहां आंगनबाडी केन्द्र भी संचालित है। साथ ही कमार परिवारों को रोजगार मुहैय्या कराया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री



जनमन योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि शासन की विभिन्न योजनाओं से कमार हितग्राहियों को लाभान्ति करना है। यहां 130 बसाहट और 11 सर्कल हैं। इस अवसर पर लता नेताम ने बताया कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए नुक्कड नाटक कर बैठक ली गई। बरनी बाई ने बताया कि उन्होंने अपनी भूमि का समतलीकरण किया है और उनके द्वारा दलहनी फसल लिया जाएगा। बीसी सखी संतोषी मरकाम ने बताया कि वे विभिन्न पेंशनए महतारी जतन योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के पौसों का लेनदेन करतीं हैं और नया खाता खोलती हैं। वहीं अंजली मण्डावी ने बताया कि वे स्व सहायता समूह से जुडकर अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड लाभान्वित कर रहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जनमन योजना से हर घर को लाभ मिल रहा है। इससे सभी लोग जुड रहे हैं। विशेष पिछडी से पिछडी जनजाति बनेंगे। समाज में सुधार हो रहा है। प्रदान संस्था के बेनीपुरी ने बताया कि गांवों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टा प्रदाय किया गया है। मटियाबहार के 11 हजार से अधिक हेक्टेयर का वनाधिकार मिला है। इस अवसर पर डायरेक्टर एसएम राव ने कार्यों के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में ग्रामीणों से पूछा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जो लाभ ले रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास के लिए शिक्षा निहायत जरूरी है, यह अच्छा प्रयास है। जब सभी मिलकर किसी उद्देश्य के लिए काम करते हैं, तो सफलता जरूर मिलती है। इसमें समाज एवं अन्य लोगों का योगदान महत्वपूर्ण है। राव ने कहा कि जिले में अच्छे कार्य हो रहे हैं, जिसे देखने दिल्ली से लोग आ रहे हैं। प्रशासन मिल.जुलकर जो काम कर रहा है, उसे देखकर लगता है कि बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, जिसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। इससे आपको शिक्षा, सडक सहित अन्य मूलभूत सुविधायें मिल रहीं हैं। डायरेक्टर बिमल कुमार ने कहा कि जितना जोश प्रशासन में है, उतना ही यहां की जनता में है। आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ यहां के परिवार ले रहे हैं, यह काफी खुशी की बात है। कलेक्टर गांधी ने कहा कि आप अपने विकास के लिए आगे आ रहे हैं, इसे देखने दिल्ली से लोग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछडे शब्द को हटाना है, दलहन फसलों को अपनाना है। यह शुरूआत है, आगे और जाना है। आप इसे अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करते रहें।

# भीषण गर्मी को देखते हुए एक जुलाई से स्कूल खोलने उठी मांग

## सहायक शिक्षक फेडरेशन ने की संवेदनशील सरकार व जिलाधीश से गुजारिश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

जिले में इन दिनों नवतपा के बाद भी भीषण गर्मी से हर वर्ग हाहाकार है। गर्मी से लोग बेहाल है। मौसम विज्ञानियों ने भी आगामी हफ्ते तक लू चलने की चेतावनी जारी किए है। इन सभी के बीच स्कूल भी 18 जून से खुलना शासन ने तय किया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े संघठन के छ. ग. सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयुक्त सचिव विजेंद्र चैहान ने इस आदेश को निरस्त कर 1 जुलाई से खोले जाने का गुजारिश किया है। फेडरेशन की जिला इकाई ने भी रायगढ़ जिलाधीश से भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल



खुलने के तिथि में बदलाव की मांग उठाई है। दरअसल नवतपा के बाद भी प्रदेश मे पड़ रहे भीषण गर्मी,लू, गर्म हवाएं के चलते डीहाइड्रेशन की शिकायत बढ़ गई है। सुबह 9 बजे के बाद घरों से निकलना दुभर हो रहा है। बच्चे बड़े अधिकांश वर्ग इसकी चपेट में आकर बीमार हो रहे है निजी व सरकारी अस्पताल में ओपीडी संख्या भी बढ़ रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के समस्त शालाओ को 1 जुलाई से खुले इस पर अपना मांग शासन प्रशासन के सामने रखा है, इसके अलावा प्रदेश मे चल रहे एफएन एल ट्रेनिंग को भी जुलाई के पहले सप्ताह मे करने को कहा है। सहायक शिक्षक फेडरेशन ने प्रदेश में शासन 18 जून से समस्त स्कूलो को खोलता है तो इस मौसम को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ने का संभावना जताए रहे है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने 1 जुलाई से स्कूल को खोले जाने का गुजारिश की है और सरकार से उक्त मौसम के मद्देनजर संवेदनशीलता का परिचय देने की मांग किए है। वहीं एफएल एन प्रशिक्षक संचालित है उसको जुलाई के प्रथम सप्ताह मे कराए कराए जाने की बात कही है। ताकि शिक्षकों के स्वास्थ्य पर भी किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े।

### पदम पुरस्कार के लिए मंगाए गए 18 तक ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत श्पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्रीह्व पुरस्कार 2025 के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्यध्पात्र व्यक्ति यों के नामांकन प्रस्ताव 18 जून तक ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप संचालक समाज कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे-कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, विज्ञान और इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवा के लिए प्रदाय किया जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी जातिध्व्यवसाय हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।इन पुरस्कारों से संबंधित विधान नियमावली वेबसाईट पर उपलब्ध है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले के मागदर्शन में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12.06.2024 को बालगृह मुंगेली में कंचन लता आचला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में बच्चों को आत्मनिर्भर बनने एवं सुरक्षित रहते हुए देश के हर विभाग के



प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भूमिकाओं को बढ़ाने व संविधान द्वारा प्रदत्त अवसर में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए एक सशक्त समाज का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया गया और साथ ही साथ उक्त शिविर में उपस्थित बच्चों को संविधान के मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्य, बाल श्रम कानून, पॉक्सो एक्ट, भा.द.सं. की धारा 354, 354, साइबर अपराध आदि कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त कंचन लता आचला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा जिला जेल मुंगेली एवं ग्राम पंचायत बर्दुली में भी विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पैरालीगल वालिंटियर्स भी उपस्थित रहें।

### नजूल शिविर इण्डोर स्टेडियम धमतरी में 14 जून को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार धमतरी नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजूल प्रकरण फ्री होल्ड, नवीनीकरण, शिकायत आवेदन के सबंध मेंह्व नजूल भू.भाटक, पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना उपकर, पिछला बकाया व अर्थदण्ड की राशि की वसूली, नजूल से संबंधित आरआरसी की वसूली अन्य विविध वसूली के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में शक्रवार 14 जून को इण्डोर स्टेडियम धमतरी में नजूल शिविर लगेगा। इस शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठापारा, अम्बेडकर, नयापारा, रामसागरपारा, डाकबंगला, सोरिदभाट, जोधापुर, विवेकानन्द नगर, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड,टिकरापारा और रिसाईपारा पूर्व वार्ड के लोग सम्मिलित होंगे।

# 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा थानाक्षेत्र के वार्डों और गांवों में मुखबीर सक्रिय कर सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल शाम थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि अमलीभौना इंदिरा आवास



रोड़ पर एक युवक प्लास्टिक थैला में महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है पुलिस ने रेड कार्यवाही कर अमलीभौना इंदिरा आवास रोड़ सैलून दुकान के पास आरोपी अर्जुन सारथी पिता कैलाश सारथी उम्र 24 साल निवासी अमलीभौना थाना जूटमिल को पकड़ा गया जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक पन्नी में भरा 20 लीटर महुआ शराब कीमती 3000 की जप्ती की गई है। आरोपी पर थाना जूटमिल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध, अपराध सिद्ध होने पर होगा एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना

**रायगढ़।** जिले के नदियों-नालों, छोटी नदियों और उनकी सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के लिए तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे)निर्मित किये गये हैं, ऐसे सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में मत्स्याखेट करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास या 10 हजार रूपये जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। सहायक संचालक मछली पालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि(प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम की धारा के तहत 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतरू निषिद्ध रहेगा।

# नेशनल पॉवरलिफ्टिंग में जशपुर की अवंतिका ने जीता सिल्वर मेडल, जिले का बढ़ाया मान




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली बुराड़ी में 7-10 जून 2024 के बीच अयोजित नेशनल अनइक्विप्ड सब जूनियर, जूनियर पावरलिफ्टिंग और नेशनल डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में अवंतिका भगत ने 63 किलोग्राम वर्ग में 21 राज्यों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर पुनः एक बार जशपुर जिला को गौरवान्वित किया। है, ज्ञात हो कि इसके पूर्व 21 अप्रैल 2024 को रायपुर (सी.जी.) में आयोजित राज्य एवं राष्ट्रीय ओपन डेडलिफ्ट चैंपियनशिप दोनों ही प्रतियोगिताओ में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है।वर्तमान में आयरन जेनरेशन जिम जशपुर के मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार भगत से पावरलिफ्टिंग का प्रशिक्षण ले रही है।

# विभिन्न खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक मंगाया गया है। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। राष्ट्रीय एवं अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है। ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने वर्ष 2021-22 व 2022-23 में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय एवं अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किया है, वे अपना आवेदन संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी. ई. रोड रायपुर अथवा जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी में जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 03 लाख रूपए, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 01 लाख रूपए, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01 लाख 50 हजार, शहीद विनोद चैबे सम्मान एवं शहीद पंकज विक्रम सम्मान के लिए 25-25 हजार रूपए नगद प्रदान किया जाएगा। इसी तरह सीनियर एवं जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्राफी प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति (डाइट मनी) के लिए भी जिनखिलाड़ियों ने गत वर्ष अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रनितिधित्व किया हो, खेलवृत्ति हेतु आवदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अलग-अलग वर्षों के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

# बुजुर्ग से रास्ता रोककर मारपीट, लूटपाट करने वाले 03 युवक गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

थाना चक्रधरनगर में ग्राम भोजपल्ली निवासी प्रसन्न कुमार गुप्ता (उम्र 65 वर्ष) द्वारा गांव के दिनेश शर्मा और चार युवकों द्वारा रास्ता रोककर मारपीट, लूटपाट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 10 जून के रात्रि जेएमजे अस्पताल में भर्ती अपने बेटे के लिए घर से खाना लेकर अपनी इंडिगो कार से अस्पताल आ रहा था, रात्रि करीब 09.30 बजे गांव के प्राथमिक स्कूल भोजपल्ली के पास गांव के दिनेश शर्मा, अमित साहू, अमन गुप्ता, भोलानाथ खड़िया और चंद्रहास किसान मिलकर गाड़ी को रोके और कार नीचे उतारकर गाली गलौज करते मारपीट किये तथा इसके जेब में रखे 11,500 लूटकर भाग गए, रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 395 आईपीसी का अपराध कायम कर आरोपियों



की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया जिसमें पुलिस ने आरोपी अमन गुप्ता, चंद्रहास किसान, भोलानाथ खड़िया को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश पर दिनेश शर्मा और अमित साहू के साथ घटना कारित करना स्वीकार किये हैं। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी अमन गुप्ता से 900, चंद्रहास किसान से 1000 तथा भोलानाथ खड़िया से 1000 की जप्ती की गई है, आरोपियों ने कुछ रकम को खाने पीने में खर्च कर देना बताए हैं। गिरफ्तार आरोपी अमन गुप्ता पिता गौतम गुप्ता उम्र 25 साल निवासी विश्वनाथपाली थाना चक्रधरनगर, चंद्रहास किसान पिता सनत राम किसान उम्र 24 साल ,भोलानाथ खड़िया पिता सुखदेव खड़िया उम्र 24 साल दोनों निवासी भोजपल्ली थाना चक्रधरनगर को कल न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के दो नामजाद आरोपी दिनेश शर्मा और अमित साहू फरार है, चक्रधरनगर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर लगा रखी है।

# लिव इन में रह रही महिला की हत्या आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पूंजीपथरा पुलिस ने उड़ीसा बॉर्डर पालीघाट के पास दबिश देकर पकड़ा, जिसे कल हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 19 अप्रैल को वृंदावती धनवार निवासी पूंजीपथरा द्वारा थाना पूंजीपथरा में मर्ग इंटीमेशन रिपोर्ट दर्ज कर बतायी कि धनीराम कॉलोनी में सविता उर्फसंतोषी पति चित्रसेना साहू उम्र 43 वर्ष निवासी ऊपरपारा थाना पूंजीपथरा उसके पति चित्रसेन साहू और तीन माह के बच्चे के साथ रहती थी। 19 अप्रैल को चित्रसेन साहू कॉल कर बताया कि सविता के साथ 18 अप्रैल को मारपीट किया है, सविता घर में सोई है। तब अपने पति के साथ जाकर सविता को देखी, सविता ने चित्रसेन साहू के मारपीट करने से चल फिर नहीं पाना और



चित्रसेन को इलाज के लिए डॉक्टर खोजने गया है बताई। तब इन्हें डॉक्टर बुला रहे हैं कहकर अपने घर वापस आ गई थी, थोड़ी देर बाद जाकर देखी तो सविता की मौत हो चुकी थी। चित्रसेन को फोन कर किराए मकान पर बुलाये, चित्रसेन अपनी पहली पत्नी के साथ आया और सविता के बच्चे को लेकर दोनों पति-पत्नी भाग गए। थाना पूंजीपथरा में मर्ग धारा 174 सीआरपीसी कायम कर मर्ग जांच पर 21 अप्रैल को आरोपी चित्रसेन साहू के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से आरोपी चित्रसेन फरार था जिसकी गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मुखबीर लगा रखे थे। कल आरोपी को पालीघाट क्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने अपराध स्वीकार कर बताया कि वर्ष 2018 से प्रेम संबंध बनाकर सविता उर्फ संतोषी मांझी को पत्नी की तरह किराया मकान में रखा था जिसकी ओर से एक 03 माह का बच्चा है, सविता द्वारा शराब पीने से मना करने और बार बार पैसे मांगने की जीद से परेशान होकर 18 अप्रैल को झगड़ा मारपीट पर सविता को हाथ मुक्का से मारपीट किया और रोटी बनाने वाले बेलन से सविता के सिर, सीना में मारकर चोट पहुंचाया था।

## पिछले 3 माह से कांटा खराब होने की वजह से 300 से 700 किलोग्राम का हो रहा हर गाड़ी में शॉर्टेज

# कोयला शॉर्टेज से त्रस्त ट्रेलर मालिक संघ ने एसईसीएल व नाप तोल विभाग को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

कांटा खराब होनें के कारण कोयले के शार्टेस त्रस्त ट्रेलर मालिक संघ ने आज एसईसीएल और नापतोल विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए कांटा में सुधार की मांग उठाई है। जिला में ट्रेलर मलिक कल्याण संघ के सदस्य आज तकरीबन 50 की संख्या में एस. ई.सी. एल.मुख्यालय रायगढ़ पहुंचे और मुख्य प्रबंधक के नाम एक पत्र के संबंध में दिए रायगढ़ जिला किला मलिक का कहना है कि पिछले तीन महीना से लगातार बरोद, बिजरी,जामपाली खदानों में 300 से 500 किलो का शॉर्टेज जा रहा है। बार-बार प्रबंधन से बात करने के बाद सभी एरिया के उप प्रबंधक अभी तक कोई हल नहीं निकाल पाए हैं जिस गाड़ी मालिकों को प्रतिमा प्रति गाड़ी करीब 15 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है संघ के सदस्यों में ज्ञापन देते हुए यह साफ-साफ



कहा कि आगामी 10 दिनों में अगर एस.ई.सी.एल. कांटों का सुधार नहीं करता है तो मजबूरी बस हम जिले की सभी खदानों से डिस्पैच बंद कर देंगे,जिससे कोयले की आपूर्ति उद्योगों को नहीं हो पाएगी जिससे बिजली व्यवस्था बाधित होगी और इस सबका जिम्मेदार एस.ई.सी. एल.होगा। संघ के पदाधिकारी का कहना है कि इसके पूर्व में भी हम तीन बार उप प्रबंधकों को पत्र देकर के कांटा दुरुस्त करने का निवेदन कर चुके हैं लेकिन खदान के कर्मचारी और मुख्य महाप्रबंधक की मिली भगत से कांटे में शॉर्टेज का खेल लगातार जारी है समझने वाली बात यहां यह होगी की प्रतिदिन जो 100 से 200 टन कोयला शॉर्टेज के रूप में बचाया जाता है वह आखिर जाता कहां है? कोल इंडिया इस प्रकार की धनौली बरसों से करती चली आ रही है लेकिन अब तो हद ही हो गई है अगर यह समस्या जल्दी नहीं सुलझी तो जिले में एक बड़े आंदोलन किया शंका साफ-साफदिखाई दे रही है। संघ के संरक्षक सतीश चौबे ने कहा- आगामी 10 दिनो के अंदर कांटा में अगर सुधार नहीं किया जाएगा तो जिले में एक बड़ा आदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एस. ई.सी. एल. की होगी। संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष यादव ने कहा लगातार पिछले 3 महीने से हम कोसीस कर रहे है की इस समस्या का हाल निकल जाएं,लेकिन इन अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है, क्योंकि अधिकारियों के इस गड़बड़ का खामियाजा गाड़ी मालिक उठा रहे है क्योंकि शार्टेज के रूप में हर महीने एक बड़ा रकम काट लिया जाता है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से संरक्षक सतीश चौबे, संरक्षक अजय प्रताप, यूनियन के जिलाअध्यक्ष आशीष यादव, कमलेश सिंह, प्रशांत तिवारी, प्रभा शंकर साही, विवेक पटेल, मुकेश चैरसिया, एजाज अहमद, नरेश यादव, उमेश सिंह,राकेश सिंघानिया, जीवन जायसवाल, दादा, कृष्णा जिंदल, सुधांशु सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।

### विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 जून तक

**मुंगेली।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जमकोर अंतर्गत विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि कौशल विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं नवीन विनियम 2023 लाईवलीहुड कॉलेज अंतर्गत सेल्फ एम्प्लाईड टेलर, फैशन डिजाईनर, टैक्सी ड्राईवर, मोबाईल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेकनीशियन, जैम-जेली एवं केचअप प्रोसेसिंग टेकनीशियन, बेकिंग टेकनीशियन/ऑपरेटिव, सैरेमिक एंड टेराकोटा टॉय मेकर, हैण्डलूम बीवर/कॉरपेट वीवर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन, फ्रंट ऑफिस एक्ज्यूकेटीव,

# नाबालिग बालिका का शारीरिक शोषण की जानकारी मिलने पर मामले को तत्काल संज्ञान में लिया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का शारीरिक शोषण की जानकारी मिलने पर मामले को तत्काल संज्ञान में लिया। उन्होंने संबंधित आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने और बालिका की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए तत्काल ईलाज कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बता दें कि विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम छतौना के निवासी गौकरण कश्यप के विरुद्ध इस मामले में एफआईआर दर्ज कराया गया है। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नाबालिग बालिकाओं को इस तरह की अप्रिय घटना से बचने और किसी भी व्यक्ति के झांसे एवं बहकावे में न आने की अपील की है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजूबाला शुक्ला ने बताया कि 06 माह पहले युवक बालिका को अपने साथ भगाकर ले गया था और उसके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, जिससे बालिका गर्भवती हो गई। जिसके बाद बालिका का गर्भपात कराया गया। जिसके कारण बालिका गंभीर रूप से कमजोर हो गई। युवक व उसके परिजनों द्वारा बालिका को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। बालिका किसी तरह भागकर अपने घर पहुंची और अपने परिजनों के साथ थाने जाकर युवक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि बालिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए ईलाज कराई जा रही है।

# देवभोग के घने जंगल में खतरों से जूझते हुए की बिजली आपूर्ति बहाल

## मुख्यमंत्री साय एवं सचिव दयानंद ने सराहा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मानसून के पहले आए आंधी तूफान से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को सुधारने के लिए प्रदेशभर में बिजली कमी जी-जान लगाकर जुटे हुए हैं। राजधानी से 250 किलोमीटर दूर देवभोग के घने जंगल में आंधी तूफान के कारण 11 जून को पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गए, जिसे विद्युत अमले ने त्वरित गति से कार्य करते हुए आधी रात को ही सुधारकर उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति बहाल की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व्दारा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मौसम की चुनौतियों का सामना कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले विद्युतकर्मियों की सराहना की है। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने भी कर्मियों के साहस और समपज़्ण की प्रशंसा की और उन्हें इसके लिए बधाई दी, वहीं धैर्य रखने के लिए आम जनता को धन्यवाद प्रेषित किया है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि रात 11 जून को तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण शाम साढे छह बजे 33 केवी देवभोग फीडर लाइन फॉल्ट(बंद) हो गई। जिसे शीघ्र ही देवभोग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग कार्य प्रारंभ किया गया। घने व लंबी दूरी तक के जंगल, सीमित मानव संसाधनों, हाथी व नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद विद्युत कर्मियों ने रात में ही पेट्रोलिंग कार्य जारी रखा। कार्यपालन अभियंता गरियाबंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों को सुरक्षित रहते हुए, सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिये तथा सुधार कार्यो की निरतंर जानकारी लेते रहे। कार्यपालक निदेशक वर्मा फोन पर व व्हाट्सएप्प संदेश के माध्यम से विद्युत बहाली हेतु रात्रि में जारी विद्युत कमिज़्यों के लगातार संपर्क में रहे। विद्युत कर्मचारियों व्दारा नक्सल प्रभावित व हिंसक वन्य प्राणियों की मौजूदगी वाला क्षेत्र होने के बाद भी गाड़ियों और पैदल पेट्रोलिंग करते हुए, घुप्प अंधेरे में टार्च की रोशनी तथा बरसते पानी के बीच लगातार अपनी जान की परवाह किये बगैर सुधार कार्य जारी रखा। रात 10.43 बजे नाला एबी स्विच के पास पहला फाल्ट, रात 10.51 बजे बुडगेलटप्पा के पास दूसरा फाल्ट इसी प्रकार धुरवागुड़ी नाला एबी स्विच के पास रात 12.22 बजे तीसरा फाल्ट मिला। लाइनों में गिरे पेड़ों और पेड़ों की डालियों को काटकर लाइनों से अलग किया गया। 50 किमी लंबी लाइन की पेट्रोलिंग और 5 से 6 घंटे की अथक मेहनत से किये गए सुधार कार्य के बदौलत रात 12.48 बजे 179 ग्रामों की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बहाल कर ली गई। इस प्रकार पूरी रात आपूर्ति दुरूस्त करते हुए बीती। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व होने के कारण रखरखाव कार्य की अपनी सीमाएं हैं,बाध्यताओं को देखते हुए टहनियों की कटाई-छंटाई हो पाती है। इसलिए प्रिवेंटिव मेंटेनेंस का कार्य कठिन होता है,लेकिन ब्रेकडाउन मेंटेनेंस की जरूरत को विद्युतकर्मियों ने जोखिम लेते हुए पूर्ण किया।

# निगम की बड़ी कार्रवाई: भाठागांव भर्री खार में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर पर लगाई रोक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्रवाई लगातार जारी है। नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 नगर निवेश विभाग ने जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, सुमेधा साहू की उपस्थिति में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखजीज़ वार्ड क्रमांक 61 के तहत भाठागांव भर्री खार क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग स्थल पर अज्ञात प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनाई गयी अवैध मुरुम रोड को काटकर आवागमन बाधित करते हुए कारगर रोक लगाई। नगर निगम जोन 6 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निदेशज़्नुसार नगर पालिक निगम जोन नम्बर 6 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के तहत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नम्बर 61 के क्षेत्र भाठागांव भर्री खार में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर बनाई गयी अवैध मुरूम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से स्थल पर काटकर आवागमन को बाधित कर अवैध प्लाटिंग पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी है. स्थल में लगभग 2 ट्रक मुरूम जब्त की गयी है। नगर निगम जोन क्रमांक 6 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर निजी भूमि के वास्तविक भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन क्रमांक 6 के नगर निवेश विभाग को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। तहसील कार्यालय से जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सम्बंधित अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही हेतु नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

# जल संरक्षण व संवर्धन के लिए रायपुर जिला प्रशासन की अभिनव पहल

## ‘मेरी जिंदगी पानी की बूंदों से’ कार्यशाला आज शहीद स्मारक भवन में

### मशहूर पॉन्डमैन रामवीर तंवर, वॉटर एक्सपर्ट कुंडलेश्वर पाणिग्रही होंगे प्रमुख वक्ता

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




जल संरक्षण व संवर्धन के सम्यक प्रयासों को नया आयाम देने जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मेरी जिंदगी पानी की बूंदों से कार्यशाला का आयोजन आज मध्यान्ह 12 बजे से शहीद स्मारक भवन में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देश के ख्यातिलब्ध पर्यावरणविद् और पॉन्डमैन के नाम से मशहूर रामवीर तंवर विशेष रूप से सम्मिलित होने दिल्ली से आ रहे है। इस कार्यशाला में भू-जल व वर्षा जल संरक्षण की दिशा में लम्बे समय से अपनी सेवाएं दे रहे जल विशेषज्ञ कुंडलेश्वर पाणिग्रही सहित शहर के भू-जल विशेषज्ञ, पर्यावरणविद् व जल संरक्षण में जुटे विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# आदिवासी नौनिहालों के आईआईटी में पढ़ने का सपना पूरा कर रहा है प्रयास विद्यालय

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर का प्रयास विद्यालय नामी कोचिंग संस्थानों को टक्कर दे रहा है। बारहवीं में पढ़ रहे यहां के 32 बच्चों ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई कर देश की विभिन्न आईआईटी और समकक्ष राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश के लिए पात्रता हासिल की है। देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों में प्रवेश पाने वाले ज्यादातर विद्यार्थी बारहवीं के बाद एक-दो वर्ष की तैयारी वाले होते हैं। लेकिन प्रयास विद्यालय के 32 बच्चों ने बारहवीं की पढ़ाई के साथ-साथ ही देश के श्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली जेईई की कठिन प्रतियोगी परीक्षा में देशभर के लाखों बच्चे बैठते हैं। हाल ही में 9 जून को घोषित जेईई एडवांस्ड के नतीजों में रायपुर प्रयास विद्यालय के कुलदीप कुमार ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 459 हासिल किया है। वहीं ओमप्रकाश नेताम को ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 473 और रुद्राक्ष भगत को ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 825 मिला है। ये तीनों बच्चे राज्य के सुदूर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कोंडागांव और सरगुजा के गरीब आदिवासी परिवारों से आते हैं। इनके साथ पढ़ने वाले त्रिलोक पैंकरा ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 1123, लीलाधर ठाकुर ने 1174, पंकज रावटे ने 1592, गैंद लाल ने 1638, आदर्श राज पैंकरा ने 1661 और शुभम कश्यप ने 1801 ऑल इंडिया केटेगरी रैंक हासिल की है। ये सभी भी राज्य के सुदूर अधिसूचित विकासखंडों के कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चे हैं। प्रयास विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में इन बच्चों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। रायपुर का प्रयास विद्यालय कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की पढ़ाई के साथ ही होनहार आदिवासी नौनिहालों का आईआईटी, एनआईटी एवं समकक्ष श्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में पढ़ने का सपना पूरा कर रहा है। विगत अप्रैल में यहां के 64 बच्चों ने जेईई मेन्स क्वालीफाई कर जेईई एडवांस्ड के लिए पात्रता हासिल की थी जिनमें से 32 बच्चों ने अब जेईई एडवांस्ड भी क्वालीफाई कर लिया है। जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले बच्चे जहां देश की विभिन्न आईआईटी एवं समकक्ष संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे, वहीं जेईई मेन्स क्वालीफाई करने वाले बच्चे एनआईटी एवं समकक्ष संस्थानों में पढ़ने का अपना सपना पूरा करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली जेईई की कठिन प्रतियोगी परीक्षा क्वालीफाई कर पिछले पांच वर्षों में प्रयास विद्यालय रायपुर के 51 छात्रों ने देश की विभिन्न आईआईटी में प्रवेश प्राप्त किया है। वहीं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में 94 बच्चों का चयन हुआ है। रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास विद्यालय में राज्य के वनांचल और दूरस्थ अधिसूचित क्षेत्रों के बच्चे पढ़ रहे हैं। कक्षा नवमीं से बारहवीं तक यहां करीब 700 बच्चे अध्ययनरत हैं। शिक्षण सत्र 2023-24 में गणित विषय लेकर 166 छात्र पढ़ रहे थे। प्रयास विद्यालय की प्राचार्या मंजुला तिवारी बताती हैं कि ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को यहां बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दृष्टिकोण से अध्यापन किया जाता है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403